* ओड़िशा संस्करण
15 जनवरी, 2024
पौष, शुक्ल पक्ष, चतुर्थी
संवत 2080
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00
रांची
सोमवार, वर्ष 09, अंक 86

# आजाद सिपाही

कलम कलम बढ़ाये जा

WILD WAADI PARK
An Entertainment Hub
एशिया का तीसरा सबसे बड़ा फ्लावर पार्क
अब रांची में

HAJAM ROAD, RANCHI (JH.)
Contact Now : 9304816880

राम मंदिर
प्राण प्रतिष्ठा काउंटडाउन
07 दिन शेष


FLORENCE
Group of Institutions
(A Unit of Haji Abdur Razzaque Educational Society)
Irba, Ranchi-835219, Jharkhand

Admission OPEN 2024-25
PLACEMENT Assistance Scholarship Facility Available
PHARMACY D-PHARM
NURSING ANM GNM POST BASIC B.SC. BASIC B.SC. M.SC.
PARAMEDICAL DRESSERS DMLT ECG X-RAY OPHTHALMIC ASST. OT ASSISTANT
Separate Hostel For Boys & Girls
M.: 9031231082, 7903999411, 6205145470
E-mail : fsnirba@gmail.com
Website : www.florenceinstirba.com

## मकर संक्रांति पर पीएम मोदी ने गायों को चारा खिलाया



● पोंगल समारोह में मोदी ने उपहार में दिया शॉल

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** मकर संक्रांति के अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने आवास पर गायों को चारा खिलाया। गायों के बीच घास खिलाते हुए पीएम मोदी की तस्वीरें जम कर वायरल हो रही है। यह पहला मौका नहीं है, जब पीएम मोदी का गो-प्रेम सबके सामने आया हो। तस्वीरों में साफ दिख रहा है कि पीएम मोदी गुड़ और घास को बड़े प्रेम से गाय को खिला रहे हैं। इस दौरान गायों का झुंड पीएम मोदी के आस-पास दिखायी दे रहा है। पीएम मोदी गायों को चारा दे रहे हैं।

केंद्रीय राज्यमंत्री एल मुरुगन के आवास पर आयोजित पोंगल उत्सव में पीएम मोदी ने शिरकत की। इस दौरान कार्यक्रम में प्रस्तुति देनेवाली एक बच्ची को पीएम मोदी ने अपना ही शॉल उपहार में दे दिया। कार्यक्रम में एक युवा गायक ने प्रस्तुति दी। इसके बाद गायिका ने पीएम मोदी के पैर छुए, जिसके बाद पीएम मोदी ने उन्हें अपना शॉल ही इनाम के तौर पर दे दिया। इस दौरान पीएम मोदी ने कहा कि देश में कल लोहड़ी का त्योहार मनाया गया। कुछ लोग आज मकर संक्रांति मना रहे हैं और कई लोग कल मनायेंगे। मैं देशवासियों को इन त्योहारों के लिए शुभकामनाएं देता हूं। पीएम मोदी ने कहा कि उन्हें अपने परिजनों के साथ पोंगल मनाने का मन कर रहा है। उन्होंने कहा कि आप सभी को पोंगल की हार्दिक शुभकामनाएं! इस पवित्र अवसर पर मैं कामना करता हूं कि आपके जीवन में सुख, समृद्धि और संतुष्टि आये। आज, मुझे ऐसा लग रहा है कि मैं अपने परिजनों के साथ पोंगल मना रहा हूं।

## राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा शुरू

# पीएम मणिपुर के आंसू पोंछने नहीं आये : राहुल

आजाद सिपाही संवाददाता

**इंफाल।** कांग्रेस सांसद राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा 14 जनवरी से मणिपुर के थौबल से शुरू हुई। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने यात्रा को हरी झंडी दिखायी। यात्रा से पहले राहुल गांधी ने एक सभा को संबोधित करते हुए कहा कि 2004 से मैं राजनीति में हूं। पहली बार मैं हिंदुस्तान के एक ऐसे प्रदेश में गया, जहां शासन व्यवस्था ध्वस्त हो गयी थी, जिसे हम मणिपुर कहते थे, वह मणिपुर रहा ही नहीं, लेकिन प्रधानमंत्री आपके



आंसू पोंछने, आपसे गले लगने नहीं आये। मणिपुर में भाई-बहन, माता-पिता आंखों के सामने मरे और आज तक हिंदुस्तान के प्रधानमंत्री मणिपुर में आपके आंसू पोछने, गले मिलने नहीं आये। ये शर्म की बात है। राहुल ने आगे कहा- हम आपकी सुनने आये हैं, मन की बात सुनाने नहीं। वहीं, मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि मोदी जी समंदर में सैर करने जाते हैं, राम-राम जपते हैं, लेकिन मणिपुर नहीं आते। उनके मुंह में राम और बगल में छुरी है। राहुल के साथ अशोक गहलोत, सचिन पायलट, दिग्विजय सिंह, सलमान खुर्शीद, आनंद शर्मा और राजीव शुक्ला जैसे कई सीनियर नेता मणिपुर पहुंचे। भारत जोड़ो न्याय यात्रा 15 राज्यों के 110 जिलों को कवर करेगी। इसमें राहुल 6700 किमी का सफर तय करेंगे। यात्रा 20 मार्च को मुंबई में खत्म होगी।

## इडी आज विनोद कुमार सिंह से करेगी पूछताछ

दो दर्जन से अधिक लोगों को समन भेजा, पूछताछ होगी

छापेमारी के दौरान साहिबगंज में 30 खातों को किया था फ्रीज

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** इडी ने बीते 3 जनवरी को साहिबगंज में छापेमारी करने के बाद विभिन्न बैंकों में मौजूद 30 खाते को फ्रीज करवाया था। इन खातों से जुड़े दो दर्जन से अधिक लोगों को इडी ने समन भेज कर पूछताछ के लिए बुलाया है। इन लोगों से 17 जनवरी से पूछताछ की जायेगी। वहीं कारोबारी विनोद कुमार सिंह से इडी सोमवार को पूछताछ करेगी।

अब तक की जांच में इडी को यह जानकारी मिली है कि किराये पर लिये गये अकाउंट का भी प्रयोग किया गया है। सेल कंपनियों के जरिए निवेश करने के भी साक्ष्य मिले हैं। इन खातों में करोड़ो रुपये की लेनदेन हुई है। इसके अलावा सर्च ऑपरेशन में साहिबगंज डीसी रामनिवास यादव के कैंप कार्यालय से 7.25 लाख रुपये, नाइन एमएम के 19 कारतूस, प्वाइंट 380 एमएम के दो कारतूस और प्वाइंट 45 के पांच खोखे भी मिले हैं। बड़े पैमाने पर दस्तावेज भी जब्त किये गये।

इससे पहले इडी ने 11 जनवरी को साहिबगंज डीसी रामनिवास यादव को पूछताछ के लिए बुलाया था। हालांकि वह इडी के समक्ष उपस्थित नहीं हुए थे। झारखंड कैबिनेट सचिव वंदना दादेल ने इडी को पत्र लिख कर यह जानकारी मांगी है कि वह राज्य सरकार के अफसरों को किस आधार पर पूछताछ के लिए समन कर रही है।

## न्यूज रील्स

### 15 मार्च तक भारत अपने सैनिक हटाये : मालदीव सरकार

माले (मालदीव)। मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू ने भारत से 15 मार्च तक सेना वापस बुलाने को कहा है। पांच दिवसीय चीन दौरे के बाद आक्रामक तेवर दिखा रहे राष्ट्रपति मुइज्जू ने कहा है कि उनकी सरकार की यही नीति है। भारत को अपने 88 सैनिक दो महीने के भीतर वापस बुलाने होंगे।

### मिलिंद देवड़ा शिवसेना में शामिल

मुंबई। मिलिंद देवड़ा ने रविवार को शिवसेना (शिंदे गुट) ज्वाइन कर ली। मिलिंद, दिग्गज कांग्रेसी नेता रहे मुरली देवड़ा के बेटे हैं। मिलिंद ने इस्तीफे की जानकारी सोशल मीडिया पर दी थी। उन्होंने लिखा- आज मेरे राजनीतिक सफर का एक महत्वपूर्ण अध्याय खत्म हुआ। मैंने कांग्रेस की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे दिया है। इसके साथ पार्टी के साथ मेरे परिवार का 55 साल पुराना रिश्ता खत्म हो गया।

## आदिम जनजाति महिलाओं से आज बात करेंगे पीएम मोदी

संतोष कुमार

**बिशुनपुर (आजाद सिपाही)।** पीएम जनमन कार्यक्रम के तहत देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सोमवार को बिशुनपुर प्रखंड के अति संवेदनशील आदिम जनजाति परिवारों की पांच महिलाओं से करेंगे बात। इस दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आदिम जनजाति के लोग पूर्व में कैसे जीवन बसर कर रहे थे और अब जनमन एवं अन्य सरकारी योजनाओं के लाभ मिलने के बाद उनकी जीवन शैली में क्या बदलाव आया है और किस-किस सरकारी योजना का लाभ उन्हें मिल चुका है, इसकी जानकारी लेंगे। इधर कार्यक्रम को लेकर



गुमला उपायुक्त कार्यक्रम के हरेक पहलू पर विशेष नजर रखे हुए हैं। उन्होंने कार्यक्रम स्थल पर रविवार शाम विभिन्न विभाग के पदाधिकारी एवं कर्मियों के साथ बैठक कर कार्यों की जिम्मेवारी सौंपी एवं कार्यक्रम की सफलता के लिए कई आवश्यक दिशा निर्देश दिये।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जनजातीय मामले के केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा द्वारा लाभुकों के बीच परिसंपत्ति का वितरण किया जायेगा। आयोजित कार्यक्रम में खास तौर पर 600 आदिम जनजाति परिवार के लाभुक पारंपरिक परिधान में कार्यक्रम में शामिल होंगे।

## 25 को पीएम करेंगे नये मतदाताओं को संबोधित

### नये मतदाता लिखेंगे नयी कहानी, मोदी को बनायेंगे तीसरी बार पीएम : बाबूलाल

● नव मतदाता सम्मेलन का रजिस्ट्रेशन नंबर 7820078200 जारी

● झारखंड के सभी 81 विधानसभा क्षेत्र में नव मतदाता सम्मेलन

आजाद सिपाही संवाददाता

**साहिबगंज।** 25 जनवरी को मतदाता दिवस पर मतदाता सम्मेलन को लेकर भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने साहिबगंज परिसदन में प्रेसवार्ता करते हुए कहा कि नये मतदाता आनेवाले 2024 चुनाव में नयी




कहानी लिखने को तैयार हैं। उन्होंने कहा कि 2024 में पूरे देश में लोकसभा और झारखंड में विधानसभा चुनाव होना है। झारखंड में 50 लाख नये मतदाता जुड़े हैं। नये मतदाता अपनी सरकार बनाने को उत्सुक हैं। नये मतदाताओं में उत्साह और उमंग है। वह हेमंत सोरेन सरकार को हर हाल में हटाना चाहते हैं।

उन्होंने कहा कि 25 जनवरी को मतदाता दिवस पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी नये मतदाताओं को वर्चुअल माध्यम से संबोधित करते हुए उनसे संवाद करेंगे। उन्होंने कहा कि पूरे देश में 5000 स्थानों पर कार्यक्रम होगा, जहां नये मतदाता उपस्थित रहेंगे। उन्होंने कहा कि झारखंड के सभी 81 विधानसभा क्षेत्र में नव मतदाता सम्मेलन होना है। इसमें लाखों की संख्या में युवा जुड़ेंगे और प्रधानमंत्री को सुनेंगे। उन्होंने कहा कि नये मतदाता नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने को तैयार हैं। इनके अंदर भारी उत्सुकता है। इस दौरान उन्होंने मतदाता सम्मेलन हेतु राष्ट्रव्यापी रजिस्ट्रेशन नंबर 7820078200 भी जारी किया। और नये मतदाताओं को उपरोक्त नंबर पर मिस्ड कॉल कर पंजीयन कराने का आग्रह किया। इस दौरान राजमहल विधायक अनंत ओझा, प्रदेश युवा मोर्चा के अध्यक्ष किसलय तिवारी भी उपस्थित थे।

## इंडिया ने न्यूजीलैंड को 3-1 से करारी शिकस्त दी

हॉकी ओलंपिक क्वालीफायर मैच

**रांची (आजाद सिपाही)।** हॉकी ओलंपिक क्वालीफायर के दूसरे दिन चौथे न्यूजीलैंड और इंडिया के बीच खेले गये रोमांचक मुकाबले में इंडिया ने 3/1 से न्यूजीलैंड को करारी शिकस्त दी। प्लेयर ऑफ द मैच सलीमा टेटे (इंडिया) को मिला। इससे पहले तीसरा मैच यूएस ओर इटली के बीच खेला गया। मोरहाबादी स्थित जयपाल सिंह एस्ट्रो टर्फ हॉकी



स्टेडियम में खेले जा रहे इस मैच में यूएस की टीम को झटका लगा। तीसरे मिनट में ही यूएस की खिलाड़ी सन्ने कार्ल्स को रेड कार्ड दे दिया गया। 20वें मिनट में एस्ले सेसा ने यूएस के लिए पहला गोल किया। इसके साथ यूएस ने 1-0 की बढ़त ले ली। मैच के दौरान यूएस की टीम को 8 पेनाल्टी कार्नर मिले, जबकि इटली को 3 पेनाल्टी कार्नर मिला। यूएस को एक पेनाल्टी स्ट्रोक भी मिला। 40वें मिनट में यूएस की खिलाड़ी एस्ले हॉफमैन को भी नियम का उल्लंघन करने पर रेड कार्ड दिया गया। इस बीच एस्ले हॉफमैन ने 48वें मिनट में दूसरा गोल दागकर टीम को सेफ जोन में पहुंचा दिया।

## ग्रैंड पैरेंट्स सम्मान समारोह 'छांव' 2023-24 का आयोजन

# दादा-दादी, नाना-नानी किये गये सम्मानित

■ मुख्य अतिथि बीआइटी मेसरा की निदेशक वंदना भट्टाचार्या ने दीप जला कर समारोह का किया उद्घाटन

■ लिटिल विंग्स स्कूल के विद्यार्थियों ने देशभक्ति नाटक प्रस्तुत कर उपस्थित लोगों का मन मोह लिया










बूटी मोड़ स्थित लिटिल विंग्स स्कूल में ग्रैंड पैरेंट्स का सम्मान समारोह 'छांव' 2023-24 का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि बीआइटी मेसरा की निदेशक वंदना भट्टाचार्या ने दीप जला कर समारोह का उद्घाटन किया। स्कूल की प्राचार्या नीता सिंह के द्वारा मुख्य अतिथि को गुडलक पॉट, शॉल और मोमेंटो प्रदान कर स्वागत किया गया। इस अवसर पर स्कूल के बच्चों के



सभी दादा-दादी एवं नाना-नानी को मुख्य अतिथि एवं प्राचार्या द्वारा शॉल एवं मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। दादा-दादी एवं नाना-नानी के सम्मान में छात्र एवं छात्राओं द्वारा विभिन्न प्रकार के सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश किये गये। इसके अलावा सम्मानित देशभक्ति नाटक भी स्कूल के छात्र एवं छात्राओं के द्वारा प्रस्तुत किया गया। मुख्य अतिथि एवं कार्यक्रम में आये सभी ग्रैंड पैरेंट्स ने इस कार्यक्रम कि सराहना की एवं इसे अद्भुत बताया। स्कूल निदेशक रमेंद्र कुमार एवं प्राचार्या नीता सिंह ने कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सभी अभिभावकों, ग्रैंड पैरेंटस, सभी शिक्षक एवं शिक्षिकाओं एवं स्कूल स्टाफ को धन्यवाद दिया।

(ए.डी.वी.टी.)

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
189200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Channel
आजाद सिपाही Subscribe NOW

सर्राफा
सोना (बिक्री) 59,400 रु./10 ग्राम
चांदी 77,000 रु./प्रति किलो

आजाद सिपाही
रांची, सोमवार, 15 जनवरी, 2024
www.azadsipahi.in



## श्री अयोध्या धाम और श्रीराम जन्मभूमि मंदिर पर विशेष शृंखलाः 4

# ऐसे प्रकट हुए रामलला और रहस्यमयी बंदर ने खुलवाया ताला!

- **कैसे एक काला बंदर कोर्ट की प्रक्रिया तक पूरे दिन फ्लैग पोस्ट को पकड़ कर बैठा रहा**
- **कैसे आदेश सुनाने के बाद ही वह वहां से गया और फिर जज के घर के बरामदे में बैठा पाया गया**
- **महिमा अपरंपार है भगवान श्रीराम की, कब कहां क्या हो जायेगा, कुछ कहा नहीं जा सकता**

**आजाद सिपाही विशेष**

**'अयोध्या कथा' तुलसीदास द्वारा रचित रामचरित मानस वाला 'अयोध्या कांड' नहीं है। यह कलयुग का 'अयोध्या कांड' है, जिसमें रामलला टेंट में हैं और बरसों की प्रतीक्षा है। एक तरफ राजनीति का शोर है, जहां सरयू की लहरों में इतिहास को समेटे एक ऐसी कहानी भी है, जिसे इतने विस्तार से न तो दिखाया गया है, न ही इसका उल्लेख उस गहराई में उतर कर प्रस्तुत किया गया है। कितने ही रहस्यों को अपने पहलू में समेटे यह अयोध्या है। इस अयोध्या की कहानी के हर मोड़ पर सस्पेंस है, हजारों मोड़ हैं और आस्था का ज्वार है। साथ ही राजनीति की मंझधार है और कटघरे में खड़ी कई सरकारें हैं। जैसे-जैसे अयोध्या में श्रीराम मंदिर के उद्घाटन का दिन नजदीक आता जा रहा है, पूरी दुनिया राममय होती जा रही है। क्या भारत और क्या दूसरे देश, हर जगह केवल एक ही चर्चा है और वह है अयोध्या और प्रभु श्रीराम का मंदिर। यह मंदिर केवल एक मंदिर नहीं है, बल्कि दुनिया भर के करोड़ों सनातनियों के स्वाभिमान, ताकत और संकल्प का प्रतीक है। इस पवित्र मंदिर से जुड़ी कई ऐसी कहानियां हैं, जो आज तक दुनिया के सामने नहीं आयी हैं। इन कहानियों को प्रभु श्रीराम की लीला के रूप में मान्यता मिली हुई है और इसीलिए कहा जाता है कि प्रभु की महिमा अपरंपार है। कब कहां क्या हो जायेगा, कहा नहीं जा सकता। आजाद सिपाही के पाठकों के लिए इन्हीं अनसुनी कहानियों को सामने ला रहे हैं आजाद सिपाही के विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**



राकेश सिंह

अयोध्या भारत की विरासत, परंपरा, सांस्कृतिक इतिहास और धार्मिक मूल्यों में गहरे तक धंसा हुआ है। अयोध्या वीतरागी है। अयोध्या की कलकल बहती सरयू की धार में एक तरह की निसंगता है। भक्ति में डूबी अयोध्या का चरित्र अपने नायक की तरह ही धीर, शांत और निरपेक्ष है। युद्ध का अर्थ हम सभी जानते हैं। अयोध्या का मतलब जिससे युद्ध किया जा सके। मनुष्य उसी से युद्ध करता है, जिससे जीतने की संभावना रहती है। यानी अयोध्या के मायने हैं, जिसे जीता न जा सके। आजाद भारत में अयोध्या को लेकर बेइंतहां बहसें हुईं। अयोध्या में 6 दिसंबर 1992 को जो कुछ हुआ, वह किसी भी हिंदू परंपरा में मान्य और प्रतिष्ठित नहीं है। पर वह हुआ क्यों? आज इस सवाल का जवाब भी टटोलने की कोशिश करते हैं। इस प्रश्न के जवाब के लिए हमें इतिहास की गहराई में उतरने की जरूरत है और पौराणिक तथ्यों से जुड़ी रिपोर्ट को खंगालने की जरूरत है। इसके लिए अयोध्या से जुड़ी कुछ किताबें, जैसे 'अयोध्याः द डार्क नाइट' और 'युद्ध में अयोध्या' जैसी पुस्तकों के सहारे पूरी कहानी को समझने की कोशिश की गयी।

### 1934 में भी तोड़े गये थे तीनों गुंबद

वह साल 1934 का दौर था। हिंदुओं की एक विशाल भीड़ ने बाबरी मस्जिद के तीनों गुंबद तोड़ दिये थे। फैजाबाद के अंग्रेज कलेक्टर ने बाद में इनका पुनर्निर्माण करवाया। उससे पहले के दौर में जायेंगे, तो 1855 में अयोध्या में भारी संघर्ष हुआ। नवाब वाजिद अली शाह की रिपोर्ट के अनुसार 12 हजार लोगों ने ढांचे को घेर लिया। ढांचे का हिस्सा उस वक्त भी गिरा था। तब के दोनों दौर में न विश्व हिंदू परिषद था और न ही राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, यानी अयोध्या के इन गुंबदों को लेकर आक्रोश हर काल में था।

### राम के साथ कैसे जुड़ा लला

अयोध्या विवाद के बारे में पढ़ते-सुनते हैं, तो राम मंदिर से ज्यादा रामलला का जिक्र आता है। प्रभु राम तो राम हैं। ऐसे में राम के साथ 'लला' शब्द कैसे जुड़ गया, इसकी कहानी बेहद रोचक है। 1949 में बाबरी मस्जिद वहां पर हुआ करती थी। गुंबद के ठीक नीचे राम की प्रतिमा रख दी गयी। यह प्रतिमा राम के बाल रूप की थी। अगली सुबह पूरे इलाके में खबर फैल गयी कि रामलला प्रकट हुए हैं। मूर्ति रखनेवाले चूंकि गुबंद के नीचे राम के जन्म की बात को बल देना चाहते थे, तो उन्होंने राम के साथ लला लगाया। संदेश यह कि राम प्रकट हुए, छोटे बालक हैं, लला हैं। इस बारे में तुलसीदास की एक चौपाई भी हैः

*भये प्रगट कृपाला दीनदयाला कौशल्या हितकारी। हर्षित महतारी मुनि मनहारी अद्भुत रूप विचारी।।*

अयोध्या के साढ़े आठ हजार छोटे-बड़े मंदिरों, मठों और आश्रमों में करीब चार सौ वर्षों से हर सुबह इन्हें गाया-बजाया जाता है। लेकिन 23 दिसंबर 1949 की सुबह अयोध्या में इन चौपाइयों के एक अलग ही मायने थे।

### रामलला के विराजने की कहानी

22 और 23 दिसंबर 1949 की एक सर्द कड़ाके की ठंड वाली लंबी काली रात थी। घने कोहरे में कुछ नहीं दिख रहा था। अयोध्या की तंग और संकरी गलियों के मंदिरों में भगवान विश्राम कर रहे थे। मठों में साधु सो रहे थे। 20 हजार की आबादी वाले इस शहर के चारों तरफ सन्नाटा पसरा था। आधी रात से कुछ पहले सरयू के किनारे लक्ष्मण किले के घाट पर पांच प्रमुख लोग इकट्ठा होते हैं। सरयू के किनारे इकट्ठा होनेवाले पांच लोगों में गोरखपीठ के महंत दिग्विजय नाथ, देवरिया के अहिंदीभाषी संत बाबा राघवदास, निर्मोही अखाड़े के बाबा अभिरामदास और दिगंबर अखाड़े के रामचंद्र परमहंस थे। इस गोपनीय ऑपरेशन में गीता प्रेस गोरखपुर के संस्थापक हनुमान प्रसाद पोद्दार 'भाइजी' भी व्यवस्था के लिए वहां मौजूद थे।

### कौन थीं वे पांच महान विभूतियां

महंत दिग्विजय नाथ क्रांतिकारी साधु थे। वह नाथपंथी समुदाय की शीर्ष पीठ गोरखपीठ के महंत थे। उत्तरप्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के गुरु अवैद्यनाथ थे और अवैद्यनाथ के गुरु दिग्विजय नाथ थे। दिग्विजय नाथ आजादी की लड़ाई के दौरान हुए चौरी-चौरा कांड में जेल भी गये थे। दिग्विजय नाथ को लॉन टेनिस का बहुत शौक था। अपने इसी प्रेम की वजह से वह गोंडा के कलेक्टर केके नायर और महाराजा बलरामपुर पटेश्वरी प्रसाद सिंह के करीब थे। तीनों अक्सर लॉन टेनिस खेलने के लिए गोंडा में एकत्रित होते थे।

> **23 दिसंबर 1949 की सुबह उजाला होने से पहले यह बात चारों तरफ जंगल की आग की तरह फैल गयी कि 'जन्मभूमि' में भगवान राम प्रकट हुए हैं। राम भक्त उस सुबह अलग ही जोश में गोस्वामी तुलसीदास की चौपाई 'भये प्रगट कृपाला' गा रहे थे। सुबह सात बजे के करीब अयोध्या थाने के तत्कालीन एसएचओ रामदेव दुबे रूटीन जांच के दौरान जब वहां पहुंचे, तब तक वहां सैकड़ों लोगों की भीड़ इकट्ठा हो चुकी थी। रामभक्तों की यह भीड़ दोपहर तक बढ़कर करीब पांच हजार तक पहुंच गयी। पुलिस और प्रशासन इस घटना को देख हैरान था।**

दूसरे संत बाबा राघवदास पुणे के चित्तपावन ब्राह्मण थे। 1920 में वह कांग्रेस में शामिल हुए और 1948 में अयोध्या विधानसभा का उपचुनाव हुआ और राम मंदिर मुद्दे पर पहला राजनीतिक टेस्ट साबित हुआ वह चुनाव। उस चुनाव में आचार्य नरेंद्र देव के खिलाफ कांग्रेस ने राघवदास को मैदान में उतार दिया और पंडित गोविंद वल्लभ पंत ने आचार्य नरेंद्र देव को मंदिर विरोधी करार देते हुए आक्रामक प्रचार किया। नतीजा राघवदास चुनाव जीत गये।



बिहार के छपरा के भगेरन तिवारी के बेटे चंद्रेश्वर तिवारी जब 1930 में अयोध्या आये, तो उस वक्त वह आयुर्वेदाचार्य थे। दिगंबर अखाड़े की छावनी में उनका नाम रामचंद्रदास रखा गया और काम मिला राम जन्मभूमि मुक्ति का। सरयू किनारे पहुंचे चौथे शख्स हनुमान पोद्दार गीता प्रेस गोरखपुर के संस्थापक थे। छह फुट के हठी साधु अभिरामदास की गिनती अयोध्या के लड़ाकू साधुओं में होती थी। वह दरभंगा के मैथिल ब्राह्मण थे।

### और जन्मस्थान पर पहुंच गये रामलला

उस रात इन सभी लोगों ने सरयू में स्नान किया और नये वस्त्र धारण किये। हनुमान प्रसाद पोद्दार 'भाइजी' अपने साथ भगवान राम की एक मूर्ति लाये थे। पूजन के बाद मूर्ति को एक बांस की टोकरी में रख कर अभिरामदास ने उसे सिर पर उठा लिया। यह समूह रामधुन गाता हुआ हनुमानगढ़ी की ओर बढ़ा। परिसर की सुरक्षा में लगे कोई दो दर्जन पुलिस वाले बाहर तंबू में सो रहे थे और अंदर दो सिपाहियों की ड्यूटी बारी-बारी से थी। इस दौरान आठ-दस साधुओं ने गर्भगृह में प्रवेश किया। पहले गर्भगृह की फर्श सरयू के पानी से धोयी गयी। फिर लकड़ी का एक सिंहासन रख उस पर चांदी का एक छोटा सिंहासन रखा गया और उस पर कपड़ा बिछा कर मूर्ति रखी गयी। मंत्रोच्चार के बीच मूर्ति में प्राण-प्रतिष्ठा हुई। 23 दिसंबर 1949 की सुबह उजाला होने से पहले यह बात चारों तरफ जंगल की आग की तरह फैल गयी कि 'जन्मभूमि' में भगवान राम प्रकट हुए हैं। राम भक्त उस सुबह अलग ही जोश में गोस्वामी तुलसीदास की चौपाई 'भये प्रगट कृपाला' गा रहे थे। सुबह सात बजे के करीब अयोध्या थाने के तत्कालीन एसएचओ रामदेव दुबे रूटीन जांच के दौरान जब वहां पहुंचे, तब तक वहां सैकड़ों लोगों की भीड़ इकट्ठा हो चुकी थी। रामभक्तों की यह भीड़ दोपहर तक बढ़ कर करीब पांच हजार तक पहुंच गयी। अयोध्या के आसपास के गांवों में भी यह बात पहुंच गयी थी। इस वजह से श्रद्धालुओं की भीड़ बालरूप में प्रकट हुए भगवान राम के दर्शन के लिए टूट पड़ी थी। पुलिस और प्रशासन इस घटना को देख हैरान था। आम बोलचाल की भाषा में प्रकट होने को 'राम विराजे' कहने लगे और यहीं से रामलला के साथ 'विराजमान' शब्द भी जुड़ गया।

### आदेश को ठुकरा दिया केके नायर ने

खबर आम लोगों के साथ ही सरकार के पास भी पहुंच गयी। तब केंद्र में थे जवाहरलाल नेहरू और वल्लभ भाई पटेल, जबकि राज्य में मुख्यमंत्री गोविंद वल्लभ पंत और गृह मंत्री लाल बहादुर शास्त्री। अयोध्या में कोई बवाल न हो, इसके लिए केंद्र और राज्य दोनों ही सरकारों ने तय किया कि अयोध्या में पहले वाली स्थिति बहाल की जाये। इसके लिए राज्य के मुख्य सचिव भगवान सहाय ने फैजाबाद के डीएम केके नायर को आदेश दिया कि रामलला की मूर्ति को मस्जिद से निकाल कर राम चबूतरे पर फिर से रख दिया जाये। यह आदेश 23 दिसंबर की दोपहर तक ही केके नायर के पास पहुंच गया था, लेकिन केके नायर ने आदेश मानने से इनकार कर दिया। जवाब लिखा कि ऐसा करने से अयोध्या और आसपास कानून-व्यवस्था की स्थिति खराब हो सकती है। इसके अलावा कोई भी पुजारी मस्जिद से निकाल कर मूर्ति को फिर से राम चबूतरे पर विधिवत स्थापित करने को तैयार नहीं है। गोविंद वल्लभ पंत नायर के तर्क से सहमत नहीं हुए। उन्होंने फिर से केके नायर पर दबाव डाला और बदले में केके नायर ने फिर से आदेश मानने से इनकार करते हुए अपने इस्तीफे की पेशकश कर दी। उन्होंने अपने इस्तीफे में सरकार को सुझाव दिया कि अब इस मामले को अदालत पर छोड़ दिया जाये। मुख्यमंत्री गोविंद वल्लभ पंत के पास दो रास्ते थे। पहला तो यह कि वह केके नायर का इस्तीफा स्वीकार कर लें और किसी दूसरे अधिकारी को तैनात करके मूर्ति को मस्जिद से बाहर राम चबूतरे पर लेकर आयें। दूसरा यह था कि वह केके नायर के सुझाये गये उपायों पर अमल करें। गोविंद वल्लभ पंत सरकार ने नायर का इस्तीफा नामंजूर कर दिया और सुझाये गये उपायों को अमल करने का आदेश दिया।

### बंदर ने खुलवाया मंदिर का ताला

22-23 दिसंबर 1949 की रात अयोध्या के विवादित परिसर में जो कुछ हुआ, उसकी आंच में देश एक नहीं, कई बार झुलस चुका है। यह झुलसन आज भी कायम है। अयोध्या में छुपे राज को समझने की खातिर इस दौर को जानना और भी अहम है।

साल 1950 में हिंदू महासभा के गोपाल सिंह विशारद और दिगंबर के महंत परमहंस रामचंद्र दास ने फैजाबाद अदालत में याचिका दायर कर जन्मस्थान पर स्वामित्व का मुकदमा ठोंका। दोनों ने वहीं पूजा-पाठ की इजाजत मांगी। सिविल जज ने भीतरी हिस्से को बंद रख कर पूजा-पाठ की इजाजत देते हुए मूर्तियों को न हटाने के अंतरिम आदेश दिये। 26 अप्रैल, 1955 को हाइकोर्ट ने 5 मार्च 1951 को सिविल जज द्वारा दिये गये इस अंतरिम आदेश पर मुहर लगायी। इसके बाद 1959 में निर्मोही अखाड़े ने एक दूसरी याचिका दायर कर विवादित स्थान पर अपना दावा ठोंका और स्वयं को राम जन्मभूमि का संरक्षक बनाया। 1961 में सुन्नी वक्फ बोर्ड ने मस्जिद में मूर्तियां रखे जाने के विरोध में याचिका दायर की और दावा किया कि मस्जिद और उसके आसपास की जमीन कब्रगाह है, जिस पर उसका दावा है। 29 अगस्त, 1964 को जन्माष्टमी के मौके पर मुंबई में विश्व हिंदू परिषद की स्थापना हुई। इस स्थापना में आरएसएस के प्रमुख सदाशिव गोलवलकर, संत तुकोजी महाराज आदि शामिल हुए।

### रामलला विराजमान कैसे बने पक्षकार

अयोध्या मामले में रामलला के पक्षकार बनने की कहानी दिलचस्प है। जिस मूर्ति में प्राण प्रतिष्ठा की गयी होती है, उसे हिंदू मान्यताओं में जीवित इकाई के तौर पर देखा जाता है। हालांकि यहां मूर्ति नाबालिग मानी गयी। देवकीनंदन अग्रवाल ने कहा कि रामलला को पार्टी बनाया जाये, क्योंकि विवादित इमारत में साक्षात भगवान रामलला विराजमान हैं। ऐसा माना जा रहा था कि मुस्लिम पक्ष, लॉ ऑफ लिमिटेशन यानी परिसीमन कानून के हवाले से मंदिर के पक्षकारों के दावे का विरोध करेगा। 1963 का लॉ ऑफ लिमिटेशन यानी परिसीमन कानून, किसी विवाद में पीड़ित पक्ष के दावा जताने की सीमा तय करता है। हिंदू पक्षकारों के दावे के खिलाफ मुस्लिम पक्ष इस कानून के हवाले से यह दावा कर रहा था कि सदियों से वह विवादित जगह उनके कब्जे में है और इतना लंबा समय गुजर जाने के बाद हिंदू पक्षकार इस पर दावा नहीं जता सकते। इसके बाद रिटायर्ड जज देवकीनंदन अग्रवाल इस मुकदमे में बतौर रामलला की बाल्यावस्था के दोस्त बन कर शामिल हो गये थे। राम के दोस्त देवकीनंदन अग्रवाल के इस मुकदमे के पक्षकार बनते ही यह मुकदमा परिसीमन कानून के दायरे से बाहर आ गया और कानूनी दांव-पेंच के गलियारे में इस मुकदमे ने रफ्तार पकड़ ली।

रामलला विराजमान की तरफ से मुकदमा लड़ा इलाहाबाद हाइकोर्ट के रिटायर्ड जज देवकीनंदन अग्रवाल ने और इसी दलील को मानते हुए इलाहाबाद हाइकोर्ट ने रामलला विराजमान को पार्टी पक्षकार माना। देवकीनंदन अग्रवाल के निधन के बाद विश्व हिंदू परिषद के त्रिलोकी नाथ पांडेय ने रामलला विराजमान के पक्षकार के तौर पर कमान संभाली।

गर्भगृह का ताला किसने खुलवाया था, यह ऐसा सवाल है, जिसके जवाब में बहुत लोग कहेंगे कि जज साहब ने खुलवाया था या प्रशासन ने खुलवाया था। लेकिन अगर आपको कहा जाये कि ताला एक बंदर ने खुलवाया था, तो किसी को भी हंसी आ जायेगी। लेकिन यह सौ फीसदी सच है। फैजाबाद के जिला जज रहे कृष्णमोहन पांडेय ने विवादित ताला खोलने का फैसला दिया था।

> **अयोध्या में कोई बवाल न हो, इसके लिए केंद्र और राज्य दोनों ही सरकारों ने तय किया कि अयोध्या में पहले वाली स्थिति बहाल की जाये। इसके लिए राज्य के मुख्य सचिव भगवान सहाय ने फैजाबाद के डीएम केके नायर को आदेश दिया कि रामलला की मूर्ति को मस्जिद से निकालकर राम चबूतरे पर फिर से रख दिया जाये। यह आदेश 23 दिसंबर की दोपहर तक ही केके नायर के पास पहुंच गया था, लेकिन केके नायर ने आदेश मानने से इनकार कर दिया। जवाब लिखा कि ऐसा करने से अयोध्या और आसपास कानून-व्यवस्था की स्थिति खराब हो सकती है।**

जब वह फैसला लिख रहे थे, तो उनके सामने एक बंदर बैठा था। उसकी भी बड़ी दिलचस्प कहानी है।

1 फरवरी 1986 को फैजाबाद के जिला न्यायाधीश ने विवादित स्थल पर हिंदुओं को पूजा की इजाजत दे दी। इस घटना के बाद मुसलमानों ने वहां नमाज पढ़ना बंद कर दिया। इस घटना के बाद नाराज मुसलमानों ने बाबरी मस्जिद एक्शन कमेटी का गठन किया। फैजाबाद के जिला न्यायाधीश के फैसले के 40 मिनट के भीतर राज्य सरकार ने उसे लागू करा दिया, यानी शाम 4.40 पर अदालत का फैसला आया और 5.20 पर विवादित इमारत का ताला खुला।

### ऐसे लिखी गयी ताला खोलने की पटकथा

साल 1986 की 1 फरवरी को राम जन्मभूमि का ताला खोला गया था। उस वक्त देश के प्रधानमंत्री थे राजीव गांधी। स्वभाव से सरल इंसान राजीव गांधी अपनी राजनीतिक जीवन की सबसे बड़ी और कड़ी परीक्षा दे रहे थे। इंदिरा के पहले राजनीतिक वारिस संजय गांधी की मौत और फिर मां की हत्या के बाद प्रधानमंत्री बने राजीव गांधी की पहली परीक्षा हुई शाहबानो प्रकरण में, जब पांच बच्चों की मां को पति मोहम्मद अहमद खान ने तीन तलाक देकर घर से निकाल दिया था। यह मामला सुप्रीम कोर्ट पहुंचा और कोर्ट ने शाहबानो के पक्ष में फैसला सुनाया। शुरू में तो राजीव इस फैसले से खुश थे और राजीव सरकार के मंत्री आरिफ मोहम्मद खान ने इस फैसले के समर्थन में संसद में लंबा भाषण भी दिया। बाद में राजीव गांधी ने कुछ मुस्लिम कट्टरपंथियों के दबाव के आगे झुक कर इस फैसले को संसद में पलट दिया। दूसरी तरफ राजीव गांधी के इस फैसले को मुस्लिम तुष्टिकरण का आरोप लगाते हुए भाजपा ने लपक लिया और उसका साथ आरएसएस ने भी दिया। विहिप ने पूरे देश में राजीव गांधी के खिलाफ आंदोलन शुरू कर दिया। धार्मिक आधार पर बंटे समाज और सियासत के इसी नाजुक मोड़ पर राम मंदिर का ताला खोलने की पटकथा लिखी गयी। इसके सूत्रधार थे राजीव गांधी के ममेरे भाई और उस वक्त के आंतरिक सुरक्षा मंत्री अरुण नेहरू। 1 फरवरी को राम मंदिर का ताला खोला गया और उसके चार दिन बाद 5 फरवरी को संसद में वह बिल आया, जिसके जरिये राजीव गांधी ने शाहबानो प्रकरण पर सुप्रीम कोर्ट का फैसला पलट दिया था। बाद में ऐसा भी दावा किया जाता है कि आरएसएस ने राजीव की चुनाव में मदद की थी, जिसके बदले राजीव गांधी ने अयोध्या में ताला खोला था। 1984 में हुआ लोकसभा चुनाव एक ऐसा चुनाव था, जिसमें भारतीय चुनाव इतिहास में सीट के हिसाब से कांग्रेस को सबसे बड़ी जीत मिली थी। 523 सीटों के लिए हुए चुनाव में राजीव के नेतृत्व में अकेले कांग्रेस को 415 सीटें मिली थीं। लेकिन यह जीत कांग्रेस अपने दम पर हासिल नहीं कर पायी थी। राशिद किदवई की किताब 'ए शॉर्ट हिस्ट्री ऑफ द पीपुल बिहाइंड द फॉल एंड द राइज ऑफ द कांग्रेस' के अनुसार कांग्रेस को इतनी बड़ी सफलता संघ की मदद से मिली थी। कांग्रेस के पूर्व नेता बनवारीलाल पुरोहित (जो तब नागपुर से लोकसभा सांसद थे) का दावा है कि आरएसएस के तत्कालीन सर संघचालक बालासाहेब देवरस और राजीव गांधी के बीच मीटिंग कराने में उन्होंने मुख्य भूमिका निभायी थी। बनवारीलाल पुरोहित का कहना था कि राजीव गांधी ने उनसे पूछा कि क्या वह संघ प्रमुख बालासाहब देवरस को जानते हैं। इस पर राजीव गांधी ने उसने राय लेनी चाही कि अगर संघ को राम जन्मभूमि के शिलान्यास की अनुमति दे दी जाती है, तो क्या वह कांग्रेस को समर्थन देगा।

### रहस्यमयी बंदर की कहानी

जज कृष्णमोहन पांडेय ने 1991 में छपी अपनी आत्मकथा में लिखा है कि जिस रोज वह ताला खोलने का आदेश लिख रहे थे, तो उनकी अदालत की छत पर एक काला बंदर पूरे दिन फ्लैग पोस्ट को पकड़ कर बैठा रहा। वे लोग, जो फैसला सुनने के लिए अदालत आये थे, उस बंदर को फल और मूंगफली देते रहे। पर बंदर ने कुछ नहीं खाया। आदेश सुनाने के बाद ही वह वहां से गया। फैसले के बाद जब डीएम और एसएसपी उन्हें उनके घर पहुंचाने गये, तो उन्होंने उस बंदर को अपने घर के बरामदे में बैठा पाया। उन्होंने उसे प्रणाम किया। वह कोई दैवीय ताकत थी।

### कारसेवक ने खून से लिखा 'सीताराम'

उत्तरप्रदेश में तब मुलायम सिंह यादव मुख्यमंत्री हुआ करते थे। हिंदू साधु-संत अयोध्या कूच कर रहे थे। उन दिनों श्रद्धालुओं की भारी भीड़ अयोध्या पहुंचने लगी थी। प्रशासन ने अयोध्या में कर्फ्यू लगा रखा था। इसके चलते श्रद्धालुओं को प्रवेश नहीं दिया जा रहा था। पुलिस ने बाबरी मस्जिद के डेढ़ किलोमीटर के दायरे में बैरिकेडिंग कर रखी थी। कारसेवकों की भीड़ बेकाबू हो गयी थी। पहली बार 30 अक्टूबर, 1990 को कारसेवकों पर चली गोलियों में पांच लोगों की मौत हुई थी। इस गोलीकांड के दो दिनों बाद ही 2 नवंबर को हजारों कारसेवक हनुमान गढ़ी के करीब पहुंच गये, जो बाबरी मस्जिद के बिल्कुल करीब था। प्रशासन उन्हें रोकने की कोशिश कर रहा था, लेकिन 30 अक्टूबर को मारे गये कारसेवकों के चलते लोग गुस्से से भरे थे। हनुमान गढ़ी के सामने लाल कोठी की संकरी गली में कारसेवक बढ़े चले आ रहे थे। पुलिस ने सामने से आ रहे कारसेवकों पर फायरिंग कर दी, जिसमें करीब ढेड़ दर्जन लोगों की मौत हो गयी। यह सरकारी आंकड़ा है। इस दौरान ही कोलकाता से आये कोठारी बंधुओं की भी मौत हुई थी। दिगंबर अखाड़े के नुक्कड़ पर लोग पुलिस की गोलियों से सड़कों पर गिर रहे थे। एक जगह पुलिस के फेंके गये आंसू गैस के गोलों को दोबारा उठा कर वापस उनकी तरफ फेंक रहा था। उसने आंख के आसपास चूना लगा रखा था, ताकि आंसू गैस के गोलों का असर न हो। थोड़ी ही देर में वह व्यक्ति पुलिस की गोली का शिकार होकर सड़क पर गिर गया और वहीं बीच सड़क पर उसने अपने खून से लिख दिया, 'सीताराम'।

सत्यमेव जयते
भारत सरकार

# जनजातीय कल्याण को समर्पित मोदी सरकार



## देश भर के 188 जिलों के

## प्रधानमंत्री जनजाति आदिवासी न्याय महा अभियान (पीएम जनमन)

## के लाभार्थियों से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का संवाद

(वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से)

15 जनवरी 2024 दोपहर 12:00 बजे

### पीएम जनमन से जनजातीय समुदाय का बदल रहा जीवन

**प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण)**
1 लाख
पक्का घर स्वीकृत
लागत: ₹2390 करोड़

**जल जीवन मिशन (जेजेएम)**
बचे हुए 1830
गाँवों में नल से स्वच्छ जल स्वीकृत
लागत: ₹220 करोड़

**संशोधित वितरण क्षेत्र योजना (आर डी एस एस)**
70,000
घरों का विद्युतीकरण
लागत: ₹300 करोड़

**पीएम जनमन विकास योजना**
450
मल्टीपर्पज सेंटर स्वीकृत
लागत: ₹270 करोड़

**यूनिवर्सल सर्विस ऑब्लिगेशन फंड (यूएसओएफ)**
206
मोबाइल टावर के माध्यम से 503 गाँवों में दूरसंचार सुविधा स्वीकृत
लागत: ₹240 करोड़

**प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना**
1200 किलोमीटर
सड़क स्वीकृत
लागत: ₹900 करोड़

**पीएम जनजातीय विकास मिशन**
405
वन धन विकास केन्द्र स्वीकृत
लागत: ₹20 करोड़

**समग्र शिक्षा अभियान**
HOSTEL
100 हॉस्टल
जनजातीय छात्रों के लिए स्वीकृत
लागत: ₹275 करोड़

**आंगनवाड़ी सेवाएं**
916
आंगनवाड़ी केंद्र स्वीकृत
लागत: ₹125 करोड़

**राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन**
100
मोबाइल मेडिकल यूनिट कार्यशील
लागत: ₹34 करोड़

**8 हजार** से अधिक कैंप के माध्यम से 10 लाख से अधिक लाभार्थी जुड़े

**2.5 लाख** लाभार्थी किसान सम्मान निधि के लिए चिन्हित

सैचुरेशन अभियान के तहत बने **82 हजार** नए आयुष्मान कार्ड

और बने **70 हजार** नए आधार कार्ड

CBC 43101/13/0019/2324

जनजातीय सशक्तिकरण
विकसित भारत

**कार्यक्रम का सीधा प्रसारण डीडी न्यूज पर**

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
189200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
No 1 Channel
आजाद सिपाही Subscribe NOW



## महत्वपूर्ण खबरें

### शिवपुरी में शोभायात्रा निकाल कर बांटा गया अक्षत और निमंत्रण पत्र



रांची (आजाद सिपाही)। 14 जनवरी को महामृत्युंजय मंदिर शिवपुरी से राम शोभा यात्रा निकाली गयी। राम शोभा यात्रा शिवपुरी कॉलोनी, रिवरव्यू हिनू, मेन रोड, हिनू चौक महावीर मंदिर इंदिरा पैलेस, हिनू पीएसडी कॉलोनी मनी टोला, बिहार क्लब पत्थर रोड होते हुए संपन्न हुई। शोभा यात्रा में महिला, पुरुष और बच्चे झूमते, नाचते-गाते हुए अयोध्या धाम से आये अक्षत और निमंत्रण पत्र देकर लोगों को आमंत्रित कर रहे थे। इस अवसर पर भाजपा प्रदेश मंत्री सुबोध सिंह गुड्डू, विनोद प्रधान, अरविंद उपाध्याय, रीताकांत त्रिवेदी, सीमा सिंह, नेहा सिंह, अर्चना सिंह, आलोक रंजन श्रीवास्तव, छोटू दुबे, मधु शर्मा इत्यादि उपस्थिति थे।

### श्री डोरंडा कन्या पाठशाला और श्री डोरंडा बालिका उच्च विद्यालय का स्थापना दिवस मना



रांची (आजाद सिपाही)। श्री डोरंडा कन्या पाठशाला एवं श्री डोरंडा बालिका उच्च विद्यालय का 75वां स्थापना दिवस शनिवार को हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप जलाकर एवं मेंशन पर माल्यार्पण से हुआ। उच्च विद्यालय की प्रधानाध्यापिका उपमा पाल के द्वारा स्वागत भाषण दिया गया। उसके बाद बच्चों के द्वारा रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। विद्यालय प्रबंधन समिति के सचिव घेवर चंद नाहटा के द्वारा विद्यालय का वार्षिक प्रतिवेदन रखा गया। अध्यक्ष सुभाष चंद बोथरा के द्वारा धन्यवाद ज्ञापन दिया गया। मध्य विद्यालय की प्रधानाध्यापिका परमिता सामल, समिति के सदस्यों यथा अमर चंद बेगानी, शिवचरण विजय ने मंतव्य रखे, मंच संचालन शिक्षिका आरती झा एवं नवम वर्ग की छात्राएं सरस्वती कुमारी और मंताशा परवीन ने किया। इस अवसर पर प्रबंधकारिणी समिति के सदस्यों यथा सुनील तिवारी, लब्धि जैन, विमल चंद दसानी सहित बड़ी संख्या में अभिभावक, छात्राएं, शिक्षक/शिक्षिकाएं, कर्मचारीगण उपस्थित थे।

### दावत-ए-जंगल कार्यक्रम का आयोजन




रांची (आजाद सिपाही)। झारखंडी युवाओं के अधिकार एवं अल्पसंख्यकों के न्याय के सवालों पर 14 जनवरी को आमया संगठन एवं झारखंड छात्र संघ के द्वारा रुक्का डैम में दावत ए जंगल कार्यक्रम का आयोजन किया गया। दावत ए जंगल की अध्यक्षता कर रहे केंद्रीय अध्यक्ष एस अली ने कहा कि सरकार खाली पड़े 3712 उर्दू शिक्षक के पदों को कक्षा 01-5 एवं 6-8 में बांट कर नियु क्त नियमावली 2012 के अनुसार बहाली करने के बजाय पदों को सरेंडर करने में लगी रही, यह निंदनीय है।उन्होंने कहा कि राज्य में बिना स्थानीय नीति और नियोजन नीति के बहाली होने से झारखंडी युवाओं के रोजगार और अधिकार दोनों छिन रहे हैं। झारखंड कर्मचारी चयन आयोग की मनमानी और तानाशाही लगातार बढ़ रही है। उन्होंने कहा कि अल्पसंख्यक मुस्लिम समुदाय के प्रति लगातार उपेक्षा और अन्याय बढ़ता ही जा रहा है। राज्य में 543 उर्दू स्कूलों का स्टेटस बिना समुचित जांच किये छीन कर सामान्य विद्यालय बना दिया गया, वहीं छात्र शिक्षक अनुपात में +2 विद्यालयों में उर्दू शिक्षक के पद नही दिये जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि इन सभी मामलों पर 15 दिनों में कार्रवाई नहीं होने पर फरवरी के प्रथम सप्ताह में अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री हफीजुल हसन के आवास पर थाली पीटो कार्यक्रम किया जायेगा। इस मौके पर आमया संगठन के पदाधिकारी जियाउद्दीन अंसारी, इमरान अंसारी, नौशाद आलम, इस्मे आजम, औरंगजेब आलम, शाहिद अफरोज, एकराम हुसैन, अफताब आलम, मो हारिस, अब्दुल गफ्फार, मो फिरोज, मुंतजिर आलम, मो एकबाल, मो मोजाहिद, मो अलाउद्दीन, मो जावेद, जेयारत अंसारी, अंजुम खान, अब्दुल बारी, नसीम अख्तर, सब्दुल्ला मलिक, शेख शाहिद सहित काफी संख्या में पदाधिकारी शामिल थे।

### दलादली चौक दुर्गा पूजा समिति 22 जनवरी को श्रीराम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के उत्सव की तैयारी में जुटी

रांची (आजाद सिपाही)। दलादली चौक दुर्गा पूजा समिति की ओर से हनुमान मंदिर और दुर्गा मंदिर परिसर मे एक बैठक आहूत की गयी। उसकी अध्यक्षता शशिभूषण ओझा ने की और संचालन अभिषेक मिश्रा ने। उक्त बैठक में आगामी 22 जनवरी को अयोध्या मंदिर के उद्घाटन और प्रभु श्रीराम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के पुनीत अवसर पर दलादली चौक के समीप अवस्थित हनुमान मंदिर, दुर्गा मंदिर एवं शिव मंदिर में भव्य तरीके से उत्सव मनाने की रणनीति बनी। सभी ने अपने सुझाव दिये।

### हरमू मैदान में श्री रामकथा का दूसरा दिन

# झूठ का हो रहा व्यापार: स्वामी डॉक्टर उमाकांतानंद सरस्वती

**बुद्धिमान व्यक्ति दक्ष होता है, लेकिन फिर भी परेशान रहता है**

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** हरिद्वार धाम से पधारे श्री श्री 1008 जूना अखाड़ा के महामंडलेश्वर स्वामी डॉक्टर उमाकांतानंद सरस्वती जी महाराज के पावन सानिध्य में अयोध्या में श्रीराम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के शुभ अवसर पर झारखंड की राजधानी रांची के हरमू मैदान में श्रीराम कथा का आयोजन किया जा रहा है। व्यास पीठ पर पवित्र ग्रंथ श्री रामायण का पूजन, वंदन, माल्यार्पण मुख्य यजमान राकेश भास्कर, सपत्नी ने किया। कथा के दूसरे दिन महामंडलेश्वर स्वामी डॉ उमाकांतानंद सरस्वती जी महाराज ने हनुमान जी का ध्यान करते हुए मंगल भवन मंगलहारी भजन प्रस्तुति के साथ कथा प्रारंभ की।

उन्होंने कहा कि तुलसी दास कहते हैं कि जिस दिन भगवान का जन्म हुआ, सभी तीरथ अयोध्या चले गये। साधुत्व की रक्षा के लिए, धर्म के स्थापन, अधर्म का नाश करने के लिए, असुरों के विनाश के लिए भगवान का अवतार हुआ है।

साधुओं पर देश में हो रहे अत्याचार, प्रहार पर उन्होंने चर्चा करते हुए कहा कि एक तरफ पूरे देश मे धर्म का जागरण हो रहा है, क्योंकि लोगों की चेतना जग रही है। लेकिन दूसरी ओर साधुओं की पिटाई हो रही है। एक समय था, जब साधुओं की शरण में लोग रहते थे। अगस्त मुनि और महादेव के पूजन सहित भगवान शिव के आनंद अनुभूति के प्रसंग पर उन्होंने चर्चा की। कहा कि डर और भय के कारण झूठ का व्यापार चल रहा। क्योंकि पानी भी दूध में मिला दिया जाये, तो पानी भी दूध के भाव बिकता है। उन्होंने कहा कि आपको अपना कल सुधारना है तो आज की संध्या सुधारें।

इसके पूर्व मंच पर आज के यजमान राकेश भास्कर और उनके परिवार के द्वारा व्यास जी की आरती की गयी। इस अवसर पर विधायक सीपी सिंह, अध्यक्ष राकेश भास्कर, सांसद समीर उरांव, राज किशोर सिंह, वीरेंद्र सिंह, अजय सिंह, सुरेश सिंह, प्रमोद सारस्वत, धर्मेंद्र तिवारी, श्याम झा, अरुण सिंह, प्रेम मित्तल, स्वामी बिमलेश सिंह ने गुरु जी को माल्यार्पण कर स्वागत-अभिनंदन किया। प्रवक्ता प्रमोद सारस्वत ने बताया कि श्री राम कथा 21 जनवरी 2024 तक प्रतिदिन दोपहर 3 बजे से 7 बजे तक चलेगी। 22 जनवरी को हरमू मैदान में हवन और भंडारा होगा।

# बच्चे अपनी संस्कृति को जानें, इसलिए इस तरह के आयोजन जरूरी: संजय सेठ

**नमो पतंग उत्सव का भव्य आयोजन**

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** रांची के सांसद संजय सेठ के द्वारा रविवार को मकर संक्रांति के अवसर पर ओटीसी मैदान हेहल में भव्य नमो पतंग उत्सव का आयोजन किया गया। पतंग उत्सव में बड़ी संख्या में बच्चे सहित महिला, पुरुषों ने पतंग उड़ा कर इस उत्सव का आनंद लिया। बता दें कि सांसद सेठ के द्वारा विगत 16 सालों से लगातार नमो पतंग उत्सव का आयोजन किया जाता रहा है।

इस अवसर पर सांसद संजय सेठ ने कहा कि आज के बच्चों की दुनिया और दोस्ती मोबाइल तक सीमित होकर रह गयी है। आज के बच्चे अपनी संस्कृति को जानें इसलिए इस तरह का आयोजन किया जाता है। अपनी सनातनी संस्कृति के बारे में आज के बच्चों को बताने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि जो समाज अपनी भाषा और सांस्कृति को भूल गया, वह समाज कभी आगे नहीं बढ़ सकता, इसलिए सभी त्योहारों में बच्चों को जरूर लेकर जाये। पतंग उत्सव में बच्चों के बीच पतंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस पतंग उत्सव में भगवान श्री राम के भव्य मंदिर, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, अबकी बार 400 पार, प्रिंट के पतंग विशेष आकर्षण का केंद्र रहे। इस अवसर पर सांसद सेठ के द्वारा सफाई कर्मियों के बीच कंबल का वितरण किया गया। साथ ही कार्यक्रम में शामिल लोगों के बीच चूड़ा गुड़ का वितरण किया गया। अंत में सर्वश्रेष्ठ पतंगबाज को संसद सेठ के द्वारा पुरस्कृत भी किया गया। आज के इस अवसर पर इस कार्यक्रम के संयोजक रविंद्र कुमार, पडरा मंडल के अध्यक्ष सुबेश पांडेय, विकास कुमार रवि, एसडी सिंह, सतीश सिंह, आलोक परमार, रवि मेहता, सुधीर सिंह, ललन श्रीवास्तव, नीरज चौधरी, राज वर्मा, नीरज नायक सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

# लोक सेवा समिति कार्यकारिणी की बैठक

**समिति की 33वीं वर्षगांठ मार्च में और काउंसिलिंग, हेल्पलाइन सेवा फरवरी से: डॉ अजीत कुमार**

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** लोक सेवा समिति कार्यकारिणी की बैठक पीपी कंपाउंड रांची में हुई। इसमें विभिन्न महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा हुई और कई प्रस्ताव पारित कर सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया।

सेवा समिति की 33वीं वर्षगांठ समिति के केंद्रीय सदस्य, मुख्य संरक्षक दिगवंत आर्चबिशप कार्डिनल तेलेस्फोर पी टोप्पो को समर्पित होगा। यह मार्च में आयोजित होगा। इसमें चयन समिति द्वारा चयनित विभूतियों को सर्वोच्च नागरिक सम्मान से सम्मानित एवं प्रेरणा स्मारिका का प्रकाशन, लोकार्पण किया जाये तय हुआ। बैठक में झारखंड राज्य की जनजातीय क्षेत्रीय भाषा एवं अल्पसंख्यक भाषाओं एवं संस्कृति के विकास एवं इसकी पढ़ाई पहली कक्षा से सुनिश्चित करने और भाषा साहित्य अकादमी का गठन शीघ्र करने की मांग झारखंड सरकार से की गयी। यह भी कहा गया कि देश एवं सभी राज्यों के स्वतंत्रता सेनानी एवं शहीदों की पहचान सुनिश्चित की जाये। इसके लिए केंद्र सरकार और राज्य सरकार आयोग का गठन करे। बैठक की अध्यक्षता डॉ त्रिवेणी साहू कुलपति झारखंड राज्य खुला विश्वविद्यालय रांची ने की। बैठक में डॉ अजीत कुमार सिन्हा, समिति के आजीवन सदस्य कुलपति रांची विश्वविद्यालय रांची को मार्गदर्शक के रूप में समिति के कार्य क्षेत्र को बढ़ाने एवं सदस्यों को जोड़ने के साथ 33वीं वर्षगांठ का आयोजन करने का निर्णय लिया गया।

धन्यवाद ज्ञापन करते हुए महासचिव डॉक्टर हरमिंदर वीर सिंह ने कहा कि अच्छे लोगों को ढूंढ़ना मुश्किल होता है। छोड़ना और भी मुश्किल और भूल जाना नामुमकिन है। समिति के कार्य में अच्छे योगदान के लिए प्रशंसा पत्र देकर कुलपति ने मिस्टर अमर तिग्गा और शहनाज खातून को सम्मानित भी किया। बैठक में मुख्य रूप से समिति के अध्यक्ष मोहम्मद नौशाद, मिस्टर निर्मल तिग्गा, सुदेश कुमार साहू, सीमा कुमारी, मीनू सिंह, गुणवंत कौर, मकसूद अलम, सत्यजीत कुंदन, शहनाज खातून, मोसर्रत नौशाद आदि शामिल हुए और अपने विचार रखे।

# न्यूटन ट्यूटोरियल्स ने आइआइटी-मेडिकल की तैयारी के लिए टिप्स दिये

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** लोहरदगा शहर के होटल रेड रॉक, बक्सी दीपा, गुमला रोड, लोहरदगा और खूंटी शहर के चौधरी मिलन पैलेस, पीपल चौक, तोरपा रोड, खूंटी में रविवार को न्यूटन ट्यूटोरियल्स प्रा लि द्वारा सेमिनार का आयोजन किया गया। सेमिनार का विषय था आगामी आइआइटी (जेइइ) एवं मेडिकल के परीक्षाओं में कैसे ज्यादा से ज्यादा अंक एवं अच्छा रैंक प्राप्त किये जाय एवं भविष्य में इन परीक्षाओं के लिए बच्चे कैसे योजनापूर्ण ढंग से तैयारी करें ताकि सफलता प्राप्त की जाये। मौके पर बोलते हुए मदन मोहन ने बताया कि बच्चों को किन बिंदुओं पर ध्यान देना चाहिए। रसायन विज्ञान के शिक्षक पंकज कुमार ने बताया कि लगातार प्रयास का जरूरत है। भौतकी के शिक्षक प्रणव कुमार ने भौतकी की तैयारी से संबंधति जानकारी दी और समारोह के अंत में न्यूटन ट्यूटोरियल्स प्रा लि के डाइरेक्टर इमरान अली ने बोर्ड और प्रतियोगिता परीक्षा के अंतर को स्पष्ट किया। इमरान अली के अनुसार जेइइ एवं मेडिकल की तैयारी के लिए सबसे उपयुक्त समय है 11वीं। हलांकि अगर योजना कक्षा 9वीं से बनाते हैं तो बहुत ही अच्छा मगर 10वीं के बाद तो जरूर से जरूर शुरू कर दें। तैयारी शुरू करने से पहले कक्षा 9 एवं 10 में अपनी बुनियाद जरूर सुधार लें ताकि आगे आपको कठिनाइयों का सामना न करना पड़े।

पंकज कुमार एवं मदन मोहन के अनुसार पिछले पांच सालों में आये हुए प्रश्न पत्र पर नजर डालने से येह प्रतीत होता है कि लगभग 40 से 50 प्रतिशत प्रश्न काफी ही आसान होते जो किसी भी मेहनत करने वाले बच्चे से बन सकता है, 20 से 30 प्रतिशत थोड़ा कठिन होता है। अगर कठिन प्रश्न हटा भी दे तों लगभग 80 प्रतिशत प्रश्न सभी से बना सकते हैं और बच्चों को चुनाव 40 प्रतिशत अंक लाने के बाद से ही शुरू हो जाते हैं।

प्रणव कुमार के अनुसार अगर मेडिकल के लिए बच्चे एनसीइआरटी की पुस्तक पर ज्यादा से ज्यादा ध्यान दें तो अधिक फायदा होगा। नकारात्मक प्रश्न को छोड़ने में ही भलाई है। उनके अनुसार पढ़ाई को बोझ न समझें। प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में एसएएसवीएम लोहरदगा, जेएनवी स्कूल, उसुर्लाइन लोहरदगा 3 ग्रेस हार्ट खूंटी के बीच पुरस्कार वितरित किया गया। जिसमें गौतम गोयल, सुषमा कुमारी, पायल कुमारी, नितिन प्रेम कुमार, फैशल नूर, आशी गर्ग, पुलकित रानी, अदकत्या आर्यन, अजित ओरांव, मीर हम्माद, कृतिका दत्ता और गौरव कुमार को पुरस्कार प्रदान किया गया।

न्यूटन ट्यूटोरियल्स में नया बैच 2024 के लिए (आइआइटी/मेडिकल)। एडमिशन टेस्ट प्रत्येक रविवार को आयोजित किये जा रहे हैं। विस्तृत जानकारी एनटीपीएल के आफिस से लिए जा सकते हैं। फोन नं0 0651-2563018, 9204793521, 9708423600।

## महत्वपूर्ण खबरें

### डीएसपीएमयू में राष्ट्रीय युवा दिवस पर कई कार्यक्रम



एनएसएस के कार्यक्रम अधिकारी डॉ अभय कृष्ण सिंह बच्चों को भाषण एवं निबंध प्रतियोगिता के बारे में दिशा-निर्देश देते हुए।

रांची (आजाद सिपाही)। डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय, रांची में स्वामी विवेकानंद की जयंती के अवसर पर विश्वविद्यालय की एनएसएस इकाई के द्वारा 12 और 13 जनवरी को राष्ट्रीय युवा दिवस के मौके पर भाषण और निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। भाषण प्रतियोगिता का विषय था, विवेकानंद और राष्ट्रवाद। निबंध प्रतियोगिता का विषय था, विवेकानंद की शिक्षा और उनकी प्रासंगिकता। इस दोनों प्रतियोगिताओं में विश्वविद्यालय के विभिन्न संकाय के 50 से अधिक प्रतिभागियों ने स्वामी विवेकानंद पर गहन चर्चा की और उनके व्यक्तित्व के विभिन्न पहलुओं पर प्रकाश डाला। इस दौरान यह निष्कर्ष सामने आया कि वर्तमान संदर्भ में विवेकानंद युवाओं के लिए आज एक प्रेरणास्रोत और मार्गदर्शक की भूमिका में प्रासंगिक हैं। दोनों प्रतियोगिताएं विश्वविद्यालय के एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ अभय कृष्ण सिंह और डॉ शमा सोनाली के द्वारा संचालित की गयी। यह जानकारी पीआरओ प्रो राजेश कुमार सिंह ने दी।

### सांसद महुआ माजी ने कंबल बांटा




रांची (आजाद सिपाही)। रविवार को एचबी रोड स्थित लोहराकोचा (नियर प्लाजा सिनेमा) में सांसद डॉक्टर महुआ माजी और वार्ड 18 के पार्षद प्रत्याशी सोमवित माजी ने जरूरतमंद लोगों के बीच कंबल वितरण, बच्चों के बीच पतंग और सभी के बीच दही चूड़ा का वितरण किया। इस वितरण कार्यक्रम में सांसद महुआ माजी ने कहा कि रांची और राज्य की जनता के लिए हमेशा साथ खड़ा होकर उनके साथ कदम से कदम मिला कर सभी के उज्ज्वल भविष्य के लिए दृढ़ संकल्पित रहूंगी। इस वितरण कार्यक्रम में सांसद महुआ माजी, वार्ड 18 के प्रत्याशी सोमवित माजी, विक्की लोहरा, अमित माजी, रवि लोहरा, निक्की लोहरा,अशोक लोहरा,राजा लोहरा, रणबीर लोहरा, शमशाद,आदि सैकड़ों की संख्या में लोग उपस्थित रहे।

### 22 जनवरी को सभी सनातनी घरों में दीपोत्सव मनायें : डॉ राजश्री जयंती



रांची (आजाद सिपाही)। डॉ राजश्री जयंती के नेतृत्व में रविवार को रांची के दिव्यायन श्रीकृष्णपुरी में करीब 100 घरों में अक्षत और पत्रक के साथ राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा का निमंत्रण दिया गया और 22 जनवरी को अपने-अपने घरों में दीपक जलाने, मंदिरों में भजन कीर्तन कर उत्सव मनाने का आग्रह किया गया। निमंत्रण पाकर लोगों में काफी खुशी दिखी। निमंत्रण वितरण में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के गोपाल शरण साह, राजकिशोर, सुकांत मुखर्जी, प्रकाश सिन्हा, शोभना देवराज सिंह, लवली पाठक, आशीष जोशी, धनंजय पाठक, अभिराज, अंजू गुप्ता, शोभा, रूबी देवी, शालिनी, नीता, रणधीर सिंह मंजीत सिंह, हंसा, प्रतिमा, धनंजय पाठक के साथ मुहल्ले के अन्य रामभक्त शामिल हुए।

### मां तारिणी मंदिर में चला सफाई अभियान



रांची (आजाद सिपाही)। रविवार को भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य संजय कुमार जायसवाल के नेतृत्व में मधुकम में मां तारिणी मंदिर की साफ सफाई की गयी। संजय जायसवाल ने कहा कि अयोध्या में 22 जनवरी को भगवान श्री रामलला अपने जन्मस्थान पर भव्य मंदिर में विराजमान होंगे। इसकी तैयारी को लेकर आज हम सभी ने मंदिरों की साफ-सफाई कर स्वच्छता अभियान शुरू किया। इस कार्यक्रम में राज कुमार जायसवाल, शुभम जयसवाल, शिवपूजन बाबा, सुरेंद्र चौधरी, प्रिंस कुमार, रितिक कुमार, अंशु कुमारी, प्रिय कुमारी, रिची कुमारी, रितिक कुमार, गोलू कुमार, शुभम वर्मा सहित कई अन्य राम भक्त उपस्थित थे।

### मारवाड़ी महाविद्यालय में वेबिनार



रांची (आजाद सिपाही)। प्राचार्य डॉ मनोज कुमार के निर्देशन में मारवाड़ी महाविद्यालय रांची में एसइबीआइ के तहत एकदिवसीय ऑनलाइन वेबिनार का आयोजन किया गया, ताकि सभी लोग वित्तीय साक्षरता को समझ सकें और उसमें निपुण बन सकें। इस कार्यक्रम में बीकॉम की छात्राओं ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया। इस वेबिनार का मुख्य विषय 'फाइनेंस वैलनेस सेशन' था। वेबिनार में कुल 100 से अधिक स्टूडेंट्स ने रजिस्ट्रेशन कराया। इस सत्र की अध्यक्षता आइक्यूएसी मेंबर सेक्रेटरी, हेड और डीन ऑफ कॉमर्स डॉ आरआर शर्मा ने की। इस सत्र का संचालन असिस्टेंट प्रो अंकित कुमार शर्मा द्वारा किया गया। मुंबई से मुख्य वक्ता नम्रता अरोड़ा द्वारा 'नोवाइज लर्निंग एकेडमी' की ओर से एकदिवसीय राष्ट्रीय महिला जागरूकता कार्यक्रम किया गया। इस वेबिनार के सभी भागीदारों को सर्टिफिकेट मारवाड़ी वीमेंस कॉलेज की प्रो इन्चार्ज डॉ एसपी महतो और प्रो महामणि कुमारी के द्वारा दिया गया।

### बाबा विद्यापति स्मारक समिति के पंचांग का लोकार्पण



रांची (आजाद सिपाही)। बाबा विद्यापति स्मारक समिति के कार्यालय में रविवार को धूमधाम से मिथिला पंचांग सह कैलेंडर 2024 का विमोचन समारोह किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि रांची के विधायक सीपी सिंह एवं निवर्तमान उप महापौर संजीव विजयवर्गीय एवं वार्ड नंबर 26 के पूर्व पार्षद अरुण झा थे। कार्यक्रम में सांस्कृतिक कार्यक्रम, सम्मान समारोह एवं मिथिला व्यंजन की व्यवस्था थी। कार्यक्रम में मुख्य रूप से बाबा विद्यापति स्मारक समिति के कार्यकारी अध्यक्ष जयंत झा, मृत्युंजय झा, संतोष मिश्रा,अशोक मिश्रा,अश्वनी राजपूत, सूर्यकांत सिंह, पवन सोनी अनुप झा, दिलेंद्र शर्मा, रमेश भारती, श्याम चौबे, मनोज मिश्रा, प्रभाकर ठाकुर, राकेश चौधरी आदि लोग मौजूद थे। अंतरराष्ट्रीय मैथिली परिषद के महासचिव अजय झा ने उद्घोषक की भूमिका निभायी। भाषा बचाओ संघर्ष समिति के अमरनाथ झा और झारखंड राज्य कर्मचारी महासंघ के अध्यक्ष आदिल जाहिर और रामसेवक महतो भी मौके पर मौजूद थे। उक्त जानकारी जयंत झा ने दी।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
189200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Subscribe NOW

वेदर

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| रांची | 24.0 °c | 7.9 °c |
| सूर्यास्त (आज) : | | 17.24 बजे |
| सूर्योदय (कल) : | | 06.28 बजे |



# राजनीति में सामूहिक विचारों को समाहित करना जरूरी : सुदेश

**आजसू पार्टी का मिलन समारोह, रांची के कई युवाओं ने थामा पार्टी का दामन**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** राजनीति में किसी एक व्यक्ति का विचार नहीं बल्कि सामूहिकता के बोध के साथ अनेक विचारों को समाहित करना महत्वपूर्ण होता है। कल की चिंता से पहले हमें आज लिये जा रहे राजनीतिक फैसलों के प्रति गंभीर होने की आवश्यकता है। अगर हम आज गंभीर नहीं हुए तो आने वाले समय में हमें इसका नुकसान उठाना होगा।

उक्त बातें पार्टी अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो ने हरमू स्थित केंद्रीय कार्यालय में आयोजित मिलन समारोह में कहीं। इस दौरान मो. सरफराज अलाम और मो. शाहनवाज अलाम के नेतृत्व में रांची शहर के सैकड़ों युवाओं ने पार्टी की सदस्यता ग्रहण की।

पार्टी में शामिल हुए सभी युवा साथियों का स्वागत करते हुए सुदेश महतो ने कहा कि राजनीति किसी एक व्यक्ति के विचार से नहीं बल्कि अनेक विचारों को एक जगह समाहित करने से चलती और सशक्त दिखती है। राजनीति में सामूहिकता को प्लेटफार्म देने का काम आजसू पार्टी करती है। पार्टी में सभी की भावनाओं का सम्मान होता है। भावनाओं के सम्मान और विचारों को राज्य के विकास में लगाना हमारा लक्ष्य है।

उन्होंने कहा कि इंडी अलायंस सिर्फ चुनाव लड़ने और जीतने की कोशिश तक ही सीमित है। इसमें देश और देशवासियों की तरक्की नहीं दिखायी देती है। देश एवं देशवासियों के प्रति इनकी कोई जवाबदेही नजर नहीं आती है।



## डोमन सिंह मुंडा आजसू बुद्धिजीवी मंच के केंद्रीय अध्यक्ष बने

**डॉ मुकुंद चंद्र मेहता केंद्रीय महासचिव बनाये गये**





रांची। आजसू पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो के निर्देशानुसार डोमन सिंह मुंडा को आजसू बुद्धिजीवी मंच का केंद्रीय अध्यक्ष एवं डॉ मुकुंद चंद्र मेहता को आजसू बुद्धिजीवी मंच का केंद्रीय महासचिव मनोनीत किया गया है। डोमन सिंह मुंडा को आजसू बुद्धिजीवी मंच के केंद्रीय अध्यक्ष एवं डॉ मुकुंद चंद्र महतो को आजसू बुद्धिजीवी मंच के केंद्रीय महासचिव बनाये जाने पर आजसू पार्टी के केंद्रीय मुख्य प्रवक्ता डॉ देवशरण भगत, उपाध्यक्ष हसन अंसारी, केंद्रीय महासचिव लंबोदर महतो, रौशनलाल चौधरी, राजेंद्र मेहता, हरेलाल महतो, कौशिक चांद, अंचल किंगर, अरविंद कुमार, सज्जाद आलम, प्रो मिथलेश सिंह, प्रो केपी सिन्हा, प्रो शंभू सिंह, शिव शंकर प्रसाद, जितेंद्र सिंह, आदित्य महतो इत्यादि ने बधाई दी।

### जयंती पर याद किये गये डॉ. बहादुर सिंह

अखिल झारखंड बुद्धिजीवी मंच के पूर्व कार्यकारी अध्यक्ष डॉ. बहादुर सिंह की जयंती पर उनके चित्र पर माल्यार्पण कर और उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गयी। इस दौरान उनकी याद में एक मिनट का मौन रख कर उन्हें नमन किया गया। पार्टी अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो ने उन्हें याद करते हुए कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में बहादुर जी ने उल्लेखनीय कार्य किये हैं। उन्होंने अपनी सोच और ऊर्जा से पार्टी के विचारों को जन जन तक पहुंचाने का काम किया था। पार्टी में उनके योगदान को कभी भी भुलाया नहीं जा सकता है। इस दौरान पार्टी के केंद्रीय महासचिव राजेंद्र मेहता, केंद्रीय सांगठनिक सचिव एसअली, केंद्रीय प्रवक्ता सुधीर यादव, केंद्रीय मीडिया संजोयक परवाज खान मुख्य रूप से उपस्थित रहें।

### इन्होंने ली सदस्यता :

मो. सरफराज अलाम, मो. शाहनवाज अलाम, वसीम आलम, शाहिद, आयण, अनस, मिट्ठु, अमन, शाकिब, ओबैश अलाम, दानिश, फरहान, आबेदीन, अट्टनस, आरिज, वसीम, शाद, अफ्फान, राजू, साहेब, अमीर, सलमान, असीम, शाहनवाज, जावेद, शान, नौशाद, उफान, अनस खान, मुटुन अलाम, ओवैसी, इरशाद, तैयब, तनवीर अलाम समेत सैकड़ों युवाओं ने पार्टी की सदस्यता ग्रहण की।

# भारत जोड़ो न्याय यात्रा में सुबोधकांत आलमगीर और राजेश ठाकुर हुए शामिल



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के तत्वावधान में राहुल गांधी के नेतृत्व में मणिपुर की राजधानी इंफाल के निकट थोबल से भारत जोड़ो न्याय यात्रा का शुभारंभ रविवार को हुआ। इस अभियान में शामिल होने के लिए पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय, झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राजेश ठाकुर एवं झारखंड सरकार के ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम मणिपुर के थोबल पहुंचे। नेताओं ने भारत जोड़ो न्याय यात्रा के शुभारंभ के मौके पर थोबल में आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित जनसमूह को संबोधित भी किया। गौरतलब है कि लोकसभा चुनाव से पूर्व निकाली जा रही कांग्रेस पार्टी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा 67 दिन में 15 राज्यों और 110 जिलों से होकर गुजरेगी। यात्रा के दौरान लगभग 6700 किलोमीटर की दूरी तय की जायेगी। अधिकतर यात्रा बस से होगी और कहीं-कहीं किसी क्षेत्र में पदयात्रा भी की जायेगी। भारत जोड़ा न्याय यात्रा झारखंड भी पहुंचेगी। भारत जोड़ो न्याय यात्रा का समापन मार्च के तीसरे सप्ताह में मुंबई में होगा।

**15 राज्यों और 110 जिलों से होकर गुजरेगी न्याय यात्रा**

# 15 जनवरी से 14 फरवरी तक चलेगा सड़क सुरक्षा माह

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड सहित पूरे देश में 15 जनवरी से 14 फरवरी 2024 तक राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह मनाया जायेगा। इस दौरान लोगों को जागरूक किया जायेगा।

इस संबंध में विभाग ने दिशा-निर्देश जारी किया है। जागरूकता को लेकर जिला स्तरीय बैठकें निर्धारित की जायेंगी। इसमें यातायात पुलिस, परिवहन अधिकारियों, गैर सरकारी संगठनों आदि सहित प्रमुख संस्थाओं को एक साथ लाया जायेगा। इसका उद्देश्य सड़क सुरक्षा स्थिति पर चर्चा और समीक्षा करना, ब्लैक स्पॉट और दुर्घटना संभावित क्षेत्रों की पहचान करने के साथ ही प्रभावी हस्तक्षेप की रणनीति बनाना है।

# मचान के मिथिला पंचांग का लोकार्पण

**सीसीएल के निदेशक (कार्मिक) हर्षनाथ मिश्र मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए**




आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** मिथिलांचलवासियों की सामाजिक-सांस्कृतिक संस्था 'मचान' द्वारा प्रकाशित मिथिला पंचांग 2024 का लोकार्पण कार्यक्रम रविवार 14 जनवरी को कांके रोड स्थित होटल हॉलिडे होम में संपन्न हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि सीसीएल के निदेशक (कार्मिक) हर्षनाथ मिश्र ने कहा कि पंचांग शुभ कार्य का प्रतीक है। बतौर विशिष्ट अतिथि प्रमोद झा ने कहा कि पंचांग हमारे जीवन को अनुशासित बनाता है। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए साहित्य अकादमी नयी दिल्ली की मैथिली भाषा परामर्शदातृ समिति के पूर्व संयोजक एवं मैथिल साहित्यकार डॉ विद्यानाथ झा 'विदित' ने कहा कि पंचांग परंपरागत भारतीय कालदर्शक है, जिसमें समय की हिंदू इकाइयों (वार, तिथि, नक्षत्र, करण, योग आदि) का उपयोग होता है, जो मानव जीवन को प्रभावित करता है। समारोह में इंदु मिश्रा (आर्टिस्ट मिथिला पेंटिंग) भी विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित थीं। कार्यक्रम की शुरुआत में अतिथियों ने महाकवि विद्यापति के चित्र पर माल्यार्पण किया। सखी बहिनपा मैथिलानी समूह, रांची की सदस्यों द्वारा प्रस्तुत भगवती वंदना 'जय जय भैरवी असुर भयाविनी' के बाद बबीता झा, अनीता झा, बिट्टू झा, सुनीता झा, कल्पना मिश्रा आदि सखियों ने समूह स्वागत गीत 'आतिथ्य करू स्वीकार यौ पाहुन' गाया, जिसकी सराहना की गयी।

मचान के संयोजक भारतेंदु झा ने बताया कि इस पंचांग में कवि विद्यापति सहित मिथिला विभूति, स्वच्छता एवं सामाजिक क्रांति के जनक, पद्मभूषण सम्मानित स्व डॉ बिंदेश्वर पाठक, मिथिला पेंटिंग को बढ़ाने वाली पद्मश्री सुभद्रा देवी, मैथिली साहित्यकार स्व डॉ देवकांत झा, समाजसेवी स्व इंदुशेखर झा एवं स्व ताराकांत ठाकुर की छवि के साथ मिथिलांचल में किये जानेवाले व्रत, त्योहार एवं महापुरुषों की जयंती की जानकारी दी गयी है। मिथिलांचलवासी इस पंचाग से विवाह, द्विरागमन, मुंडन, उपनयन, गृहारंभ, गृहप्रवेश, एकादशी व्रतोद्यापन, भदवा (पंचक) इत्यादि की जानकारियां प्राप्त कर सकते हैं। इस अवसर पर रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति हुई। महाकवि विद्यापति के गीतों को प्रख्यात चिकित्सक डॉ उज्ज्वल राय ने सशक्त तरीके से पेश किया। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण 'रवींद्रक आंगन सं' रहा, जिसमें दिल्ली से आये मैथिली गीत एवं गजल के प्रख्यात कलाकार अवनींद्र ठाकुर ने मैथिली गीत, संगीत, साहित्य एवं सिनेमा जगत स्तंभ रहे अपने पिता स्व रवींद्र (मैथिली मंच की स्थापित जोड़ी रवीद्र-महेंद्र फेम) के लिखे एवं स्वरबद्ध किये गीतों की प्रस्तुति दी, जिसमें 'तांगा चलल अलबेला सिमरिया', 'लटर पटर दुनु तंग करे', 'जेमहरे देखू तेमहर ठाकुर-ओझा-मिसर', 'चिट्ठी के तार बुझू' आदि गीतों का भरपूर आनंद श्रोताओं ने लिया। इस अवसर पर पूर्व पार्षद अरुण झा, बिनय कुमार झा, दयानंद कुमर, प्रेमचंद्र झा, जयंत झा, ब्रजकिशोर झा, पीसी मिश्रा, दूरदर्शन केंद्र रांची के पूर्व निदेशक पीके झा, डॉ आभा झा, डॉ सरस्वती मिश्रा, कुमुद झा, मृगेंद्र मिश्रा, कृष्ण कुमार झा, ब्रज कुमार झा सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।

# जेसीआइ रांची के अध्यक्ष विक्रम चौधरी ने टीम के साथ ली शपथ

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** जेसीआइ रांची का 64वां शपथ ग्रहण समारोह रांची के मोरहाबादी स्थित संगम गार्डेन में रविवार को हुआ। समारोह के मुख्य अतिथि रांची प्रक्षेत्र के आइजी अखिलेश कुमार झा थे। विशिष्ट अतिथि जेसीआइ इंडिया जोन तीन की जोन प्रेसिडेंट वसुंधरा सिंह थीं।

इस समारोह में संस्था के नवनिर्वाचित अध्यक्ष विक्रम चौधरी ने अपनी टीम के साथ शपथ ली। विक्रम चौधरी ने शपथ लेते हुए आनेवाले वर्षों में समाज को नयी ऊंचाइयों तक ले जाने के लिए अपना विजन बताया। अपनी टीम के लिए न्यू विजन, न्यू डायरेक्शन का नारा दिया।




### ये है नयी टीम

**अध्यक्ष**-विक्रम चौधरी, **सचिव**-मयंक अग्रवाल, **उपाध्यक्ष**-निशांत मोदी, पीयूष केडिया, तरुण अग्रवाल, साकेत अग्रवाल, अभिषेक कुमार जैन, रवि आनंद

**कोषाध्यक्ष**-नटवर बाजोरिया, **संयुक्त सचिव**-कौशल मुरारका, **प्रवक्ता**-अमन पोद्दार

### ये हैं निदेशक

आदित्य जालान, अक्षत आनंद, अमन सिंघानिया, अंकित अग्रवाल, अंकित मोदी, अनिमेष निखिल, अनुभव कुमार अग्रवाल, दीपक कुमार पटेल, मनदीप सिंह, मोहित बागला, निखिल मोदी, प्रवीण कुमार अग्रवाल, राहुल टिबड़ेवाल, रौनक टेकरीवाल, रिषभ जैन, रोहित दयानी, संदीप खेमका, संकेत सरावगी, शिवि तनेजा, शुभम बुधिया और वैभव जैन।

मंच संचालन अभिषेक नारनोलिया ने किया। कार्यक्रम का संचालन अनुभव अग्रवाल, अनिमेष निखिल एवं सृजन हेतमसरिया ने किया। कार्यक्रम में जेसीआइ रांची के पूर्व अध्यक्ष, पूर्व सचिव एवं रांची की जानी-मानी संस्था के प्रतिनिधि भी उपस्थित थे।

देश-विदेश की खबरों के लिए क्लिक करें
www.azadsipahi.in

# ब्रदर्स एकेडमी में जी-सैट प्रवेश परीक्षा आयोजित

**ऑफलाइन मोड में सफलतापूर्वक आयोजित हुई परीक्षा**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** नये सत्र के लिए रविवार को ब्रदर्स एकेडमी के विभिन्न कोर्स में नामांकन हेतु जी-सैट प्रवेश परीक्षा का आयोजन सफलतापूर्वक हुआ। प्रवेश परीक्षा ऑफलाइन मोड में आयोजित की गयी थी। जिसमें विभिन्न सत्रों में कुल मिलाकर 977 से ऊपर की संख्या में प्रतिभागी उपस्थित रहे। अभ्यर्थियों ने प्रश्न पत्र के पैटर्न और पूछे गये प्रश्नों की प्रशंसा करते हुए कहा कि इस पैटर्न की परीक्षा से ही वास्तविक मेधा का चयन संभव है। नये सत्र के लिए 9 अप्रैल -24 से बैच शुरू होंगे।



जो छात्र आज की प्रवेश परीक्षा में शामिल नहीं हुए हैं, वे ब्रदर्स एकेडमी की अगली ग्रैंड-स्कॉलरशिप एडमिशन टेस्ट (जी-सैट) 16 मार्च-2024 में भाग ले सकते हैं। जो कि ऑफलाइन मोड में नये सत्र के लिए आयोजित की जायेगी। जी-सैट आवेदन पत्र ऑनलाइन http://www.brothersacademy.co.in/admissions.php पर भरा जा सकता है। साथ ही आवेदन पत्र रांची में लालपुर या डोरंडा परिसर से भी प्राप्त किये जा सकते हैं और भरे जा सकते हैं। केवल पहले 2000 आवेदकों के लिए पंजीकरण निःशुल्क है (इसके बाद 500/- रुपये)। जी-सैट बहुत महत्वपूर्ण है क्योंकि ये परीक्षा ही आइआइटी-जेइइ और एनआइआइटी कोचिंग के लिए ब्रदर्स ऐकेडमी में नामांकन कराने का एकमात्र तरीका है। जी-सैट के सभी प्रतिभागियों को हम पाठ्यक्रम शुल्क पर न्यूनतम 40% छात्रवृत्ति देंगे और प्रत्येक पाठ्यक्रम में शीर्ष प्रदर्शन करने वालों को सर्वाधिक 100% छात्रवृत्ति से पुरस्कृत किया जायेगा। वर्तमान में कक्षा 7, 8, और 9 में पढ़ रहे छात्र नियमित स्कूली अध्ययन के साथ आइआइटी-जेइइ और मेडिकल प्रवेश परीक्षाओं के लिए एनटीएसइ, ओलंपियाड और बेसिक्स फाउंडेशन को लक्ष्य मानते हुए एक साल / 3 साल / 4 साल / 5 साल फाउंडेशन कोर्स में प्रवेश ले सकते हैं। वर्तमान में कक्षा 10 में पढ़ने वाले और कक्षा 11 में जाने वाले छात्र आइआइटी-जेइइ और एनआइआइटी (मेडिकल) के लिए 2 साल के पाठ्यक्रम में प्रवेश प्राप्त कर सकते हैं, जिसमें उन्हें कक्षा 10 पास करने के बाद 2 साल के लिए इन प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए सघन प्रशिक्षण के साथ कक्षा 11 और 12 के अपने नियमित स्कूल सिलेबस को भी पढ़ाया जायेगा। यह जानकारी ब्रदर्स एकेडमी के निदेशक पारस कुमार अग्रवाल ने दी।

# सदानों के हक के लिए आर-पार की लड़ाई होगी : राजेंद्र प्रसाद



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** मूलवासी सदान मोर्चा की बैठक रविवार को केंद्रीय अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद की अध्यक्षता में संपन्न हुई। इसमें लोकसभा और विधानसभा के चुनाव को देखते हुए राजनीतिक अधिकारों को लेकर विशेष चर्चा हुई।

राजेंद्र प्रसाद ने कहा कि झारखंड में लोकसभा और विधानसभा में आरक्षित सीटों पर तो झारखंडियों को उम्मीदवार राजनीतिक दल बनाते हैं, लेकिन जनरल सीटों में मूलवासी सदानों की जगह पर बाहर के व्यक्ति को राजनीतिक दल उम्मीदवार बना कर सदानों की हकमारी कर रहे हैं। इसे अब किसी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। उन्होंने मूलवासी सदान छात्र-छात्राओं और युवाओं से अपने अधिकार के लिए सड़क पर उतरने का आह्वान किया है। उन्होंने कहा कि सदान समुदाय के अगड़े-पिछड़े, दलित से आनेवाले हर वर्ग को उनका अधिकार मिले, सरकार यह सुनिश्चित करे। पद्मश्री मुकुंद नायक ने कहा कि माय- माटी के असली सपूतों को इनका वाजिब हक मिलना ही चाहिए।

**माय-माटी के असली सपूतों को मिले उनका अधिकार पद्मश्री मुकुंद नायक**

**सदानों के अधिकारों की हकमारी बर्दाश्त नहीं: पद्मश्री मधु मंसूरी**

पद्मश्री मधु मंसूरी ने कहा कि मूलवासी सदानों की जिस तरह से उपेक्षा हो रही है, इसी तरह सदानों की उपेक्षा होती रही तो सदानों के लिए विकट परिस्थिति झारखंड में खड़ी हो जायेगी। इस बात को हर मूलवासी सदान और झारखंडियों को समझना होगा।

झारखंड आंदोलनकारी क्षितीश कुमार राय ने कहा कि झारखंड में मूलवासी सदान दोयम दर्जा के नागरिक बन कर रह गये हैं। बैठक में महेंद्र ठाकुर, विशाल कुमार सिंह, प्रोफेसर डॉ रामप्रसाद विजय राजगोरिया, रजनीश ठाकुर, प्रो अरविंद, आदि उपस्थित थे।

# किफायती स्वास्थ्य सेवा लोगों का अधिकार

क्रिटिकल हैल्थकेयर न केवल बड़े पैमाने पर जनता के लिए गैर-किफायती होती जा रही है, बल्कि विशेष रूप से कुछ कॉर्पोरेट अस्पतालों द्वारा की जा रही गलत प्रैक्टिस भी बड़े पैमाने पर जनता के जीवन को नर्क बना रही है। मैडीकल इंश्योरेंस, सीजीएचएस, आयुष्मान के बावजूद हमारे देश में जेब से खर्च (आऊट ऑफ पॉकेट) लगभग 60 प्रतिशत है। बीमा दावों का भुगतान करवाना भी दांत निकालने जैसा है। आमतौर पर बीमा कंपनियां क्लेम न चुकाने के लिए कारण ढूंढती हैं। एक बार भर्ती होने के बाद मरीज अस्पतालों और डॉक्टरों की दया पर निर्भर होते हैं। अधिकांश गंभीर रोगियों का इलाज कॉर्पोरेट/निजी अस्पतालों में किया जाता है, क्योंकि सरकारी अस्पतालों में ऐसे रोगियों के लिए उपचार सुविधाओं की कमी होती है। दिल्ली-एनसीआर क्षेत्र के एक कॉर्पोरेट अस्पताल में कार्यरत प्रसूति एवं स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ अमरिंद्र बजाज को हाल ही में मूव ऑन करने के लिए बाध्य होना पड़ा, क्योंकि वह अपने लक्ष्य तक नहीं पहुंच सकीं। अपने लिखे एक लेख में उन्होंने अपनी शिकायतें जाहिर की हैं।

**आमतौर पर बीमा कंपनियां क्लेम न चुकाने के लिए कारण ढूंढती हैं। एक बार भर्ती होने के बाद मरीज अस्पतालों और डॉक्टरों की दया पर निर्भर होते हैं। अधिकांश गंभीर रोगियों का इलाज कॉर्पोरेट/निजी अस्पतालों में किया जाता है, क्योंकि सरकारी अस्पतालों में ऐसे रोगियों के लिए उपचार सुविधाओं की कमी होती है।**

उनके लेख के कुछ अंश इस प्रकार हैं : मैं अच्छी तरह से जानती हूं कि कॉर्पोरेट की कोई भावना नहीं है। वे केवल एक भाषा समझते हैं, वास्तव में केवल एक शब्द राजस्व और मेरा राजस्व ग्राफ उनकी पसंद के अनुसार नहीं था उस दिन तक। विशेषज्ञता, अनुभव, निष्ठा कोई मायने नहीं रखती। मैं उस पीढ़ी से हूं जो इस तरह की चीजों से बहुत कुछ स्थापित करती है, लेकिन युवा पीढ़ी अपना खेल खेलती है। एक ओर रह कर मैंने उनके द्वारा भर्ती की गयी उज्जवल नयी राजस्व पैदा करने वाली मशीनों को देखा, जिन के सामने जब अधिक आकर्षक प्रस्ताव आया, तो उन्होंने बिना किसी मलाल के तार के उस ओर छलांग लगा दी। कॉर्पोरेट ने जो दिया वही पाया और हालांकि मैं खेल को समझती थी, फिर भी मैं इसे खेलने के लिए खुद को कभी तैयार नहीं कर सकी। राज्यसभा सदस्य के रूप में अपने 20 महीने के कार्यकाल में मैंने किफायती स्वास्थ्य देखभाल का मामला 3 बार उठाया है। उम्मीद है, इससे कुछ फर्क पड़ेगा। सबसे पहले मैंने इस मामले को दिसंबर 2022 में उठाया था, जिसमें अस्पतालों में सस्ती स्वास्थ्य देखभाल प्रदान करने की आवश्यकता पर विशेष उल्लेख किया गया था, मैंने उन लोगों पर ध्यान आकर्षित किया था, जो उपलब्ध स्वास्थ्य देखभाल की गैर-मौजूदगी के कारण मर रहे हैं।

अभिमत
आजाद सिपाही

**भौतिक नेत्र न होते हुए भी, ब्रेल लिपि के बिना उपयोग के अब तक वे 1275 से अधिक श्रीरामचरितमानस पर कथा प्रवचन कर चुके हैं और श्रीमद्भागवत पर 1115 से अधिक कथा वाचन अभी तक कर चुके हैं। धारा प्रवाह संस्कृत संभाषण में विश्व में उनका कोई जोड़ नहीं है। वे एक घंटे में 100 श्लोक बनाने की क्षमता रखते हैं। दर्शन काव्य एवं लेखन अप्रतिहर्त गति उन्हें प्रदान है। तत्काल समस्या पूर्ति पर संस्कृत, हिंदी आदि भाषाओं में वे श्लोक एवं अन्य विधा रच लेते हैं।**

# विश्व में जिनका मुकाबला नहीं, उनका नाम है जगतगुरु रामभद्राचार्य

**प्रभात झा**

विश्व में लगभग 1 अरब दिव्यांग हैं। इसी के अंतर्गत भारत में भी लगभग 3 करोड़ से अधिक दिव्यांगों की संख्या है। इन्हें पहले विकलांग कहा जाता था। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जब प्रधानमंत्री बने तो उन्होंने 2 दिसंबर 2015 को अपने मन की बात कार्यक्रम में शारीरिक रूप से अक्षम लोगों को 'दिव्यांग' नाम से संबोधित करने का निर्णय बताया। विश्व पटल पर जब दिव्यांगों के बारे में विचार करते हैं, तो देखने में आता है कि ऑस्ट्रेलिया, अफ्रीका, जर्मनी, अमेरिका, ब्रिटेन सहित अनेक देशों में दिव्यांगों ने कहीं गणित तो कहीं भौतिकी, कहीं मीडिया, कहीं संगीत के क्षेत्र में असाधारण उपलब्धि हासिल की है। यहां तक कि एक दिव्यांग को अपने कार्यक्षेत्र में नोबेल पुरस्कार भी मिला।

लेकिन जब भारत में दिव्यांगों की चर्चा शुरू होती है, तो एक ऐसे व्यक्तित्व का नाम उभर कर आता है, जो न केवल 140 करोड़ भारतीयों के लिए बल्कि विश्व के करोड़ों लोगों के लिए भी एक आदर्श प्रस्तुत करते हैं। उनके जीवन से न केवल दिव्यांग, बल्कि करोड़ों सर्वांग व्यक्तियों को प्रेरणा मिलती है। भारत के उस व्यक्तित्व का नाम है जगतगुरु स्वामी रामभद्राचार्य। उनको कोई दृष्टि बाधित या दिव्यांग कहता है, तो कहते हैं कि मुझे यह अच्छा नहीं लगता। मैंने अपनी इन्हीं आंखों से साक्षात भगवान मयार्दा पुरुषोत्तम श्रीराम का बाल्यकाल रूप देखा है।

**14 जनवरी 1950 को उत्तर प्रदेश के जौनपुर जिले के शांडिल्य खैर गांव में जन्मे, जिनका पूर्व में नाम डॉ गिरिधर लाल मिश्र था।**

14 जनवरी 1950 को उत्तर प्रदेश के जौनपुर जिले के शांडिल्य खैर गांव में जन्मे, जिनका पूर्व में नाम डॉ गिरिधर लाल मिश्र था, वे जन्म के 2 माह बाद ही अपनी दोनों आंखों की ज्योति खो चुके थे, लेकिन उन्होंने साहस नहीं खोया। 14 जनवरी 2024 को अयोध्या में 9 दिनों तक उनका अमृत महोत्सव मनाने की तैयारी चल रही है। पूज्य रामभद्राचार्यजी के जीवन के अतीत का जब अध्ययन करते हैं, तो लगता है कि ईश्वर ने उन्हें साक्षात अपनी शक्ति प्रदान की है।



उन्होंने जीवन में कभी भी ब्रेल लिपि का उपयोग नहीं किया, जब वे 5 वर्ष के हुए तो श्रीमद्भगवत गीता और सात वर्ष की आयु में श्रीरामचरितमानस पूरी तरह से कंठस्थ कर लिया था। आरंभ से आचार्य (परास्नातक) तक सभी कक्षाओं में प्रथम श्रेणी एवं प्रथम स्थान प्राप्त किया। संपूर्णानंद संस्कृत विश्वविद्यालय वाराणासी से शास्त्री तथा आचार्य में स्वर्ण पदक प्राप्त किया।

तदोपरांत पीएचडी शोध के बाद धर्म सम्राट स्वामी करपात्रीजी के निर्देश पर रामानंद संप्रदाय में विरक्त दीक्षित होकर जगतगुरु रामभद्राचार्य के पद पर सर्वसम्मति से मूर्धभिषेक हुए। ऐसे विलक्षण साहित्यकार जिनकी पुस्तकों का लोकार्पण देश के दो सबसे लोकप्रिय प्रधानमंत्री क्रमशः अटल बिहारी वाजपेयी तथा नरेंद्र मोदी ने किया।

240 ग्रंथों का प्रणयन, जिसमें 4 महाकाव्य सहित साहित्य के सभी विधाओं में रचनाएं रची गयीं। साहित्य के क्षेत्र में सबसे प्रतिष्ठित सम्मान साहित्य अकादमी से 2005 में सम्मानित किये गये। 19 नवंबर 1992 को चित्रकूट मध्य प्रदेश में श्रीतुलसीपीठ की स्थापना रामभद्राचार्य जी द्वारा की गयी। श्री तुलसी प्रज्ञाचक्षु दिव्यांग उच्चतर माध्यमिक विद्यालय की स्थापना की गयी। उसके बाद विश्व स्तर पर दिव्यांगों के लिए जगतगुरु रामभद्राचार्य विश्व का पहला दिव्यांग विश्वविद्यालय है, जहां से अब तक 5 हजार से अधिक विद्यार्थी अध्ययन कर देश के खास कर उत्तरप्रदेश के अनेक उच्च स्थानों पर पदस्थ हैं। विकलांग विश्वविद्यालय की स्थापना 2001 में की गयी।

इसके पश्चात श्री गीता ज्ञान मंदिर राजकोट गुजरात की स्थापना भी उनके द्वारा की गयी। वशिष्ठ अयनम हरिद्वार उत्तराखंड की स्थापना भी उनके द्वारा की गयी। साहित्य तथा सामाजिक योगदान के लिए भारत सरकार द्वारा 2015 में उन्हें पद्म विभूषण से सम्मानित किया गया। जगतगुरु रामभद्राचार्य विकलांग विश्वविद्यालय के वे जीवनपर्यंत कुलाधिपति बने रहेंगे। भारत सरकार के स्वच्छता अभियान में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा उन्हें नौ रत्नों में शामिल किया गया।

भौतिक नेत्र न होते हुए भी, ब्रेल लिपि के बिना उपयोग के अब तक वे 1275 से अधिक श्रीरामचरितमानस पर कथा प्रवचन कर चुके हैं और श्रीमद्भागवत पर 1115 से अधिक कथा वाचन अभी तक कर चुके हैं। धारा प्रवाह संस्कृत संभाषण में विश्व में उनका कोई जोड़ नहीं है। वे एक घंटे में 100 श्लोक बनाने की क्षमता रखते हैं। दर्शन काव्य एवं लेखन अप्रतिहर्त गति उन्हें प्रदान है। तत्काल समस्या पूर्ति पर संस्कृत, हिंदी आदि भाषाओं में वे श्लोक एवं अन्य विधा रच लेते हैं। संयुक्त राष्ट्र संघ न्यूयॉर्क में आयोजित विश्व शांति शिखर सम्मेलन मंम सोलह मिनट का ऐतिहासिक भाषण संपन्न हुआ। वे 22 भाषाओं के ज्ञाता हैं।

इलाहाबाद हाइकोर्ट में जब श्रीराम जन्मभूमि मामले पर बहस चल रही थी, तो मुस्लिम पक्ष ने यह सवाल खड़ा किया कि अगर बाबर ने राम मंदिर तोड़ा तो तुलसीदास ने जिक्र क्यों नहीं किया। हिंदू पक्ष के लिए संकट खड़ा हो गया, लेकिन तब संकट मोचन बने श्रीरामभद्राचार्य जी। उन्होंने इलाहाबाद उच्च न्यायालय में 15 जुलाई 2003 को गवाही दी और तुलसीदास के दोहा शतक में लिखे उस दोहे को जज साहब को सुनाया, जिसमें बाबर के सेनापति मीर बाकी द्वारा राम मंदिर को तोड़ने की बात कही गयी है। दोहा इस प्रकार है :

**रामजन्म मंदिर महिं मंदिरहि**
**तोरि मसीत बनाय।**
**जबहि बहु हिंदुन हते,**
**तुलसी कीन्ही हाय।।**
**दल्यो मीर बाकी अवध,**
**मंदिर राम समाज।**
**तुलसी रोवत हृदय अति,**
**त्राहि त्राहि रघुराज।।**

जगतगुरु स्वामी रामभद्राचार्यजी बताते हैं कि अयोध्या में राम मंदिर होने के 437 प्रमाण न्यायालय को दिये गये हैं। वे प्राचीन ग्रंथों का उल्लेख करते हुए बताते हैं कि वाल्मीकि रामायण के बाल खंड के 8वें श्लोक से श्रीराम जन्म के बारे में जानकारी शुरू होती है। रामभद्राचार्य जी बताते हैं कि वेद में भी श्रीरामजन्म का स्पष्ट प्रमाण है। ऋग्वेद के दशम मंडल में भी इसका प्रमाण है। रामचरितमानस में बहुत ही स्पष्ट लिखा है।

स्वामी रामभद्राचार्यजी ने प्रमाणों से इलाहाबाद हाइकोर्ट के न्यायाधीशों को चकित कर दिया कि श्री रामलला अयोध्या उसी विवादित स्थल पर विराजते हैं। उनके दिये गये तर्कों के तारतम्य में ही उच्चतम न्यायालय में भी बहस हुई, तो अधिवक्ताओं ने उनके द्वारा प्रस्तुत तथ्यों को न्यायाधीशों के सामने प्रस्तुत किया। यह कहने में कोई संकोच नहीं कि श्रीराम जन्मभूमि पर ही अयोध्या में श्री रामलला विराजते हैं, के पक्ष में निर्णय लेने में रामभद्राचार्यजी की बहुत बड़ी भूमिका रही है।

**(लेखक : पूर्व सांसद एवं भाजपा के पूर्व राष्ट्रीय उपाध्यक्ष हैं।)**

# पूरी तरह बिखर गया 'राहुल ब्रिगेड' का शिराजा

आजाद सिपाही विशेष

**चुनावी हार और दरकते जनाधार के बीच अब तक सबसे मुश्किल दौर से गुजर रही कांग्रेस के युवराज राहुल गांधी की वह 'युवा ब्रिगेड' एक के बाद एक बिखरती चली जा रही है, जो कभी उनकी खास और पार्टी का भविष्य मानी जाती थी। इस युवा ब्रिगेड से नयी विदाई मिलिंद देवड़ा की है, जो मुंबई में पार्टी के स्तंभ माने जाते थे। मिलिंद देवड़ा का इस्तीफा राहुल गांधी की 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' से ठीक पहले हुआ है और 2024 के चुनाव से पहले कांग्रेस के लिए इसे बड़ा झटका माना जा रहा है। मिलिंद देवड़ा कांग्रेस के उस कद्दावर परिवार से हैं, जिसके मुखिया मुरली देवड़ा को कभी मुंबई में कांग्रेस का पर्याय माना जाता था। वह लगातार 22 साल तक मुंबई कांग्रेस के अध्यक्ष रहे, जो आज तक एक रिकॉर्ड है। उनके राजनीतिक उत्तराधिकारी मिलिंद देवड़ा ने जब कांग्रेस से अपने परिवार के 55 साल पुराने रिश्ते को खत्म करने का एलान किया, तब कांग्रेस की अंदरूनी कमजोरी और राहुल ब्रिगेड के बिखरने का एहसास हुआ। कुछ दिन पहले ही कांग्रेस ने मिलिंद देवड़ा को पार्टी का संयुक्त कोषाध्यक्ष नियुक्त किया था। राहुल गांधी के करीबी माने जाने वाले प्रमुख युवा नेताओं के पार्टी छोड़ने का सिलसिला मार्च, 2020 में उस समय हुआ, जब ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कांग्रेस को अलविदा कह भाजपा का दामन थाम लिया। नतीजा यह हुआ कि मध्यप्रदेश में 15 साल के बाद बनी कांग्रेस की सरकार 15 महीनों में ही सत्ता से बाहर हो गयी। सिंधिया के कांग्रेस छोड़ने के कुछ महीने बाद ही एक समय ऐसा आया कि सचिन पायलट कांग्रेस से जुदा होने के मुहाने पर खड़े हो गये, हालांकि आलाकमान की दखल और बातचीत के बाद वह पार्टी में रह गये। केंद्र में यूपीए सरकार के समय सिंधिया, पायलट, जितिन प्रसाद, आरपीएन सिंह और मिलिंद देवड़ा वे चंद युवा नेता थे, जिन्हें राहुल गांधी की 'युवा ब्रिगेड' की संज्ञा दी जाती थी। आज इनमें से केवल पायलट ही कांग्रेस में रह गये हैं। पिछले साल ही महिला कांग्रेस की अध्यक्ष सुष्मिता देव ने कांग्रेस को छोड़ कर तृणमूल कांग्रेस का दामन थाम लिया था। मिलिंद देवड़ा के इस्तीफे की पृष्ठभूमि में राहुल ब्रिगेड के बिखरने के कारणों और इसके असर का विश्लेषण कर रहे हैं आजाद सिपाही के विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**

## ■ अब केवल सचिन पायलट ही बचे कांग्रेस के युवराज की टीम में, 2024 से पहले देश की सबसे पुरानी पार्टी को लगा जोरदार झटका

एक दौर था, जब राहुल गांधी के नेतृत्व में कांग्रेस को युवाओं की पार्टी कहा जाता था। वजह थे राहुल गांधी के साथ जुड़े वे पांच नेता, जो उनकी टीम के अभिन्न अंग माने जाते थे और हर छोटे-बड़े फैसले में गांधी परिवार के साथ रहते थे। इनमें अधिकतर नेता अपने परिवार के कांग्रेस से जुड़ाव के कारण पार्टी में शामिल रहे और राहुल के करीबी बने। हालांकि 2014 में भाजपा के केंद्र में सरकार बनाने और देश की राजनीति में परिवारवाद का मुद्दा उठने के बाद एक-एक कर इन युवा नेताओं ने राहुल से दूरी बना ली है। इनमें सबसे ताजा नाम महाराष्ट्र कांग्रेस के अहम चेहरे और युवा नेता मिलिंद देवड़ा का है, जिन्होंने रविवार को पार्टी से परिवार का 55 साल पुराना नाता खत्म करने का एलान किया।

कुछ वर्ष पहले कांग्रेस के इन युवा रणबांकुरों की एक तस्वीर सोशल मीडिया पर काफी वायरल हुई थी। यह फोटो 2012 में राष्ट्रपति भवन में हुए एक कार्यक्रम की थी। इस फोटो में कांग्रेस के युवा चेहरों का जुटान था। तस्वीर में सचिन पायलट, ज्योतिरादित्य सिंधिया, आरपीएन सिंह, मिलिंद देवड़ा और जितिन प्रसाद आपस में बात करते देखे जा सकते हैं। इन चेहरों को एक समय पर राहुल के साथ पार्टी का भविष्य करार दिया जा रहा था। हालांकि ये चेहरे एक-एक कर के पार्टी से अलग हो चुके हैं।

**सबसे पहले बाहर हुए ज्योतिरादित्य सिंधिया**

साल 2020 में ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कांग्रेस से इस्तीफा देने का एलान किया था। बताया जाता है कि वह पार्टी में युवा चेहरों की अनदेखी से खासे नाराज थे। इससे पहले वह पीएम मनमोहन सिंह के नेतृत्व में केंद्र में मंत्री भी रहे। हालांकि 2018 में मध्यप्रदेश में उनकी जगह कमलनाथ को मुख्यमंत्री बनाने का पार्टी का फैसला भी उन्हें रास नहीं आया था। इसके बाद उन्होंने 28 विधायकों के साथ कांग्रेस से इस्तीफा दे दिया। इससे कमलनाथ की अगुवाई वाली कांग्रेस सरकार रातों-रात गिर गयी थी। सिंधिया



बाद में भाजपा में शामिल हो गये और शिवराज सिंह चौहान फिर मध्यप्रदेश के सीएम बने।

**जितिन प्रसाद ने छोड़ा कांग्रेस का साथ**

उत्तरप्रदेश में बड़ा ब्राह्मण चेहरा कहे जाने वाले जितिन प्रसाद ने जून 2021 में कांग्रेस छोड़ कर भाजपा ज्वाइन कर ली थी। उनका राजनीतिक करियर यूथ कांग्रेस से शुरू हुआ था और वह यूपीए सरकार में मंत्री भी रहे। सिंधिया की तरह ही जितिन प्रसाद भी पारिवारिक तौर पर कांग्रेस से जुड़े थे। उनके पिता जितेंद्र प्रसाद और बाबा ज्योति प्रसाद कांग्रेस का अहम चेहरा रहे थे। हालांकि इस्तीफे से ठीक पहले जितिन प्रसाद को पार्टी हाइकमान से नाराज बताया जा रहा था। वह कांग्रेस में तवज्जो न मिलने और यूपी कांग्रेस के कुछ नेताओं से अपनी नाराजगी जाहिर भी कर चुके थे। जितिन प्रसाद की शिकायत को पार्टी हाइकमान ने नजरअंदाज किया, जिसके बाद उन्होंने भाजपा का दामन थाम लिया।

**फिर गिरा आरपीएन सिंह का विकेट**

कांग्रेस से युवा चेहरों के जाने का सिलसिला इसके बाद भी जारी रहा। अगला नाम था आरपीएन सिंह का, जिन्होंने 2022 में यूपी विधानसभा चुनाव से ठीक पहले पार्टी को झटका दे दिया और सिंधिया की मौजूदगी में भाजपा का दामन थाम लिया था। मजेदार बात यह थी कि आरपीएन सिंह ने यह इस्तीफा तब दिया था, जब कांग्रेस ने उनकी क्षमताओं पर भरोसा करते हुए यूपी में उन्हें अपना स्टार प्रचारक नियुक्त किया था। आरपीएन सिंह ने मनमोहन सरकार में पेट्रोलियम मंत्रालय से लेकर गृह मंत्रालय में राज्यमंत्री की भूमिका संभाली थी।

**और अब मिलिंद देवड़ा ने छोड़ा कांग्रेस का साथ**

रविवार को, जब राहुल गांधी अपनी 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' पर रवाना हो रहे थे, कांग्रेस के वरिष्ठ नेता, मुंबई में पार्टी के प्रमुख चेहरे और पूर्व केंद्रीय मंत्री मिलिंद देवड़ा ने कांग्रेस की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे दिया। सोशल मीडिया पर एक पोस्ट साझा कर मिलिंद देवड़ा ने लिखा कि आज वह अपनी राजनीतिक यात्रा के अहम अध्याय का अंत कर रहे हैं। मैंने कांग्रेस की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे दिया है। साथ ही कांग्रेस पार्टी से अपने परिवार के 55 साल पुराने रिश्ते का भी अंत कर रहा हूं।

मिलिंद देवड़ा कांग्रेस के दिवंगत वरिष्ठ नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री मुरली देवड़ा के बेटे हैं और साल 2004 और 2009 में दक्षिण मुंबई सीट से सांसद रह चुके हैं। साल 2014 और 2019 के लोकसभा चुनाव में मिलिंद देवड़ा को शिवसेना उम्मीदवार के सामने हार का सामना करना पड़ा था। मिलिंद देवड़ा की गिनती कांग्रेस के युवा चेहरों में होती थी। वह कांग्रेस सरकार में साल 2012 में केंद्रीय नौका परिवहन राज्यमंत्री भी बनाये गये थे। इसके अलावा वह सांसद रहने के दौरान रक्षा मंत्रालय की समिति, केंद्रीय शहरी विकास समिति के सदस्य भी रह चुके हैं।

**मिलिंद देवड़ा ने क्यों तोड़ा कांग्रेस से रिश्ता**

यहां बड़ा सवाल यह है कि जिस देवड़ा परिवार से कांग्रेस का इतना गहरा रिश्ता रहा, उससे अचानक यह रिश्ता टूट कैसे गया। दरअसल मिलिंद देवड़ा पिछले कुछ समय से पार्टी के स्थानीय नेताओं से नाराज चल रहे थे। वह अपनी संसदीय सीट दक्षिण मुंबई में पार्टी की गतिविधियों पर एकाधिकार चाहते थे। 2024 के चुनाव में भी वह इस सीट से चुनाव लड़ना चाहते थे, लेकिन महाविकास अघाड़ी के समझौते के अनुसार यह सीट अब शिवसेना (उद्धव गुट) के पास जानेवाली है, क्योंकि 2014 और 2019 में उसके प्रत्याशी अरविंद सावंत ने मिलिंद देवड़ा को हराया था। इसलिए मिलिंद देवड़ा ने संसद में जाने के लिए कांग्रेस को छोड़ने का फैसला किया। माना जा रहा है कि अब मिलिंद देवड़ा एकनाथ शिंदे की शिवसेना में शामिल होकर दक्षिण मुंबई सीट से फिर चुनाव मैदान में उतर सकते हैं।

**अब सचिन पायलट ही बचे**

मिलिंद देवड़ा के इस्तीफे के बाद अब राहुल ब्रिगेड में केवल सचिन पायलट ही बच गये हैं, जो राजस्थान में अशोक गहलोत के खिलाफ लगातार मोर्चाबंदी किये हुए हैं। बताया जा रहा है कि 2024 के चुनाव से पहले वह भी अलग रास्ता अख्तियार कर सकते हैं और यदि ऐसा होता है, तो बहुत आश्चर्य की बात नहीं होगी।

## जमशेदपुर की खबरें

# परमात्मा की कृपा सभी पर बनी रहे : काले



**हर हर महादेव सेवा संघ ने जरूरतमंदों के बीच कंबल का किया वितरण**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**जमशेदपुर।** मकर संक्रांति के अवसर पर 'हर हर महादेव सेवा संघ' के संस्थापक अमरप्रीत सिंह काले के नेतृत्व में ठंड में राहत पहुंचाने के उद्देश्य से बाबू कुंवर सिंह मैदान, राजकीय जय हिन्द बालिका मध्य विद्यालय बागबेड़ा, गांधी मैदान, सोपोडेरा, परसुडीह, कल्याण नगर, भुइंयाडीह, बागुनहातु क्षेत्रों में जरूरतमंदो और बुजुर्गो के बीच कंबल का वितरण किया गया। मौके पर अमरप्रीत सिंह काले ने कहा जरूरतमंदों की सेवा ही नारायण सेवा है। ठंड के मौसम में कंबल मिलने पर बुजुर्गों के चेहरों में काफी खुशी और संतुष्टी देखने को मिल रहा है। इस अवसर पर प्रभु राम मुंडा, जुझार कालूनडीया, राम मुखी, अनीता महतो, मोनिका दास,रेमो पिंगुआ,राम, हेमंत कुमार पान, बिशु लोहार, अजय लोहार, विशाल सिंह, मिथलेश सिंह, दिग्विजय सिंह, सुनील तिवारी, राजन ठाकुर, सुभाशुं, शुभम, रिंकी देवी, लख्खीकांतो घोष, रुपलाल लोहार, मुकुल दास, राजू रजक, डॉ के डी गुप्ता, नरेश साहु, शुरू पात्रों सहित हर हर महादेव परिवार से अखिलेश पांडे, प्रिंस सिंह, बिभाष मजुमदार, अमित, सनोज चंद्र, सूरज, पिंटू, विक्की, सूरज और अन्य मौजूद रहे।

## वरिष्ठ नागरिकों का सम्मान हमारी सामाजिक सभ्यता का परिचायक : पुरेंद्र नारायण सिंह

**आदित्यपुर (आजाद सिपाही)।** आदित्यपुर नगर परिषद के पूर्व उपाध्यक्ष पुरेंद्र नारायण सिंह ने आदित्यपुर नगर निगम वार्ड- 32 में आदित्यपुर गम्हरिया विकास समिति बैनर तले वरिष्ठ नागरिको के लिए सम्मान समारोह का आयोजन किया। इस अवसर पर वार्ड 32 के उपस्थित करीब 500 वरिष्ठ नागरिकों में माताओ और बहनों को सम्मानित करते हुए नववर्ष की शुभकामनाओं के साथ सभी को कंबल, छाता, गेहूं का आटा, न्यू ईयर डायरी व अंग वस्त्र प्रदान किया गया। मौके पर पुरेंद्र नारायण सिंह ने वरिष्ठ नागरिक का हौसला अफ्जाई करते हुए कहा वरिष्ठ नागरिक अपने जीवन में कई सारी उपलब्धियां पायी है। वहीं वृद्धावस्था पेंशन की राशि दो हजार प्रति माह करने हेतु जन सहयोग से आंदोलन करने की बाते भी कही। पुरेंद्र नारायण सिंह ने वरिष्ठ नागरिक सम्मान समारोह में कहा वार्ड- 32 के जरूरतमंद वरिष्ठ नागरिकों को अस्पताल में इलाज के दौरान अटेंडर की सुविधा प्रदान की जायेगी। मौके पर एस एन यादव, सीएल तिवारी, बाला शंकर तिवारी, बैकुंठ चौधरी, अधिवक्ता संजय कुमार, देव प्रकाश, उदित, आशुतोष, ऋषि, अजय सारांश, फौजी शैलेंद्र, मनोज ठाकुर, संतोष यादव, संतोष शर्मा, बीके ठाकुर, शरद चंद्र उर्फ वकील सहित अन्य उपस्थित रहे।

**कार्यक्रम :** भाजपा ने केतार प्रखंड की भगवान घाटी में किया 14वीं श्रद्धांजलि सभा का आयोजन

# 30 शहीद बनिहारों को दी गयी श्रद्धांजलि

रविकांत चंद्रवंशी

**केतार (आजाद सिपाही)।** प्रखंड क्षेत्र के भगवान घाटी में रविवार को 14वां श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। इस दौरान विधायक भानु प्रताप शाही, गढ़वा के पूर्व विधायक सत्येंद्र तिवारी और भाजपाइयों के द्वारा बनिहार बेदी पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धासुमन अर्पित किया।

बनिहार बेदी पर पुष्प अर्पित करते हुए दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि दी गयी। उसके बाद शहीद बनिहारों के परिजनों को अंग वस्त्र प्रदान किया गया। इसके उपरांत सभा का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष कन्हाई प्रसाद और सभा का संचालन लक्ष्मण राम ने किया। सभा को संबोधित करते हुए सत्येंद्र नाथ तिवारी ने कहा की आपका बेटा भानु प्रताप शाही ने इस क्षेत्र के लोगों के लिए 12 माह के आलावा 2 माह का अतरिक्त अनाज भेजा, ताकि कोई भी गरीब असहाय लोगों को भूखे नही सोना



पड़े। उन्होंने कहा कि आपका विधायक अगली बार मंत्री बनेगा, इसकी गारंटी मैं देता हूं। विधायक श्री शाही ने कहा कि आज के दिन जो हमलोग यह कार्यक्रम किया करते हैं तो उस पर भी लोग मजाक उड़ाते हैं। लेकिन मुझ पर उसका कोई फर्क नहीं पड़ता। मेरे बाप का देहांत हुआ था, मैं छुरी लोटा लिया था, इस समय भी मैंने अपने लोगों को भेज कर बनिहार बेदी पर पुष्प चढ़ाया। मैं राजनीति नहीं करता, मैं गरीबों की सेवा हित में कार्य करता हूं। आज लोग राजनीति करते हैं? क्या उन्हें आज दो फूल बनिहार बेदी पर नहीं चढ़ाना चाहिए था। आज मैं हरेक लोगों के यहां चाहें दाह संस्कार हो, शादी ब्याह, मैं भाई बन कर पीठ पुराने का काम करता हूं। आज भी आपलोग देखते हैं की मैं हर वर्ष 28 फरवरी को सैकड़ों बहनों का हांथ पिला करने का कार्य करते हैं। मेरा सपना है कि 1001 गरीब बहनों का हाथ पिला करूंगा। उन्होंने कहा कि आज अबुआ आवास के नाम पर तीस तीस हजार रुपये वसूली किया जा रहा है। अंत में श्री शाही ने दिव्यांग, विधवा, वृद्ध और असहाय लोगों के बीच कंबल वितरण किया। तत्पश्चात सभी उपस्थित लोग खिचड़ी का लोग लुफ्त लिया।

**14 जनवरी 2010 को बिहार से धान काटकर लौट रहे 30 बनिहारों की ट्रक पलटने से हो गयी थी मौत :** विदित हो की 2010 में कुपा पंचायत के 30 बनिहार भोजपुर बिहार से धान काट कर वापस लौट रहे थे। उसी क्रम में केतार के भगवान घाटी में ट्रक अनियंत्रित हो कर पलट गयी थी। जिसमें 30 बनिहारों की घटना स्थल पर ही मौत हो गयी थी। उसी समय से क्षेत्रीय विधायक भानु प्रताप शाही के द्वारा हर वर्ष श्रद्धांजलि सभा का आयोजन करते आ रहे हैं। इस आयोजन में स्वास्थ्य शिविर का भी आयोजन किया जाता है, जिसमें हजारों की संख्या में लोग अपना इलाज कराते हैं।

**इनकी रही गरिमामयी उपस्थिति**
इस मौके पर गढ़वा विधानसभा पूर्व विधायक सतेंद्र तिवारी, जिला अध्यक्ष ओमप्रकाश केशरी, जवाहर पासवान, संतोष दुबे, भाजपा पार्टी वरिष्ठ नेता सारदा महेश प्रताप देव, मनोज पहाड़िया, जिला परिषद केतार ज्वाला प्रसाद, मंडल अध्यक्ष कन्हाई प्रसाद, मुकुंदपुर मुखिया मूंगा साह, रघुराज पांडे, राजीव रंजन तिवारी उपेंद्र दास, सुनील सिंह, मधुलता देवी, संध्याकार, मनोज, रामप्रसाद सहित हजारों कार्यकर्ता और ग्रामीण जनता उपस्थित थे।

### राज्यपाल के नाम सौंपा मांग पत्र

कार्यक्रम के अंत में प्रभारी बीपीओ मनोज कुमार को महामहिम राज्यपाल के नाम 21सूत्री मांगपत्र सौंपा गया। जिसमें मुख्य रूप से मृत बनिहारों के अश्रितों को नौकरी, पलायन रोकने, डोमनी बराज, सोन और कन्हर पाइप लाइन चालू करने, पंडा नदी, सोन नदी किनारे तटबंध, मुख्यमंत्री कृषि आशीर्वाद योजना की शुरूआत, शिक्षित बेरोजगारों को पांच हजार रुपये प्रति माह भत्ता, पारा शिक्षकों के साथ सभी अनुबंध कर्मी को स्थायी करते हुए वेतनमान देना, भवनाथपुर में सीमेंट फैक्ट्री, हरेक पंचायत में धान क्रय केंद्र खोलना, सहित अन्य मांग किया गया है।

## भूतपूर्व सैनिकों को सम्मानित किया गया



गढ़वा (आजाद सिपाही)। समाहरणालय के सभागार में उपायुक्त शेखर जमुआर और पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार पांडेय द्वारा 14 जनवरी के अवसर पर भूतपूर्व सैनिकों को माल्यार्पण कर और अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया गया, साथ हीं सभी का हौसला अफ्जाई करते हुए उनके द्वारा किये गये कार्यों को याद किया गया। उपायुक्त और पुलिस अधीक्षक द्वारा सम्मनित किये गये भूतपूर्व सैनिकों में मुख्य रूप से जुगल किशोर तिवारी, सुदामा प्रजापति, देवेंद्र नाथ शुक्ला, प्रभु दास टोप्पो, अशोक लाल बखला, अमर राय, पीएनएन दुबे, रामविलास प्रसाद, राजेंद्र शुक्ला सहित 29 भूतपूर्व सैनिक शामिल हुए। सभी भूतपूर्व सैनिकों को उपायुक्त और पुलिस अधीक्षक के द्वारा माल्यार्पण के साथ अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया गया। उल्लेखनीय है कि संयुक्त सचिव, गृह कारा और आपदा प्रबंधन विभाग, झारखंड रांची से प्राप्त पत्र के आलोक में आज इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

## मंत्री ने मंदिर के छतरी निर्माण के लिए मेला कमेटी को दिया 31 हजार रुपये का सहयोग



रंका (आजाद सिपाही)। रंका अनुमंडल मुख्यालय स्थित भलपहरी में मकर सक्रांति के अवसर पर मेला का आयोजन किया गया। इस अवसर पर गढ़वा विधायक सूबे के पेयजल और स्वच्छता मंत्री मिथिलेश ठाकुर के सौजन्य से मेला कमेटी को मंदिर के छतरी और सिढ़ी निर्माण कराने हेतु 31 हजार रुपये का सहयोग राशि विधायक प्रतिनिधि कंचन साहू के हाथों प्रदान किया गया। इस मौके पर झामुमो युवा जिलाध्यक्ष सह विधायक प्रतिनिधि संजय सिंह छोटू, अनुमंडल अध्यक्ष जैनुल्लाह अंसारी, अनुमंडल युवा अध्यक्ष सह खरडीहा पंचायत मुखिया प्रतिनिधि पप्पू यादव, प्रखंड अध्यक्ष आशीष कुमार गुप्ता, सचिव इरफान अंसारी, सोनदाग पंचायत की मुखिया रीमा देवी, बीस सूत्री अध्यक्ष अहमद अली अंसारी, उपाध्यक्ष अरविंद सोनी, दिलीप चौधरी, स्वयंसेवक अमरेंद्र, बेचन पांडेय सहित काफी संख्या में झामुमों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## मरदा में पूजित अक्षत और निमंत्रण कार्ड का वितरण

**भंडरिया (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के ग्राम मरदा गांव में अयोध्या के राम मंदिर में 22 जनवरी को रामलाल की मूर्ति के प्राण प्रतिष्ठा समारोह से पूर्व पूजित अक्षत और निमंत्रण कार्ड का वितरण ग्राम मरदा में विभिन्न टोला में टोली बनाकर उत्साह पूर्वक अयोध्या के पूजित अक्षत वितरण किया जा रहा है, आज पूरे गांव में निमंत्रण पत्र और पूजित अक्षत हर घर में वितरण किया गया। वह मर्दा गांव से जुलूस के शक्ल में जय श्री राम का नारा लगाते हुए भंडरिया प्रखंड मुख्यालय स्थित इंदिरा गांधी चौक होते हुए भंडारिया बाजार से मरदा वापस लौट गये। इस जुलूस में मरदा और नौका के लोग उत्साह पूर्वक जय श्री राम का नारा लगा रहे थे इस मौके पर अनिल केसरी पंकज केसरी प्रणव केसरी बीरबल भुइया धनपत सिंह गोविंद सिंह जुलूस में शामिल थे।

# मेल्विन जॉन्स के जन्म दिवस पर फूड फॉर हंगर कार्यक्रम का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** लायंस क्लब का गढ़वा सिटी के द्वारा लायंस क्लब के जन्मदाता लायन मेल्विन जॉन्स के जन्म दिवस के अवसर पर गढ़वा में फूड फॉर हंगर का कार्यक्रम किया गया। सौभाग्यवश इसी दिन लायंस क्लब ऑफ गढ़वा सिटी के चार्टर मेंबर और भूतपूर्व अध्यक्ष समाजसेवी लायन दयाशंकर गुप्ता जी का जन्मदिन भी धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर सर्वप्रथम केक काटकर लायन मित्रों ने खुशियां जाहिर की तत्पश्चात अध्यक्ष लायन सुशील केसरी, आईपीपी लायन राजमणि प्रसाद ने लायन दया शंकर गुप्ता जी का स्वागत किया। इस अवसर पर सेक्रेटरी लायन संजय कुमार, ट्रेजरर लायन सुनील कुशवाहा, सम्मानित सदस्य लायन राम नारायण प्रसाद, लायन लखन प्रसाद कश्यप, लायन उमाशंकर श्रीवास्तव, लायन डॉ अशोक



कुमार, लायन शिवकुमार गुप्ता, लायन दीपक, लायन संतोष कश्यप, अनिल आदि ने दया जी के जन्म दिवस के अवसर पर बधाई दी तत्पश्चात मिनी बस स्टैंड स्थित रघुनंदन रेसिडेंसी केपास गरीबों के बीच चूड़ा, गुड, तिलकुट का वितरण किया गया। इस अवसर पर अध्यक्ष सुशील केसरी ने बताया कि आज के दिन का विशेष महत्व है। विश्व के 187देशों में लायंस क्लब सेवा दे रहा है इस पुनीत कार्य में बढ़-चढ़कर लोग भाग ले रहे हैं।यह विश्व की सबसे बड़ी सेवा संस्था है अतः लायंस क्लब के जन्मदाता लायन मेल्विन जोंस के जन्मदिन को गरीबों की सेवा में समर्पित किया जाता है अतः आज गरीबों को भोजन रूप में चूड़ा गुड तिलकुट का वितरण किया जा रहा है।इस अवसर पर लायन दया शंकर गुप्ता ने सभी मित्रों एवं गढ़वा वासियों को बधाई थी उन्होंने बताया कि बढ़ती उम्र के साथ एक-एक वर्ष उम्र कम होता जा रहा है अतः हम इस बचे समय में समाज की सेवा भरपूर कर सके यही प्रभु से प्रार्थना है। लायन डॉक्टर अशोक कुमार, लायन शिवकुमार गुप्ता, लायन दीपक कुमार, लायन संतोष कश्यप ने अपने सहयोग से लोगों को भोजन सामग्री उपलब्ध करायें।

### लायंस इंटरनेशनल संस्थापक मेल्विन जॉन्स के जन्मदिन पर कंबल वितरित



लायंस क्लब ऑफ गढ़वा विशाल ने लायंस इंटरनेशनल संस्थापक मेल्विन जॉन्स का जन्मदिन धुमधाम से मनाया। क्लब अध्यक्ष ला० डॉ कमलेश कुमार कि अध्यक्षता में लायंस विशाल कार्यालय गढ़वा में शनिवार रात मेल्विन जॉन्स के जन्मदिवस पर जरुरतमंदों के बिच ढ़ेर सारे कंबल का वितरण किया गया। उसके बाद क्लब अध्यक्ष ला० डॉ कमलेश कुमार के साथ सभी लायंस विशाल परिवार ने केक काटकर एक दुसरे को खिलाकर मनाया जन्मदिन उसके दुसरे दिन रविवार को क्लब कार्यालय में गोद लिये हुए दस टीबी मरीजों के बिच फुड फॉर हंगर के तहत सभी मरीजों को पौष्टिक आहार दिया गया। इस कार्यक्रम में लायंस विशाल के बहुत सारे पदाधिकारी और सदस्य उपस्थित थे।

## रंकाकला में पूजित अक्षत और निमंत्रण पत्र का वितरण



रंका (आजाद सिपाही)। रंका अनुमंडल मुख्यालय के रंकाकला पंचायत में 1190 घरों में लगभग 10 हजार हिंदू सनातनी लोगों के बीच अयोध्या से पूजित अक्षत, भगवान श्री राम की तस्वीर और निमंत्रण पत्र का वितरण किया गया है। प्रखंड संयोजक सोनू कुमार मद्धेशिया और सहसंयोजक आलोक कुमार ने कहा कि जिन बंधुओं के घर पूजित अक्षत और निमंत्रण पत्र नहीं पहुंचा हो वे उनसे संपर्क कर प्राप्त कर सकते हैं। इस अवसर पर सोनू कुमार मद्धेशिया ने कहा कि अयोध्या में श्री राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा दिवस 22 जनवरी जैसे जैसे नजदीक आ रही है वैसे वैसे पूरे रंका अनुमंडल मुख्यालय के राम भक्तों में उत्साह देखने को मिल रहा है।

## मकर संक्रांति में जगह-जगह लगा मेला

मेराल (आजाद सिपाही)। मकर संक्रांति को लेकर लोगों में काफी उत्साह देखा गया। इस अवसर पर शहर से गांव तक जगह-जगह मेले का आयोजन किया गया जिसमें युवाओं के साथ बच्चों ने खूब लुफ्त उठाया। मकर संक्रांति पर धार्मिक मान्यता के अनुसार लोग सुबह से ही विभिन्न जलस्त्रोतों में स्नान कर मंदिरों में पूजा अर्चना करने के बाद अधिकांश लोग दान पुण्य करने के पश्चात दही-चूड़ा के साथ-साथ तिलकुट, लाई, तिलवा आदि का आनंद लिया। प्रखंड के ऐतिहासिक बंका पहाड़ी, लातदाग के चूरामन पहाड़, बाना में शरबदाहा यूरिया नदी, हड़कुड़ी, पचफेड़ी मोड़ शिव मंदिर पहाड़ी सहित अन्य कई जगहों पर मेले का आयोजन किया गया। लोगों के अनुसार 15 जनवरी को भी यहां मेला लगेगा जिसका आनंद लोग उठा सकेंगे। 20 ऐतिहासिक बंका पहाड़ का मेले में उपस्थित लोग।

# मनरेगा योजना में किया जा रहा है मशीनों का प्रयोग

खेल मैदान निर्माण कार्य में जेसीबी मशीन और ट्रैक्टर से सरेआम निर्माण कार्य हो रहा है। ग्रामीण मजदूरों को कार्य नहीं मिल रहा है और वे पलायन करने पर विवश हैं

आजाद सिपाही संवाददाता

**केतार।** प्रखंड क्षेत्र के परती कुशवानी पंचायत के छाता कुंड गांव में मनरेगा योजना के तहत खेल मैदान निर्माण कार्य में जेसीबी मशीन और ट्रैक्टर से सरेआम निर्माण कार्य हो रहा है। ग्रामीण मजदूरों को कार्य नहीं मिल रहा है और वे पलायन करने पर विवश है। आज प्रखंड क्षेत्र के भगवान घाटी मे बनिहार बेदी पर श्रद्धांजलि सभा में भाग लेने जा रहे हे लोगों ने कहा कि आज ही के दिन बिहार पलायन कर गए लोग वापस आने के क्रम में भगवान घाटी में



ही 30 मजदूरों की मौत हो गयी थी। और मनरेगा जैसा कल्याणकारी योजना में मजदूरों के स्थान पर मशीनों से कार्य लिया जा रहा है, यह दुर्भाग्यपूर्ण है। आज कार्य नहीं मिलने से मजदूरों का स्थिति दयनीय है। बताते चलें कि परती कुशवानी पंचायत में मनरेगा योजना के द्वारा छाताकुंड हाई स्कूल में खेल मैदान का कार्य मजदूरों से नहीं कराकर जेसीबी मशीन और ट्रैक्टर से करायी जा रही है।

**इस मामले में क्या कहते हैं जेई:** इस मामले में जेई राजीव कुमार ने बताया कि हो रहे कार्य को बंद कर दिया गया है और विभागीय अधिकारी को इसकी सूचना दी जा चुकी है।

**क्या कहते हैं प्रखंड विकास पदाधिकारी:** इस मामले को लेकर दूरभाष के माध्यम से प्रखंड विकास पदाधिकारी नंदराम जी से पूछे जाने पर बताया की इस मामले की जांचोपरांत इस योजना को बंद कर दिया जायेगा।

# मकर संक्रांति पर मेले का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता

**धुरकी (गढवा )।** धुरकी प्रखंड क्षेत्र के अंबाखोरेया स्थित सुखलदरी जलप्रपात में मकर संक्रांति के अवसर पर मेले का आयोजन प्रत्येक वर्ष के भांती इस वर्ष भी किया गया था। वहीं हजारों पर्यटक के भीड़ उमड़ी थी यहां झारखंड, बिहार, उत्तर प्रदेश और पड़ोसी राज्य छत्तीसगढ़ से काफी संख्या में युवक बच्चे नौजवान बूढ़े महिला पुरुष की भीड़ उमड पड़ी। वहीं मकर संक्रांति पर्व के अवसर पर श्रद्धालु पर्यटक सभी ने कनहर नदी के पवित्र बहते हुए पानी में लोगों को आस आस्था की डुबकी लगाकर पारंपरिक तरीके से शिव मंदिर में विधि विधान के साथ पूजा अर्चना किया पूजा अर्चना के बाद सभी ने दही चूड़ा गुड़ तिल का प्रसाद ग्रहण किया और मेले में घूम-घूम कर फाल के नजदीक पहुंचकर सभी ने मनोरम दृश्य अपने स्मार्टफोन और कमरे में कैद किया। इसके अलावा काफी संख्या में लोगों ने लोहे की



बनी आने को प्रकार की धारदार चाकू तंगी इत्यादि की भी खरीदारी की वहीं सुरक्षा के लिए अंचल अधिकारी जुल्फिकार अंसारी ने एक नोडल सहित सात मजिस्ट्रेट की नियुक्ति लोगों को सुरक्षा के लिए किया था लेकिन मेले में दोपहर 1:00 बजे तक एक भी मजिस्ट्रेट ड्यूटी में नजर नहीं आए वहीं थाना प्रभारी संतोष कुमार रवि ने ट्रैफिक व्यवस्था को सुचारू बनायें रखने के लिए परासपानी कला गांव से लेकर सुखलदारी जल प्रपात के मुख्य द्वार तक नाका और बैरियर लगाकर बड़े छोटे सभी वाहनों के प्रवेश और प्रतिबंध लगा दिया था, इसलिए मुख्य गेट तक पूर्व की भांति इस वर्ष ट्रैफिक और जाम की समस्या लोगों को राहत मिले। वहीं मेले में जल प्रपात के निकट सब इंस्पेक्टर विपिन कुमार सोनू पुलिस बल के साथ मुसतैद थे। मुखिया प्रतिनिधि हरिलाल सिंह के नेतृत्व मे सैकडो स्वयं सेवक सुरक्षा के लिए सक्रिय थे।

## पुलिस ने 30 क्विंटल जावा महुआ किया विनष्ट



मेराल (आजाद सिपाही)। प्रशिक्षु डीएसपी चिरंजीवी के नेतृत्व में मेराल थाना क्षेत्र के सुदूरवर्ती गांव दुलदुलवा में महुआ शराब के विरुद्ध सघन छापेमारी अभियान चलाया गया। छापेमारी के दौरान पुलिस टीम ने कई घरों और जंगली इलाकों में कई जगहों पर छापामारी कर करीब 30 क्विंटल जावा महुआ को विनष्ट किया गया। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार तथा आसपास के क्षेत्र में लगातार अवैध महुआ शराब बनाने तथा बेचने की शिकायत मेराल थाना पुलिस को मिल रही थी। इसके बाद सघन छापेमारी अभियान चलाया गया। पुलिस टीम को आते देख कारोबारी मौके से फरार हो गए, परंतु पुलिस की टीम ने मौके से भारी मात्रा में अर्ध निर्मित अवैध महुआ शराब को विनष्ट कर दिया। छापेमारी अभियान में थाना प्रभारी नीतीश कुमार के साथ कई पुलिस अधिकारी और सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

## चांदराज पहाड़ी पर मेले का आयोजन

रमना (आजाद सिपाही)। प्रखंड सहित आस पास के क्षेत्रों में मकर सक्रांति पर्व धूम धाम से मनाया जा रहा है। जिसमें प्रत्येक वर्ष कि भांति सिलीदाग के बाबा चांदराज पहाड़ी पर मेले का आयोजन किया गया। इस कार्य को सफल बनाने में गोपाल प्रसाद गुप्ता, बनारसी ठाकुर, जगदीश यादव, रामचंद्र को संगठन सचिव, दिलीप ठाकुर, बिरंची पासवान, परसू मेहता, श्याम सुंदर सहित कई लोगों ने सराहनीय भूमिका निभायी। इसी तरह भागोडीह के फटहा नदी, टंडवा गांव स्थित बाई बांकी नदी के प्रांगण में शिव मंदिर में पूजा पाठ कर मेले का आयोजन किया गया।

# जूनियर वर्ग में जवाहर नवोदय छठी बार बना चैंपियन

गढ़वा जिला अंतर स्कूल क्रिकेट प्रतियोगिता

आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** जिला पब्लिक स्कूल समय समिति के तत्वाधान में खेले जा रहे 22वीं गढ़वा जिला अंतर स्कूल क्रिकेट प्रतियोगिता के जूनियर वर्ग में जवाहर नवोदय विद्यालय ने बीपी डीएवी स्कूल को पांच विकेट से हराकर चैंपियन बना। इसी के साथ छठी बार रामानंद सिंह स्मृति कप पर कब्जा जमाया।



गोविंद हाई स्कूल के मैदान में बीपीडीएवी की टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए सत्यम के 23 रनों के सहयोग से 90 रनों का स्कोर खड़ा किया। जवाहर नवोदय विद्यालय की और से अभिषेक कुमार गुप्ता ने दो विकेट प्राप्त किया। जवाबी पारी खेलने उतरी जवाहर नवोदय विद्यालय ने सुशील के 20, अभिषेक के 11 और जेपी के दस रनो के सहयोग से तीन ओवर शेष रहते पांच विकेट खोकर विजय लक्ष्य को पा लिया। इसी के साथ जवाहर नवोदय विद्यालय की टीम ने लगातार दूसरी बार रामानंद सिंह स्मृति कप पर कब्जा जमाया। मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार जवाहर नवोदय विद्यालय के अभिषेक कुमार गुप्ता को दिया गया।

जूनियर वर्ग में मैन ऑफ द सीरीज बीपीडीएवी के उत्कर्ष, बेस्ट बल्लेबाज बीपीडीएवी के नैतिक तिवारी, बेस्ट गेंदबाज साउथ प्वाइंट के सोएब रजा, बालिका वर्ग में मैन ऑफ द सीरीज ज्ञान निकेतन बेलचंपा के सुहानी सिंह, बेस्ट गेंदबाज शांति निवास के श्रुति कुमारी, बेस्ट बल्लेबाज ज्ञान निकेतन बेलचंपा की सिमरन सिंह को दिया गया। इस मौके पर सचिव आनंद सिन्हा, सह सचिव प्रिंस सोनी, पंकज सिंह, विधायक प्रतिनिधि ओमप्रकाश गुप्ता, कोषाध्यक्ष कमलेश दुबे, सह सचिव प्रिंस सोनी, अभिषेक द्विवेदी अभय कुमार, नवनीत कुमार, दिव्य रंजन चौबे, मनीष उपाध्याय रणजीत तिवारी, मनीष, अनिल कुमार, धीरज, मनोज तिवारी, प्रवीन मिश्रा, प्रिंस दुबे, रोहन तिवारी, आलोक गुप्ता, आदित्य तिवारी, विशाल कुमार शामिल थे।

## मैत्री क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन

गढ़वा (आजाद सिपाही)। कूड़ेलवा (भिखही) स्थित खेल मैदान में वार्ड स्तरीय मैत्री क्रिकेट टूर्नामेंट भिखही सीजन-2 का मैच वार्ड 1 बनाम वार्ड 10 के बीच खेला गया। वार्ड 10 टॉस जीतकर फील्डिंग करने का फैसला किया। मैच का उद्घाटन ग्राम पंचायत भिखही के मुखिया वीरेंद्र चौधरी के द्वारा बल्लेबाजी कर किया गया। वार्ड 1 की टीम वार्ड 10 की टीम का चार विकेट से हराया। इस अवसर पर उपमुखिया प्रतिनिधि अर्जुन कुमार चौधरी, लव कुमार चौधरी, सूरत चौधरी, श्यामबिहारी तिवारी, वीरेंद्र साह, पंकज साह, प्रगाश चौधरी सहित हजारों लोग शामिल थे।

## श्री सर्वेश्वरी समूह ने ऊंटारी में कंबल का वितरण किया



श्री वंशीधर नगर (आजाद सिपाही)। श्री सर्वेश्वरी समूह शाखा नगर ऊंटारी में मां मैत्रायणी योगिनी महा निर्माण दिवस के अवसर पर विधिवत पूजा अर्चना कर विश्व की सुख शांति की कामना की गयी। उक्त अवसर पर समूह शाखा के द्वारा चलायें जा रहे चरणबद्ध तरीके से कंबल वितरण कार्यक्रम किया गया। आश्रम परिसर में उपस्थित 111 विकलांग, विधवा, बृद्ध, असहायों के बीच समूह के सदस्यों के द्वारा कंबल वितरण किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत अवधूत भगवान राम के तैलचित्र पर नामधारी कॉलेज के पूर्व प्राचार्य डॉ धर्मचंद्र लाल अग्रवाल, रजनीश मंगलम, सर्वेश्वरी समूह शाखा नगर उंटारी के उपाध्यक्ष हेमंत प्रताप देव ने माल्यार्पण और दीप प्रज्वलित कर किया। मौके पर शाखा के मंत्री आनंद जायसवाल, व्यवस्थापक संजीव कुमार सिन्हा, प्रोफेसर प्रशांत सहाय, राजेंद्र यादव, नागेंद्र, छोटू वार्ड, शुभम सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

# प्रकृति के साथ कुंवारी कन्याओं की अहमियत को दर्शाता है टुसू पर्व

आजाद सिपाही संवाददाता



**सोनाहातू।** टुसू पर्व झारखंड के पंचपरगना का सबसे महत्वपूर्ण पर्व है। यह जाड़ों में फसल कटने के बाद 15 दिसंबर से लेकर मकर संक्रांति तक लगभग एक महीने तक मनाया जाता है। टूसू का शाब्दिक अर्थ कुंवारी है। वैसे तो झारखंड के सभी पर्व-त्योहार प्रकृति से जुड़े हुए हैं, लेकिन टुसू पर्व का महत्व कुछ और ही है। यह पर्व झारखंड के अलावा पश्चिम बंगाल के पुरुलिया, मिदनापुर व बांकुड़ा जिलों, ओडिशा के क्योंझर, मयूरभंज, बारीपदा जिलों में मनाया जाता है। इस उत्सव को अगहन संक्रांति (15 दिसंबर) से लेकर मकर संक्रांति (14 जनवरी) तक इसे कुंवारी कन्याओं के द्वारा टुसू पूजन के रूप में मनाया जाता है। घर की कुंवारी कन्याएं प्रतिदिन संध्या समय में टुसू की पूजा करती हैं। कुरमाली भाषा परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ राजा राम महतो ने बताया, अगहन संक्रांति के दिन गांव की कुंवारी कन्याएं टुसू की मूर्ति बनाती हैं। इसी मूर्ति के चारों ओर सजावट करती हैं और फिर धूप, दीप के साथ टुसू की पूजा करती हैं। मकर संक्रांति के दिन टुसू पर्व मनाया जाता है और फिर उसके अगले दिन इसे नदी में प्रवाहित किया जाता है। मकर संक्रांति के एक दिन पहले पुरुषों द्वारा बिना बाजी का मुर्गोत्सव मनाया जाता है जिसे बाउड़ी कहा जाता है। इस उत्सव से लौटने के उपरांत सारी रात लोग गाते- बजाते हैं। सुबह सभी ग्रामीण मकर स्नान के लिए नदी पहुंचते हैं। स्नान के दौरान गंगा माई का नाम लेकर मिठाई भी बहाते हैं। उत्सव और मेले का आनंद लेने के बाद टुसू का विसर्जन गाजे-बाजे के साथ कर दिया जाता है। टुसू पर्व मनाए जाने के पीछे की कहानी टुसू पर्व को धूमधाम से मनाने के पीछे कई कई कहानियां प्रचलित हैं। टुसू एक गरीब कुड़मी किसान की अत्यंत सुंदर कन्या थी। धीरे-धीरे संपूर्ण राज्य में उसकी सुंदरता का बखान होने लगा। एक क्रूर राजा के दरबार में भी खबर फैल गयी।

राजा को लोभ हो गया और कन्या को प्राप्त करने के लिए उसने षड्यंत्र रचना प्रारंभ कर दिया। उस वर्ष राज्य में भीषण अकाल पड़ा था। किसान लगान देने की स्थिति में नहीं थे। इस स्थिति का फायदा उठाने के लिए राजा ने कृषि कर दोगुना कर दिया। गरीब किसानों से जबरन कर वसूली का राज्यादेश दे दिया। पूरे राज्य में हाहाकार मच गया टुसू ने किसान समुदाय से एक संगठन खड़ा कर राजा के आदेश का विरोध करने का आह्वान किया। राजा के सैनिकों और किसानों के बीच भीषण युद्ध हुआ। हजारों किसान मारे गये टुसू भी सैनिकों की गिरफ्त में आने वाली थी। उसने राजा के आगे घुटने टेकने के बजाय जल-समाधि लेकर शहीद हो जाने का फैसला किया और उफनती नदी में कूद गई। टुसू की इस कुरबानी की याद में ही टुसू पर्व मनाया जाता है और टुसू की प्रतिमा बनाकर नदी में विसर्जित कर श्रद्धांजलि अर्पित किया जाता है। टुसू कुंवारी कन्या थी इसलिए इस पर्व में कुंवारी लड़कियों की ही भूमिका अधिक होती है।

## 13 जनवरी से चाउर धोआ और गुंडी कुटा के साथ टुसू पर्व के नियम शुरू

**पांच परगना के साथ पश्चिम बंगाल के कुड़मी बाहुल क्षेत्र तुलीन, झालदा, बाघमुंडी आदि क्षेत्र में टुसु परब की तैयारी के लिए लोगों ने तेल गुड़, हाड़ी कड़ाही, लुगा फाटा, जुता चप्पल की खरीद दारी शुरू कर दिया है। इससे टुसु परब की लहर शुरू हो जाती है। इस वर्ष 13 जनवरी रविवार को चाउर धोकर ढेंकी से कूटकर चावल की गुंडी निकालने की विधि के साथ टुसु परब शुरू हो रहा है। कुड़माली संस्कृति से जुड़े.ईचागढ़ पिलीद गांव निवासी बिंदेश्वर महतो के अनुसार बॉउड़ी ( पीठा देआ व पीठा खाआ) बॉउड़ी 14 जनवरी सोमवार को है इस दिन घर में गुड़ पीठा, मसाला पीठा, उंधी पीठा,आलती पीठा के अलावा मुढ़ी लड्डू, तिल लड्डू, नारियल लड्डू भी बनाए जाते हैं। पीठा मुढ़ी दान पुण्य करने के बाद खाने का नेग नियम है। इस वर्ष पौष संक्रान्ति टुसु मेला यानी कुड़माली संस्कृति के मानने वाले लोगों की वर्ष की शेष दिन 15 जनवरी सोमवार को है चूंकि पौष महीना 29 दिन का है। इस दिन टुसु ने वीरता पूर्वक जल समाधि ली थी। यही कारण है कि लोग इस त्योहार को बेटी की शौर्य दिवस के रूप में मनाते है।**

## आखाइन जातरा

टुसु गीत, टुसु जुलूस, टुसु विसर्जन, स्नान दान पुण्य पीठा मुढ़ी का सेवन एवं टुसु से अपने परिवार की मंगल कामना करने के साथ लोग मेला से घर वापसी करते है। पहला माघ कुड़माली नव वर्ष आखाईन जातरा दिन 16 जनवरी मंगलवार को है हार पुनाह, घर गुड़ी, विवाह शादी, के अलावा कोई भी अच्छा काम लोग इसी दिन से करना ज्यादा उचित समझते हैं । गोबर काटना, बैलों का पैर धोना, धान एवं पीठा खिलाने का विशेष नियम रहता है। 17 जनवरी गुरुवार से लोग अपने बेटी बहिन का घर पीठा लेकर गोतियारी जाने का नेग है।

# समाज ने बहुत कुछ दिया अब समाज के लिए कुछ करना है : सिंगराय जी

स्वरूप भट्टाचार्य



**तमाड़ (आजाद सिपाही)।** तमाड़ विधानसभा क्षेत्र के अड़की प्रखंड के बीरबांकी के बानापीड़ी गांव के रहने वाले पूर्व अभियंता प्रमुख सिंगराय जी से *आजाद सिपाही* की खास बातचीत हुई। पिछले साल 30 नवंबर को सिंगराय जी झारखंड सरकार से रिटायर हुए हैं। बातचीत में उन्होंने कहा कि उनके मन में हमेशा से समाज और देश के लिए कुछ करने की चाहत थी। इसलिए रिटायर होने के बाद अब वह अपने क्षेत्र (तमाड़ विधानसभा) के लिए कुछ अच्छा करना चाहते हैं। इसी क्रम में वह दिन-राज पूरे क्षेत्र का दौरा कर रहे हैं और लोगों से मिल कर उनकी और उनके क्षेत्र की समस्याओं की जानकारी ले रहे हैं। इसी दौरान आज सलगाडीह में सिंगराय जी की *आजाद सिपाही* ब्यूरो चीफ से मुलाकात हुई। दोनों ने एक दूसरे का अभिवादन करते हुए नये साल की बधाई दी। बातचीत के दौरान पत्रकार ने देखा कि धीरे-धीरे सिंगराय जी के आसपास लोगों की भीड़ जमा होने लगी। भीड़ में महिला, बुजुर्ग और साथ में कई नौजवान भी थे, जो अपनी-अपनी समस्याओं से उन्हें अवगत करा रहे थें। यह देख पत्रकार के मन में जिज्ञासा हुई और उन्होंने सिंगराय जी से सवाल कर डाला कि, आगे भविष्य में आप क्या करना चाहते हैं। यह सुन सिंगराय जी मुस्कुरा कर कहने लगे कि समाज ने मुझे बहुत कुछ दिया बस मैं भी अपने समाज और क्षेत्र में लिए कुछ बेहतर करना चाहता हूं। कहा कि आज भी तमाड़ क्षेत्र में जनता अपने अधिकारों से वंचित है और जो हक उन्हें मिलना चाहिए उससे नदारद है। आज भी इस क्षेत्र में जनहित के कार्य ना के बराबर किये गये हैं। आज भी सुदूर गांवों में बिजली, पानी और सड़क की समस्या जस की तस है और अड़की प्रखंड में तो यह समस्या बहुत ही गंभीर हो गयी है। जब पत्रकार ने उनसे पूछा कि क्या आप चुनाव लड़ना चाहते हैं ? इस सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि वह चुनाव के मुड़ में नहीं हैं लेकिन जनता जो चाहेगी और जो फैसला करेगी वही सर्वमान्य रहेगा। **आगे उन्होंने कहा:** कि रिटायर होने के बाद मैंने सोचा कि समाज और इस क्षेत्र ने मुझे बहुत कुछ दिया है अब समय है कि मैं भी अपने समाज और इस क्षेत्र के लिए कुछ करू इसलिए मैं दिन-रात इस क्षेत्र में घुम रहा हूं और लोगों से मिल कर तमाड़ विधानसभा क्षेत्र की समस्याओं से अवगत हो रहा हूं। पत्रकार ने उनसे पुछा कि आप आजसु-भाजपा गठबंधन से टिकट लेने के लिए आजसु सुप्रीमो सुदेश कुमार महतो से मिले है? इस सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि नहीं अभी मैंने किसी से मुलाकात नही की है। उन्होंने कहा कि जब वह चीफ इंजीनीयर थे तब सुदेश महतो विधायक और मंत्री थे, तब उनसे मिलना जुलना होता था।

बातचीत आगे बढ़ती गयी और क्षेत्र को लेकर उनकी विजन भी सामने आती गयी। उन्होंने कहा कि कांची नदी इस इलाके की लाइफ लाइन है। इसकी नहर से ही बरसान में सिंचाई होती है। अगर यहां बराज बना दिया जाये तो सालो भर खेतों को पानी मिलता रहेगा और इससे कई समस्याएं दूर हो जाऐगी। उन्होंने कहा कि इस इलाके की बेहतरी के लिए मैं अपनी आवाज को बुलंद करूगा और सरकार से अपील करूगा की यहां की समस्याओं को समझे और उसे दूर करने की दिशा में ठोस कदम उठायें। इसी क्रम में मैंने कदम बढ़ाना शुरू कर दिया है और लोगों को जागरूक करना शुरू कर दिया है। उन्होंने कहा कि शिक्षा और चिकित्सा हमारा मौलिक अधिकार है लेकिन यहां के लोगों का इससे भी वंचित रखा जा रहा है, जो समाज और देश की विकास के लिए अच्छा नही है।

# खेल के क्षेत्र में आगे बढ़ें युवा : नीलकंठ

आजाद सिपाही संवाददाता



**खूंटी।** मुरहू प्रखंड के चारिद बरटोली ग्राम में रविवार को टूसू मेला सह एकदिवसीय फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में खूंटी के विधायक नीलकंठ सिंह मुंडा शामिल हुए। आयोजन स्थल में विधायक के पहुंचने पर ग्रामीणों द्वारा ढोल-नगाड़े के साथ पारंपरिक ढंग से उनका स्वागत किया गया। फुटबॉल प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला केरा और अनिगड़ा की टीम के बीच हुआ। मैच का फैसला पेनाल्टी शूट आउट में हुआ जिसमें अनिगड़ा की टीम ने जीत हासिल की। मौके पर अपने संबोधन में विधायक ने ग्रामीण युवाओं को खेल के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। मौके पर लव चौधरी, जिला सह मीडिया प्रभारी जनार्दन मिश्रा, इंटरनेट मीडिया प्रभारी रूपेश जायसवाल, युवा मोर्चा अध्यक्ष राजेश महतो, जीतन स्वांसी, परमेश्वर मुंडा और ग्रामीण उपस्थित थे।

# प्रसव के बाद डॉक्टर ने पेट में छोड़ दिये कपड़े, जांच जारी

आजाद सिपाही संवाददाता



**खूंटी।** जिले के सदर अस्पताल स्थित मातृ शिशु अस्पताल में गर्भवती महिला का प्रसव कराने के बाद चिकित्सक डॉ रेखा कुमारी द्वारा पीड़िता के गर्भ में ही कपड़ा छोड़कर सिलाई कर देने का मामला सामने आया है। जानकारी के अनुसार खूंटी के भगत सिंह चौक के पास रहने वाले रितेश कुमार गुप्ता की पत्नी चिन्मय गुप्ता के पेट में दर्द होने पर टाटा मेन हॉस्पिटल (टीएमएच) अस्पताल में उसका इलाज कराने पर पता चला कि पेट में डॉक्टर ने कपड़ा छोड़ दिया है। टीएमएच के चिकित्सक ने पीड़िता चिन्मय गुप्ता के पेट से कपड़ा निकाला है। चिन्मय गुप्ता का खूंटी के सदर अस्पताल के मातृ शिशु अस्पताल में प्रसव हुआ था। रितेश कुमार गुप्ता ने बताया कि उसकी पत्नी प्रसव पीड़ा कों लेकर उसने अपनी पत्नी चिन्मय गुप्ता को 29 नवंबर 2023 को सदर अस्पताल के मातृ शिशु अस्पताल में भर्ती कराया था। उसका ऑपरेशन डॉ रेखा कुमारी और उसकी टीम द्वारा किया गया था। चिन्मय का प्रसव बड़ा ऑपरेशन कें बाद हुआ और उसने एक बच्चे को जनम दिया। ऑपरेशन कें दौरान पीड़िता के पेट में कपड़ा छोड़ दिया गया। इसका खुलासा एमसीएच खूंटी और टीएमएच जमशेदपुर की रिपोर्ट से हुआ। इस मामले में पीड़िता के पति ने खूंटी थाने में मामला दर्ज कराया है। साथ ही उपायुक्त को भी लिखित जानकारी दी। इस पर उपायुक्त लोकेश मिश्रा, एसडीओ अनिकेत सचान और सिविल सर्जन डॉ नागेश्वर मांझी ने मातृ शिशु अस्पताल का शनिवार को निरीक्षण किया तथा सत्यता की जांच की। एसडीओ ने बताया कि उपायुक्त के निर्देश पर जांच की गयी, जिसमें चिकित्सक द्वारा पीड़िता के गर्भ में कपड़ा छोड़ देने का मामला प्रकाश में आया। सिविल सर्जन से उक्त चिकित्सिक द्वारा पूर्व में भी ऐसा मामले की जांच की जा रही है?। जिांच के बाद आगे की कार्रवाई की जायेगी।

## विहिप के कार्यकर्ताओं ने भजन-कीर्तन के साथ घर-घर किया अक्षत का वितरण



**खूंटी (आजाद सिपाही)।** जैसे-जैसे भगवान राम लल्ला की नगरी अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा सामरोह का दिन निकट आता जा रहा है, पूरे खूंटी जिले में भी लोगों का उत्साह चरम पर पहुंचता जा रहा है। कहीं मंदिरों को सजाया जा रहा है, तो कहीं भजन-कीर्तन की तैयारी हो रही है, तो भंडारे की योजना बनाई जा रही है। हर ओर सिर्फ अयोध्या में 22 जनवरी को होनेवाले समारोह को लेकर चर्चा है। इस कड़ी में रविवार को जिला मुख्यालय खूंटी में विहिप के जिलाध्यक्ष विनोद जायसवाल के नेतृत्व में कार्यकताओं ने भजन-कीर्तन के साथ घर-घर जाकर लोगों को समारोह का निमंत्रण दिया गया।

## सड़क दुर्घटना में एक की मौत, दो घायल

**तमाड़ (आजाद सिपाही)।** तमाड़ थाना क्षेत्र के रांची टाटा पथ पर कल रात करीब 10 बजे तमाड़ के लोंडरा में बाइक एक्सीडेंट में लक्ष्मीकांत मुंडा की मौत हो गयी। मृतक सारजमडीह के रहने वाले थे। वह कल रात एक मोटरसाइकिल से तमाड़ बाजार कर तीन युवक मुकेश व सागर घर जा रहे थे जहां लोड्रा के पास एक टेलर की चपेट मे आ गये घटना स्थल पर ही लछमीकांत की मौत हो गयी और दो घायल हो गये जिनका इलाज अस्पताल मे चल रहा है पुलिस ने आज सुबह शव को पोस्टमाटम के लिए रिम्स भेजा है।

### पूरनचंद फाउंडेशन और छात्र संघ ने पठन सामग्री का किया वितरण

# सामूहिक प्रयास से ही सशक्त समाज की नीव संभव: सुनील

आजाद सिपाही संवाददाता



**खूंटी।** पूरनचंद फाउंडेशन और नेतरहाट पूर्ववर्ती छात्र संघ के संयुक्त तत्वावधान में नेताजी सुभाष चंद्र बोस आवासीय विद्यालय में रविवार को आयोजित हेल्पिंग हैंड्स भारत कार्यक्रम के तहत बच्चों को पठन सामग्री उपलब्ध करायी गयी। मौके पर नेतरहाट पूर्ववर्ती छात्र संघ के सचिव और रांची के जिला भू अर्जन पदाधिकारी सुनील चंद्रा ने कहा कि सामूहिक प्रयास से ही सशक्त समाज की नीव संभव है। नक्सल प्रभावित क्षेत्र खूंटी हमेशा से अभावग्रस्त बच्चों को कला और खेल के माध्यम से बहुआयामी शिक्षा देकर उन्हें मुख्यधारा से जोडने का सराहनीय प्रयास नेताजी सुभाष चंद्र बोस विद्यालय द्वारा किया जा रहा है। यह पूरे समाज के लिए अनुकरणीय है। उन्होने आश्वस्त किया कि नेतरहाट पूर्ववती छात्र संघ द्वारा बच्चों को नेतरहाट विद्यालय की प्रवेश परीक्षा की तैयारी करायी जायेगी। सम्मानित अतिथि के रूप में नेतरहाट पूर्ववर्ती छात्र संघ से डॉ गणेश चंद्र बास्की, प्रयाग दुबे, रामानुज, जेम्स कुजूर, प्रो विद्यानंद चौधरी, पूरनचंद फाउंडेशन की अन्नू कुमारी, अमरदीप कुमार सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे। कार्यक्रम को सफल बनाने में वॉर्डन प्रतिमा देवी, ईवा धान, अब्राहम टूटी, अर्चना, नेहा, रवि, सुनीता सहित तीरंदाजी कोच दानीश और अशीष आदि ने योगदान दिया।

## कुंवर सिंह मुंडा को दी गयी श्रद्धांजलि



**खूंटी (आजाद सिपाही)। जम्मू-कश्मीर के सोपोर इलाके में पांच वर्ष पूर्व आज ही के दिन आतंकवादियों से लड़ते हुए वीरगति को प्राप्त करने वाले सीआरपीएफ के वीर जवान कुंवर सिंह मुंडा को सीआरपीएफ 94 बटालियन द्वारा रविवार को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। बलिदानी जवान की पुण्यतिथि के अवसर पर सीआरपीएफ 94 बटालियन के कमांडेंट राधेश्याम सिंह के निर्देश पर सहायक कमांडेंट राजेंद्र सिंह अन्य जवानों के साथ पश्चिमी सिंहभूम जिले के बंदगांव थानातर्गत उनके पैतृक गांव तिरला गये और गांव में स्थापित उनकी प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें सलामी दी।**

## महत्वपूर्ण खबरें

### पुलिस ने अफीम की खेती को किया नष्ट



**बुंडू (आजाद सिपाही)।** दाशम फॉल पुलिस की नशे की खेती के खिलाफ लगातार कार्रवाई जारी है। गुप्त सुचना के आधार पर शनिवार को थाना क्षेत्र के बेड़ा, हांजेद, पानसकाम गांव के वन क्षेत्र में लगभग 5 एकड़ में लगे अवैध अफीम की खेती को पुलिस ने नष्ट कर दिया। रांची एसएसपी को गुप्त सुचना मिली थी कि उपरोक्त गांवों के आसपास वन क्षेत्र मैं भारी मात्रा में अफीम की खेती की गयी है। सुचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुये दाशम फॉल थाना प्रभारी प्रेम प्रकाश के नेतृत्व में जिला पुलिस बल और सैप की संयुक्त टीम गठन कर जगह को चिन्हित करते हुये कार्रवाई करने गयी जहां भारी मात्रा में अफीम की खेती लगी हुई थी। कुछ खेतों में फुल भी आने लगा था और कुछ ही दिनों में अब फल भी आ जाता। समय रहते पुलिस नें कार्रवाई करते हुये अफीम की खेती को नष्ट कर दिया। पुलिस ने बताया कि अफीम की खेती के खिलाफ आगे भी कार्रवाई जारी रहेगी। साथ ही थाना प्रभारी ने आम लोगों से अपील किया कि जहां भी अफीम की खेती हो सुचना दें कार्रवाई की जायेगी।

### मकर संक्रांति को लेकर बुंडू में हुई खूब खरीदारी

**बुंडू/तमाड़ (आजाद सिपाही)।** पांच परगना क्षेत्र में मकर पर्व को लेकर बुंडू नगर एवं साप्ताहिक बाजारों में रौनक बढ़ गयी है। आज तमाड़ के आखिरी बाजार मे लोग खरीददारी के लिए उमड़ पड़े कपड़े कंबल गुड़ तेल की खुब बिक्री हुयी जिससे आरसा पिठा बनाया जायेगा घरों मे खुब गुड़ी कुटाई हुयी मकर संक्रांति के बाद एक सप्ताह मेला का आयोजन किया जायेगा क्षेत्र का सबसे बड़ा व साल का पहला त्यौहार मकर संक्रांति की तैयारी जोरों पर है। घरों को पारंपरिक तरीके से घरों की सफाई एवं घर को मिट्टी से रंगने में जुट गये हैं। यह पांच परगना क्षेत्र का सबसे बड़ा संस्कृति पर्व माना जाता है मकर पर्व पर लोगों को नये वस्त्र पहनने की प्रथा वर्षो से है। बाजारों में मकर की खरीदारी के लिए लोगों की भीड़ उमड़ रही है, खासकर कपड़े की दुकानों में लोग पहुंच रहे हैं मकर पर्व पर घरों में गुड़ पीठा बनाने का प्रचलन है। मकर पर्व में लोगों आपस में मिलना जुलना होता है एवं लोग मेहमान भी आते-जाते हैं मकर पर्व में लोग मेला का आंनद उठाते हैं।

### ऐतिहासिक तिरूफॉल में लगा मकर संक्रांति मेला, लोगों की उमड़ी भीड़



**पिपरवार (आजाद सिपाही)।** कोयलांचल क्षेत्र के निकटवीं तिरूफॉल मे रविवार को एतिहासिक मकर सक्रान्ति मेला का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि के रूप मे रांची सांसद संजय सेठ और विशिष्ट अतिथि मे पूर्व विधायक डॉ जीतु चरण राम, कांग्रेस के कांके प्रभारी सुरेश बैठा सहित कई लोग मौजुद थे। आयोजन समिति के द्वारा सभी अतिथियों का अंग वस्त्र और माला देकर स्वागत किया गया, जिसके बाद सभी अतिथियों ने सामूहिक रूप से फीता काटकर मेला का उद्घाटन किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वक्ताओ ने तिरू जल प्रपात के महत्व पर प्रकाश डाला। वक्ताओ ने कहा कि तिरूफॉल का अपना एक महत्व है, यहां सालो भर सैलानियो का आवागमण होता है, लेकिन मूलभूत सुविधा नही रहने से सैलानी को परेशानी होती है। तिरूफॉल के विकाश के लिए राज्य सरकार से इस ओर ध्यान देने की अपील की गयी। वही कार्यक्रम को संबोधित करते हुए रांची सांसद संजय सेठ ने कहा कि ऐतिहासिक तिरुफॉल को पर्यटक का दर्जा दिलाने के लिए प्रयास किया जा रहा है। तिरूफॉल के विकास में अभी तक एक सौ करोड़ रुपये खर्च किया जा चुका है, जिसमें उनके प्रयास से सिर्फ सीसीएल प्रबधंन द्वारा 88 लाख रुपये खर्च किया गया है मेला मे दुर दराज के लोग शामिल होकर जमकर खरीदारी की। मेला मे आये लोगो ने तिरूफॉल के मनोरम दृश्य का भी दीदार किया,उंची वादियो से गिरता झरना लोगो को अपने ओर आर्कर्षित कर रहा था। इस मौके पर प्रमुख जगलाल मुंडा,सत्यनारायण मुंडा, उप प्रमुख हरदेव साहु, जिप सदस्य सह आजसु नेता रामजीत गंझु, भाजपा नेता कमलेश राम, सारले मुखिया सुमित्रा देवी, कांग्रेस की महिला नेत्री इंदिरा देवी तुरी, अभय सिंह, कैलाश लोहरा, रामदेव महतो, शर्मा महतो, रामेश्वर यादव, दिलिप गंझु, मजरू महतो, बिजेंद्र मुंडा, फूलेश्वर गंझु, फूलेश्वर महतो सांसद प्रतिनिधि, नारायण गंझु, बाबुलाल महतो, बिजय महतो सहित आयोजन समिति के सभी लोग मौजूद थे।

### सड़क दुर्घटना में युवक घायल

**तमाड़ (आजाद सिपाही)।** तमाड़ थाना क्षेत्र के तमाड़ खूंटी पथ पर वन विसरामागार के निकट आज शाम एक तेज रफ्तार बाइक ने एक टेलर को जोरदार टक्कर मारा, जिससे सहदेव सवासी गांव झरगाव व देवेंद्र सवासी घायल हो गये जिसमें एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गये। उसे तत्काल तमाड़ पुलिस के सहयोग से तमाड़ अस्पताल ले जाया गया, जहां से बेहतर इलाज के लिए रिम्स भेजा गया सहदेव सवासी 6 क्लास मे पढ़ता है। युवक बजाज आरएस मोटरसाइकिल नंबर जेएच 01 सीवाई 6107 तमाड़ से मार्कट कर अपने घर जा रहे थे। टेलर नंबर डब्ल्यूबी 39बी 2679 टाटा जा रहा था।

### पहाड़ी मंदिर पुनर्निर्माण की 22वीं वर्षगांठ



**खलारी (आजाद सिपाही)।** पहाड़ी मंदिर खलारी के पुनर्निर्माण के 22वीं वर्षगांठ पर इस वर्ष भी बृहत खिचड़ी भंडारा का आयोजन किया गया। रविवार को आयोजित इस भंडारा में हजारो श्रद्धालु उमड़ पड़े। 24 घंटे अखंड हरिकीर्तन समापन के बाद सुबह करीब ग्यारह बजे खिचड़ी भंडारा आरंभ किया गया। इससे पूर्व मंदिर के पुजारी बृजराज दुबे व सोनू दुबे ने भगवान का भोग लगाया। अतिथियों ने मंदिर में पूजा किया। मुख्य अतिथि समाजसेवी सुरेन्द्रनाथ पांडेय के अलावा एनके एरिया के पूर्व महाप्रबंधक संजय कुमार, केएनपी सिंह, बीरेन्द्र कुशवाहा, राजनसिंह राजा, जिप सदस्य सरस्वती देवी, केडीएच पीओ अनिलकुमार सिंह ने श्रद्धालुओं के बीच खिचड़ी परोस कर भंडारा का शुभारंभ किया। श्रद्धालु पहले मंदिर में पूजा करते फिर खिचड़ी खाने आते। खलारी तथा आसपास के लोग देर शाम तक मंदिर आते रहे। पहाड़ी मंदिर विकास समिति के लोगों ने व्यापक प्रबंध कर रखा था। एसीसी हाई स्कूल के बच्चों ने प्रसाद वितरण में बिना थके अहम भूमिका निभाई। भंडारा में शामिल होने वाले प्रमुख लोगों में सांसद संजय सेठ, रामदेवलाल अग्रवाल, सीसीएल मगध परियोजना के जीएम नृपेन्द्र नाथ, कमलेशकुमार सिंह, सुनीलकुमार सिंह, बीएन पांडेय, इंदिरा देवी, अरविन्द सिंह, श्यामसुंदर सिंह, जालिम सिंह, मजदूर नेता अब्दुल्ला अंसारी, सुनील सिंह, सोनू पांडेय, राजेन्द्र रजक, मनोज गुप्ता, शैलेन्द्र शर्मा, प्रीतम साहू आदि शामिल थे। कार्यक्रम को सफल बनाने में पहाड़ी मंदिर विकास समिति के सिद्धेश्वर प्रसाद, ओमप्रकाश राय, अमरेश वर्मा, सुशील अग्रवाल, दिनेशपांडेय घंटू, सूर्यकान्त सिंह, दिलीप साहू, बैजनाथ प्रसाद, उदय यादव, धीरज सिन्हा, भूपनाथ साव, नंदलाल साव, आशीषकुमार सिन्हा, दिलीप मेहता, अजीत कुमार, बाबूलाल, संतोष यादव, आदि सहित कीर्तन मंडली का सराहनीय योगदान रहा।

## मकर संक्रांति पर गरीब बच्चों के बीच चूड़ा, गुड़ और गर्म कपड़ों का वितरण



**नामकुम (आजाद सिपाही)।** मकर संक्रांति के अवसर पर रविवार को स्वास्तिक महिला क्लब के बैनर तले नामकुम जोरार बस्ती में गरीबों एवं बच्चों के बीच चूड़ा गुड़ एवं गर्म कपड़े वितरित किया गया। क्लब की अध्यक्ष नीता शर्मा ने नए वर्ष की शुभकामनाएं देते हुये कहा कि इस वर्ष भी मकर संक्रांति पर स्वास्तिक महिला क्लब के सभी सदस्यों की ओर से यह कार्यक्रम आयोजित किया गया है। उन्होंने बताया कि मकर संक्रांति पर दान देने की प्रथा है। गरीबों, असहाय व्यक्तियों की सेवा करना ही सबसे बड़ा पुनीत कार्य होता है। गरीबों एवं बच्चों के बीच भीषण सर्दी के चलते सहयोग किया गया है। ताकि ये कड़ाके की ठंड से अपना बचाव कर सकें। पूनम वर्मा ने कहा कि स्वास्तिक महिला क्लब द्वारा गरीबों के उत्थान के लिये हर प्रयास किया जा रहा है। मौके पर स्वास्तिक महिला क्लब की अध्यक्ष नीता शर्मा, संरक्षक संध्या चौधरी, सरिता नायर, पूनम वर्मा, रूपा, संध्या उर्वशी, तानिया मौसमी, दीपा श्रीवास्तव, रेखा कुसुम, शोभा राय, सरिता पांडे, गुड़िया सोनी, तनु मुखर्जी, मिताली बनर्जी, किरण सिंह, सरोज अग्रवाल, उमाधान देवी के अलावा राहुल नायर, अरुण शर्मा, पिंटू शर्मा, नवीन सोनी आदि उपस्थित थे।

## डॉ बहादुर सिंह की 85वीं जयंती मनी



**नामकुम (आजाद सिपाही)।** कैंब्रिज ग्रुप के संस्थापक, अध्यक्ष और ख्यातिप्राप्त शिक्षविद स्व डॉ बहादुर सिंह की 85वीं जयंती पर रविवार को विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन कर उन्हें याद किया गया। कैंब्रिज ग्रुप के शिक्षण संस्थानों में पुष्पांजलि सभा आयोजित हुई। वहीं स्वजनों द्वारा हटिया स्थित प्रसिद्ध जग्गनाथ मंदिर में विशेष पूजा अर्चना के बाद प्रसाद वितरण व दरिद्र नारायण भोज का आयोजन किया गया। कई राजनितिक व धार्मिक संगठनों ने भी कार्यक्रम का आयोजन कर जयंती मनाया। बता दें कि एक शिक्षाविद के रूप में उपराष्ट्रपति के हाथों लाइफ टाइम अचीवमेंट अवार्ड से सम्मानित बहादुर बाबू तत्कालीन राष्ट्रपति प्रतिभा देवी सिंह पाटिल के साथ जकार्ता गये। अर्थशास्त्रीयों के दल में भी शामिल थे। एक कॉलेज शिक्षक से अपना जीवन यात्रा शुरू कर उन्होंने शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करते हुए विभिन्न शिक्षण संस्थानों की स्थापना की। कैंब्रिज ग्रुप के प्रेससचिव धर्मेंद्र तिवारी ने बताया कि उनके सानिध्य में शिक्षा ग्रहण करने वाले हजारों विद्यार्थी वर्तमान समय में देश विदेशों में कार्यरत है। जग्गन्नाथ मंदिर में आयोजित कार्यक्रम में कैंब्रिज ट्रस्ट की चेयरपर्सन जानकी देवी समेत पुत्र अभिषेक सिंह, नवनीत सिंह आदि उपस्थित थे।

## विधायक प्रतिनिधि से अतिक्रमण रोकने की मांग



**नामकुम (आजाद सिपाही)।** वार्ड 47 अंतर्गत जोरार बस्ती स्थित रांची पुरुलिया रोड के पास सरकारी भूमि पर बसे भूमिहीन परिवारों को अतिक्रमण मुक्त कर बेघर करने मामले को लेकर रविवार को भूमिहीन परिवारों ने विधायक प्रतिनिधि रंजीत बड़ाईक को बुलाकर अतिक्रमण रोकने की मांग रखी। इस मामले को लेकर विधायक प्रतिनिधि ने नगर आयुक्त से मिलकर इस विषय पर बात करने का आश्वासन दिया। उन्होंने **आजाद सिपाही** से बात करते हुए कहा कि ये सभी भूमिहीन परिवार चार पांच दशक से सरकारी जमीन पर घर बनाकर रह रहे है। पर रांची-पुरुलिया रोड चौड़ीकरण करने को लेकर प्रशासन उनको बेघर कर रहा है। उन्होंने कहा कि ये भूमिहीन मजदूर दैनिक मजदूरी कर अपने परिवार का गुजारा करते है। इनका घर तोड़ने से इनके जीवन के सामने मुसीबत आ जायेगी।

## आरागेट बना क्रिकेट टूर्नामेंट का विजेता

**नामकुम (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के महिलौंग पंचायत स्थित चाय बागान मैंदान में चल रही पांच दिवसीय क्रिकेट टूर्नामेंट का फाइनल मैच रविवार को जोरार और आरागेट की टीम के बीच खेला गया। जिसमें पहले बल्लेबाजी करते हुए जोरार की टीम 10 ओवर में 103 रन बनाया। वहीं, लक्ष्य का पीछा करते हुए आरागेट की टीम 9 ओवर 2 बॉल में मैच को जीत लिया। मैच में एंकरी विशाल कुमार ने की। फाइनल मैच में मुख्य अतिथि के रूप में आजसू पार्टी केंद्रीय महासचिव सह वाईबीएन यूनिवर्सिटी महाप्रबंधक डॉ रामजी यादव, केंद्रीय सचिव जितेंद्र सिंह, केंद्रीय सदस्य काशी नाथ महतो, केंद्रीय सदस्य संजीव कुमार सिंह, रांची जिला वरिय उपाध्यक्ष प्रकाश लकड़ा, बीजेपी टाटीसिलवे मंडल अध्यक्ष राजेंद्र महतो, अजीत महतो, चैतू तिर्की के साथ महिलौंग क्रिकेट टूर्नामेंट के विश्वनाथ महतो, सुरेश महतो, प्रकाश महतो, रोशन महतो, शंकर महतो, संदीप कुमार महतो, अबास आर्यण, उत्तम कुमार आदि थे।

## अयोध्या से आये अक्षत, पत्रक एवं चित्र का वितरण

**ओरमांझी (आजाद सिपाही)।** विश्व हिंदू परिषद (विहिप) व मातृ शक्ति के सहयोग से आगामी 22 जनवरी को अयोध्या धाम में श्री राम जन्मभूमि प्राण प्रतिष्ठा के लिए जन जागरण एवं आमंत्रण को लेकर ओरमांझी प्रखंड के ग्राम उलातु वा झिरी में अक्षत , पत्रक एवं चित्र का वितरण किया गया। आग्रह किया गया कि 22 जनवरी को अपने आस-पास के मंदिर में, देवस्थान पर जाकर हरि कीर्तन, सुंदरकांड, रामायण पाठ भोज भंडारा समेत उत्सव के रूप में मनाएं। कार्यक्रम में अमरनाथ चौधरी, विहिप ओरमांझी प्रखंड मंत्री शशि मेहता, पंसस सह मातृ शक्ति प्रखंड अध्यक्ष ललित मेहता, मुखिया दीपक बड़ाइक, दिलीप मेहता, संतोष गुप्ता, कुलदीप कुमार, अजय मेहता, सोनाराम मुंडा आदि थे।

## प्रदीप वर्मा फाउंडेशन की ओर से जरूरतमंदों के बीच कंबल का वितरण



**अनगड़ा (आजाद सिपाही)।** प्रदीप वर्मा फाउंडेशन की ओर से शनिवार को प्रखंड के विभिन्न पंचायत क्षेत्रों के सैकड़ों गरीब असहाय वृद्धजनों के बीच कंबल का वितरण किया गया। भाजपा ग्रामीण जिलाध्यक्ष सुरेंद्र महतो, जिपस अनुराधा मुण्डा, नरेश साहू, रामसाय मुण्डा, राजेन्द्र महतो, पुरूषोतम कुमार एवं संजय महतो ने कंबल का वितरण करते हुए कहा कि प्रदीप वर्मा फाउंडेशन द्वारा ठंड को देखते हुए प्रत्येक गांव-टोला में गरीब, निर्धन और लाचार लोगों के बीच कंबल बांटा जा रहा है। प्रदीप वर्मा फाउंडेशन के माध्यम से पूरे रांची लोकसभा क्षेत्र में कंबल वितरण का लक्ष्य रखा गया है।

### स्वर्णरेखा महोत्सव हमारी संस्कृति का अभिन्न हिस्सा : हटिया विधायक

# नगड़ी मेला को विकसित करने की जिम्मेदारी सभी की : दीपक प्रकाश

## आस्था व विश्वास का प्रतीक है नगड़ी मेलाः संजय सेठ

आजाद सिपाही संवादाता





स्वर्णरेखा महोत्सव 2024 सह मकर संक्रांति मेला को संबोधित करते सासंद संजय सेठ व अन्य।

**पिस्कानगड़ी।** नगड़ी के स्वर्णरेखा उदगम स्थल रानी चुंवां में मकरसंक्रांति के अवसर पर लगने वाले स्वर्णरेखा महोत्सव 2024 सह मकर संक्रांति मेला रविवार को धूमधाम से संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ महोत्सव के अध्यक्ष बजरंग महतो, चूड़ामणि महतो, उपेंद्र महतो, मनीष केशरी, पवन महतो, राजमोहन और शंभू महतो के नेतृत्व में नदी पूजन और पांडुवेश्वर महादेव में जलार्पण एवं पूजन के साथ हुआ। इसके बाद तिलकुट रूपी प्रसाद ग्रहण किया गया गया। इसके बाद रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का उउद्घाटन अतिथियों ने किया। इस अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद दीपक प्रकाश ने कहा कि नगड़ी का यह मेला झारखंड का ऐतिहासिक मेला है। इसे विकसित करना हम सभी की जिम्मेवारी है। मेला क्षेत्र को विकास की डगर पर आगे ले जाने में क्षेत्र की जनता जो भी जिम्मेवारी देगी उसे बखूबी निभाने का प्रयास करूंगा। वहीं, रांची के सांसद संजय सेठ ने कहा कि स्वर्णरेखा के पवित्र उदगम स्थल पर लगने वाला मकरसंक्रांति मेला क्षेत्र के आस्था और विश्वास का प्रतीक है। यह मेला वाकई प्रकृति की खूबसूरत वादियों में जन भावनाओं को जोड़ने का काम करती है। उन्होंने घोषणा की कि सांसद मद से एक स्टेज पंडाल का निर्माण कराया जाएगा, ताकि लोगों को अपनी सभ्यता और संस्कृति को बचाने में मदद मिल सके। वहीं, हटिया विधायक नवीन जायसवाल ने कहा कि मेला हमारी संस्कृति का अभिन्न हिस्सा है। मेला हमारी भाईचारगी एकजुटता का प्रतीक है। इसे बनाये रखना हम सबकी जिम्मेवारी है। मौके पर जोहार पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष कुशवाहा विजय कुमार, भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष प्रो यदुनाथ पांडेय, भाजपा प्रदेश नेत्री सीमा शर्मा, शोभा यादव, कांग्रेस के प्रदेश महासचिव विनय सिन्हा दीपू, झारखंड ओपन यूनिवर्सिटी के कुलपति डॉ त्रिवेणीनाथ साहू, झारखंड के पूर्व कृषि निदेशक जटाशंकर चौधरी, नगड़ी बीडीओ दीपाली भगत, सीओ राकेश कुमार श्रीवास्तव, जिप सदस्य पूनम देवी, अनिता देवी, शिला देवी, गुलरेज अंसारी आदि ने भी अपने-अपने विचर रखे। महोत्सव का संचालन समाजसेवी चुडामनी महतो और धन्यवाद ज्ञापन महामंत्री मनीष कुमार केसरी ने किया। मेले के सफल संचालन में ओम प्रकाश चौधरी, अरविंद भगत, प्रभात महतो, अजय महतो, सईद अहमद, कृजिवन महतो, केदार महतो, दिलीप महतो, मुखिया मंजित उरांव, भोला महतो, नवल महतो प्रेमसागर महतो, रमेश महतो त्रिवेंणी महतो, धीरज चौधरी, गुलरेज अंसारी आदि की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# मेला हमारी सभ्यता-संस्कृति व पहचान : राजेश कच्छप

**जय सरना समिति ने अनगड़ा के जमुवारी में आयोजित किया टुसू मेला, उमड़ी भीड़**

आजाद सिपाही संवाददाता









मकर संक्रांति पर जमुवारी मासु मंझिला टोली हेसल में आयोजित टुसू मेला में विधायक राजेश कच्छप व अन्य।

**अनगड़ा।** जय सरना समिति जमुवारी के तत्वावधान में रविवार को मकर संक्रांति के अवसर पर जमुवारी मासु मंझिला टोली हेसल में टुसू मेला का आयोजन किया गया। गया। जिसमें आसपास व दूरदराज से हजारों लोगों की भीड़ उमड़ी। मेला में टुसू झांकी के साथ बड़ी संख्या में महिला-पुरूष और बच्चे नाचते गाते हुए पहुंचे। इस अवसर पर केशव केसरिया एवं अजय देवघरिया के म्युजिकल ग्रुप के नीतेश कच्छप आदि कलाकारों नें एक से बढ़कर एक नागपुरी गीत प्रस्तुत कर लोगों को झुमने पर मजबूर कर दिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक राजेश कच्छप थे। जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में जिप सदस्य अनुराधा मुण्डा, आजसू नेता जलनाथ चैधरी, रोशनलाल मुण्डा, आतिश महतो, भाजपा के रामसाय मुण्डा, कुरमी नेता रामपोदो महतो, मुखिया कविता देवी, पंसस मदरा मुण्डा, जगन्नाथ महतो, देवराज पाहन आदि शामिल हुए। कार्यक्रम की अध्यक्षता सोहन पहान और संचालन अर्जुन राम ने किया। विधायक राजेश कच्छप ने कहा कि मेला हमारी सभ्यता-संस्कृति व पहचान से जुड़ी है। यह हमारे विरासत की धरोहर है जिसे बचाए रखने की आवश्यकता है। जिप सदस्य अनुराधा मुण्डा ने कहा कि मेला में उमड़ी भीड़ यह दशार्ती है कि हम अपनी संस्कृति के प्रति कितने सजग और जागरूक हैं। मेला हमे एक साथ मिलजुलकर रहने और खुशहाली का संदेश देता है। बाद में उत्कृष्ट टुसू झांकी को पुरस्कृत किया गया। मौके पर मेला समिति के अध्यक्ष सोहन पहान, सचिव गोविंद मुण्डा, अर्जुन राम, किशुन पाहन, प्रदीप महतो, विक्रम मुंडा, सुनील मुण्डा, सुरेन्द्र पहान, संदीप पहान, सूरज राम, विनोद राम, बंधन मुंडा, राजन मुंडा, कृष्णा भगत, विक्की मुंडा आदि उपस्थित थे।

# डेगाडेगी बूढ़ा महादेव टुसू मेला का भव्य आयोजन



**सिकिदिरी (आजाद सिपाही) ।** मकरसंक्रांति के अवसर पर नवागढ़ पंचायत के सोसो गांव में स्वर्ण रेखा नदी स्थित डेगाडेगी बुढ़ा महादेव स्थल पर रविवारको भव्य टुसू मेला सह सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि खिजरी विधायक राजेश कच्छप के अलावा पूर्व विधायक रामकुमार पहान, रामधन बेदिया पूर्व विधायक प्रत्याशी खिजरी विधानसभा, राजेंद्र शाही मुंडा, जिला परिषद सदस्य अनगड़ा पूर्वी शामिल हुए। विधायक ने कहा कि टुसू मेला हम सभी की सांस्कृतिक धरोहर है। इसे संजोये रखने की आवश्यकता है। उन्होंने आयोजन समिति के सदस्यों की प्रशंसा की और भविष्य में भी इसी प्रकार कार्यक्रम आयोजित करने को कहा। साथ ही मेला में नागपुर कलाकार राजेश गोप,मंजू देवी, कुमार तनू, अनिता बड़ा, अरविंद जिगर एवं साथियों ने अपने सुरीली गानों, से दर्शकों को नाचने को मजबूर कर दिया। मौके पर प्रमुख दिपा उरांव, मुखिया भुवनेशवर बेदिया, राजेन्द्र मुण्डा, संजय नायक, प्रकाश चौधरी, बुधराम बेदिया, सुनिल महतो, नंदलाल राम, राजेन्द्र महतो, शिवधर रजवार संतोष बेदिया, जगदीश भोगता आदि उपस्थित थे। मेला का सफल आयोजन में अध्यक्ष अजय सिंह, सचिव रोहित शाही मुंडा, कोषाध्यक्ष रामकृष्ण महतो, संरक्षक जयपाल महतो, प्रदीप महतो,सह सचिव अरुण बड़ाइक, उपाध्यक्ष धनराज सिंह मुंडा, सुरेश महतो, गोवर्धन महतो, अरविंद, मनोज, हलधर, जगरनाथ, आदि का अहम योगदान रहा।

## उर्दू पद समाप्त करने के विरोध में शिक्षकों ने किया सरकार का विरोध



**मांडर/चान्हो (आजाद सिपाही)।** मांडर प्रखण्ड अंजुमन कमेटी और चान्हो के मरकज बलसोकर मदरसा चौक में उर्दू पद समाप्त करने को लेकर झारखंड सरकार के खिलाफ रविवार को विरोध प्रदर्शन किया गया। साथ ही सरकार के नये नियमावली पत्र प्रारूप की कॉपी जलायी गयी। माडर के फिरोज अंसारी, अफरोज अंसारी,हाफिज आजाद अंसारी, जावेद अंसारी, मौलाना जियाउल्लाह, मौलाना सनाउल्लाह ,जावेद अंसारी, समसुल अंसारी, आरसद अंसारी चान्हों के अरशद हुसैन, शम्मा परवी, मो सामनूर, तुफैल अहमद, अफ्जालुर्रहमान शमीम अहमद आदि ने प्रदर्शन किया।

## कांके के नवनिर्मित श्रीश्री महावीर मंदिर अखाड़ा का प्राण प्रतिष्ठा 21, 22 व 23 को

**कांके (आजाद सिपाही)।** नवनिर्मित श्रीश्री महावीर मंदिर का प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम 21, 22 और 23 जनवरी को होगा। यह मंदिर मुख्य अखाड़ा, जोड़ा पुल, आईआईसीएम रोड कांके पर स्थित है। अध्यक्ष अमित कुमार यादव ने बताया कि यह मंदिर राजधानी रांची से मात्र 5 किलोमीटर की दूरी पर निर्मित की गई है। इस मंदिर का भूमि पूजन 20 अप्रैल 2013 हुई थी। इस मंदिर में श्री महावीर मंदिर, श्री राम मंदिर, श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर, राधा कृष्ण मंदिर, मां दुर्गा मंदिर, शिव मंदिर व श्री सूर्य मंदिर बनाई गई है और देवी देवताओं की प्रतिमाएं स्थापित की गई है। मंदिर सैकड़ो भक्तों के दान राशि से निर्मित की गई है। मंदिर प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम 21 जनवरी को आरंभ होगा। इस दिन सुबह 9 बजे मंदिर से कलश यात्रा निकाली जाएगी जिसमें लगभग एक हजार महिलाएं, पुरुष, बच्चे, युवतियां हिस्सा लेंगे। 22 जनवरी को सुबह 9.01 बजे से सभी देवी देवताओं का आह्वान और प्राण प्रतिष्ठा स्थापन पूजन आदि होगा। जबकि 23 जनवरी को सुबह 8 बजे से हवन, पुष्पांजलि, आरती एवं यज्ञ का पूणार्हुति कार्यक्रम होगा। प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम की सभी तैयारियां जोरों पर है। यज्ञशाला का निर्माण किया गया है। आकर्षक तोरण द्वार भी बनाए जा रहे हैं। कार्यक्रम को लेकर रांची डीसी, एसडीओ सदर और कांके थाना को भी सूचना दे दी गई है। अध्यक्ष अमित कुमार यादव ने सभी सनातन धर्म प्रेमियों और राम भक्तों को कार्यक्रम में आने की अपील की है।

## कल्याणमंत्री हफीजुल हसन आज रातू के फुटकलटोली में



**रातू (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के फुटकलटोली में सोमवार को अल्पसंख्यक कल्याण, पर्यटन कला-संस्कृति, खेल-कूद, एवं युवा कार्य, निबंधन विभाग, मंत्री हफीजुल हसन का आगमन होगा। मुख्य कार्यक्रम मदरसा जामिया अहले सुन्नत हज्जन समीरनलील बनात के प्रांगण में आयोजित होगा। इस दौरान सैकड़ों गरीब, जरूरतमंदों के बीच कंबल बांटा जाएगा। अलकमर एजुकेशनल एंड वेलफेयर ट्रस्ट कर अध्यक्ष व मदरसा के चेयरमैन कमरुल हक ने बताया की कार्यक्रम की तैयारियां पूरी कर ली गयी है।

### महत्वपूर्ण न्यूज

## शिक्षा से ही विकास संभव : डॉ परमेश्वर



**मांडर (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के फिरदोस नगर फुसराटांड़ में जामिया इस्लामिया एकेडमी का रविवार को तीसरी वर्षगांठ मनायी गयी। कार्यक्रम में शामिल समाजसेवी पूर्व डीडीसी डॉ परमेश्वर भगत ने कहा कि शिक्षा ऐसा हथियार है जिससे हम अपने समाज में फैली बुराइयों को दूर कर सकते हैं। शिक्षा के जरिए ही हम अपने हक को समझते हैं। शिक्षा के जरिए ही हम अपने मकसद को हासिल कर सकते हैं। कार्यक्रम में भाग लेने वाले छात्र-छात्राओं को मुख्य अतिथियों ने गिफ्ट देकर सम्मानित किया। मौके पर बुड़मु अंजुमन के सदर शमीम बड़ेहार, अफरोज हुसेन, मौलाना साबीर हुसैनी, अमन ग्रुप रातु के ज्याऊल हक, एजाज अंसारी, रफीक, मौलाना अब्दुल जलील कासमी, मोहसीन अंसारी, अब्दुस्सलाम नदवी, आरजु परवीन, सानिया परवीन, सायमा परवीन, गजाला परवीन, जमील नदवी, नेहा परवीन, रुखसार परवीन आदि उपस्थित थे।

## शिक्षाविद डॉ बहादुर सिंह की जयंती पर गरीबों के बीच कंबल वितरित किया गया



**अनगड़ा (आजाद सिपाही)।** भीमराव अंबेडकर चौक टाटीसिलवे में रविवार को आजसू के केंद्रीय सदस्य राजू नायक के नेतृत्व में महान शिक्षाविद स्व डॉ बहादूर सिंह की जयंती मनाई गई। मौके पर मुख्य अतिथि आजसू के जिलाध्यक्ष संजय महतो के अलावा जिप सदस्य विपीन टोप्पो, केंद्रीय सदस्य वीरेंद्र सिंह भोगता, फुलकुमारी देवी, जिला उपाध्यक्ष प्रकाश लकड़ा, संजीव सिंह आदि ने डॉ साहेब के चित्र पर माल्यार्पण कर नमन किया। वक्ताओं ने कहा कि डॉ बहादूर सिंह एक शिक्षाविद ही नहीं एक महान समाजसेवी भी थे। उन्होंनें अपना पूरा जीवन शिक्षा को बढ़ावा देनें में समर्पित कर दिया था। उन्होंनें सीआईटी सहित कई शिक्षण संस्थान स्थापित कर क्षेत्र में शिक्षा का अलख जगाने का काम किया। शिक्षा के क्षेत्र में उनके योगदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता। इस अवसर पर सैकड़ों गरीब-असहाय व जरूरतमंद लोगों के बीच कंबल का वितरण किया गया। अध्यक्षता राजू नायक और संचालन जगन्नाथ महतो ने किया। इस मौके पर श्याम बिहारी बैठा, दीवान शाही मानकी, राम किशुन कुमार, राजकिशोर महतो, राजेश नायक, विजय नायक, मोहन महतो, श्रीनाथ महतो, धीरज राम, जगदीश मानकी, मानव राम, अरविंद मुण्डा, मनीष मानकी, पिंकु मानकी आदि मौजूद थे।

## संज्योति देवी ने मृतक के परिजनों को किया आर्थिक सहयोग



**अनगड़ा (आजाद सिपाही)।** प्रखण्ड के बोंगईबेड़ा पंचायत के गवरबेड़ा निवासी जलपरेश लोहरा की मृत्यू विगत दिनों हो गई थी। मृतक के परिवार की आर्थिक स्थिति काफी दयनीय है। रविवार को सूचना पाकर पंसस संज्योति देवी मृतक के घर पहुंची तथा शोकाकुल परिवार के प्रति अपनी संवेदना प्रकट की। उन्होंने मृतक के दशकर्म के लिए परिजनों को खाद्य सामग्री एवं नकद आर्थिक सहयोग दिया। संज्योति देवी ने कहा कि वह पंचायत क्षेत्र के जरूरतमंद लोगों के सुख-दुख में हमेशा साथ खड़ी है। मौके पर उपमुखिया भानू महतो, भुवन महतो, आनंद महतो, बालेश्वर लोहरा, तुलसी महतो, भाजपा नेता धनीराम महतो आदि उपस्थित थे।

## बेड़ो कपड़ा बैंक ने 250 जरूरतमंदों में कपड़ा-कंबल बांटा



**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के मासु गांव में रविवार को कपड़ा बैंक की टीम ने अध्यक्ष कैलाश कुमार के नेतृत्व में 250 जरूरतमंदों के बीच कंबल, साड़ी, सूट, जींस, पैंट, बच्चों के कपड़े और गर्म कपड़ों का वितरण किया। इसमें मासू के संजय उरांव का सहयोग रहा। कपड़ा बैंक के अध्यक्ष कैलाश कुमार ने कहा कि कपड़ा बैंक पिछले चार वर्षों से लगातार जरूरतमंदों के बीच नए-पुराने कपड़ों का वितरण करते आ रहा हैं। इस बार भी बढ़ते ठंड को देखते हुए कपड़ा वितरित किया गया। ताकि अधिक से अधिक जरूरतमंद लोगों का सहयोग किया जा सके। मौके पर रवि केशरी, सुनील कुमार, शक्ति साहू, मुकेश कुमार व कैलाश कुमार मौजूद थे।

## बेड़ो के कादोजोरा गांव में जंगली हाथी का उपद्रव, दो किसानों के खेत उजाड़े

**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के कादोजोरा गांव में शनिवार की देर रात करीब एक बजे एक जंगली हाथी ने जमकर उत्पात मचाया। उसने इसी गांव के मंगरी मुंडा व गरजू मुंडा नामक किसान के खेत में लगे आलू की फसल को खाकर व रौंदकर बर्बाद कर दिया। इधर, घटना की सूचना मिलने के बाद मुखिया अनिता बाड़ा व समाजसेवी बुधराम बाड़ा गांव पहुंचे और नुकसान का जायजा लिया। साथ ही वन विभाग को जानकारी दी। उन्होंने पीड़ित किसान को हरसंभव मदद का आश्वासन दिया। ग्रामीणों ने बताया कि इन क्षेत्रों में जंगली हाथियों का उत्पात थमने का नाम नहीं ले रहा है। आये दिन जंगली हाथी उत्पात मचा रहे हैं। फसलों को खाकर व रौंदकर बर्बाद कर रहे हैं।

## अयोध्या से आये पूजित अक्षत और श्रीराम मंदिर चित्र पत्रक का किया गया वितरण



**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के मुरतो गांव में रविवार को भाजपा मंडल के महामंत्री राजेश साहू समाज सेवी सुदर्शन प्रसाद गुप्ता व महावीर साहू के नेतृत्व में घर-घर जाकर लोगों को अयोध्या से आए पूजित अक्षत, पत्रक एवं मंदिर की तस्वीर भेंट कर निमंत्रण दिया। साथ ही 22 जनवरी को भगवान श्री राम के प्राण प्रतिष्ठा के दिन अपने घरों में दीपोत्सव मनाने का अपील की गई। सुदर्शन प्रसाद गुप्ता ने कहा 500 वर्षों के बाद अयोध्या में भगवान श्रीराम का भव्य मंदिर बनने के बाद उद्घाटन होने जा रहा है। इस अवसर पर हम सभी को मिलकर पूजा अर्चना कर खुशियां मनाएं।

## भाजपा नेताओं ने पलामू सांसद को ज्ञापन सौंपा, कोयल नदी पर पुल बनाने की मांग



**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** मोहम्मदगंज- जपला-डेहरी मुख्य पथ के स्थानीय रविवारीय बाजार से होकर गुजरने वाले गवर्नर रोड में कोयल नदी पर पुल बनाने की मांग को लेकर भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य प्रफुल्ल कुमार सिंह, सांसद प्रतिनिधि अखिलेश मेहता, महेंद्र प्रसाद सिंह और रंजीत पासवान ने पलामू सांसद बीडी राम को ज्ञापन सौंपा है। जिसमें उन्होंने बताया है कि उक्त रोड में कोयल नदी पर पुल निर्माण जनहित में अतिआवश्यक है। पुल के बन जाने से गढवा, कांडी, भवनाथपुर होते हुए छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश और उत्तरप्रदेश की 80 से 100 किमी दूरी कम हो जाएगी। साथ ही सोन नदी में श्रीनगर-पडुका पुल से सीधा जुड़ाव होने से बिहार राज्य के रोहतास जिले से इस क्षेत्र के लोगों को व्यापारिक लाभ मिलेगा। आवागमन सुलभ हो जाएगा। रोहतास और गढवा जिले के लोगों को मोहम्मदगंज रेलवे स्टेशन की सुविधा उपलब्ध होगी।

## दंगवार मकर संक्रांति मेले का उद्घाटन



**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** अनुमंडल क्षेत्र में मकरसंक्रांति के अवसर पर रविवार को क्षेत्रवासियों ने स्नान दान किया। इस वर्ष 14 और 15 जनवरी को मकरसंक्रांति मनाया जा रहा है। इस अवसर पर बाजार में चूड़ा, तिलकुट, गुड़ की बिक्री जोरों पर रही। शहर में दर्जनों जगह पर इसकी दुकानें लगी थी। स्थानीय लोगों ने देवरी व दंगवार सोननदी में स्नान कर पूजा अर्चना की। इसके बाद चुरा, तिलकुट दान कर प्रसाद ग्रहण किया। इस दौरान दंगवार व देवरी मेला में नौका बिहार का आनंद उठाया। वहीं, दंगवार में मकरसंक्रांति पर लगने वाले मेले का उद्घाटन भाजपा के वरिष्ठ नेता, मुखिया अमरेंद्र ठाकुर, बेल बीघा के पूर्व मुखिया रामलखन यादव, समिति के अध्यक्ष वकील सिंह आदि ने संयुक्त रूप से किया। कार्यक्रम का संचालन मेला समिति के सचिव मनोज कुमार गुप्ता ने किया। इस अवसर पर विनोद कुमार सिंह ने कहा कि दंगवार मेला समिति इस वर्ष भी मेला के शांतिपूर्ण संचालन में सक्रिय है। सीमावर्ती इस मेला में दर्जनों गांव के लोग पहुंचते है। कहा कि इस तरह के आयोजन से ग्रामीण सद्भावना में वृद्धि होती है। मौके पर समिति के उपाध्यक्ष विवेक गुप्ता, सचिव मनोज गुप्ता, उप सचिव राजकुमार मेहता, कोषाध्यक्ष संतलाल चौधरी, चंद्रमालेश्वर ठाकुर, हसन खलीफा, प्रमोद पासवान, मुखिया संघ अध्यक्ष, पूर्व मुखिया रामलखन यादव, मुखिया पति विमलेश पासवान, प्रतिनियुक्त दंडाधिकारी मनोज कुमार, जयराम मेहता, दंगवार ओपी प्रभारी रविशंकर कुमार आदि मौजूद रहे।

## अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा पर एनसीपी हुसैनाबाद में होगा कार्यक्रम



**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** अयोध्या में रामलला के मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा और श्री राम जन्मभूमि मंदिर उद्घाटन की शुभ घड़ी आने में महज आठ दिनों का इंतजार है। इस पुनीत क्षण में हुसैनाबाद छठ पोखरा (जेपी चौक) पर भव्य दीपोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। जिसमें 11 हजार दीए प्रज्वलित किए जाएंगे। साथ ही, सरयू का पवित्र जल अर्पण किया जाएगा। सरयू नदी से जल उठाने हुसैनाबाद अनुमंडल के तीनों प्रखंडों से गाजा बाजा के साथ एनसीपी कार्यकर्ताओं को अयोध्या के लिए रवाना किया गया। एनसीपी के मोहम्मदगंज प्रखंड अध्यक्ष रुद्र प्रताप सिंह, हैदरनगर प्रखंड अध्यक्ष संजय कुमार सिंह, हुसैनाबाद प्रखंड अध्यक्ष मनदीप राम और हुसैनाबाद नगर पंचायत की ओर से जय प्रकाश उपाध्याय एनसीपी परिवार के अन्य साथियों के साथ सरयू (अयोध्या) के लिए रविवार को रवाना हुए। वहां से वह सरयू का पवित्र जल लेकर मंगलवार 16 जनवरी को हुसैनाबाद लौटेंगे। 22 जनवरी को हुसैनाबाद छठ पोखरा (जेपी चौक) पर भव्य दीपोत्सव कार्यक्रम के पूर्व सरयू नदी का पवित्र जल विधायक कमलेश कुमार सिंह व प्रदेश संगठन महामंत्री विनय कुमार सिंह उर्फ बिनु बाबू, एनसीपी के प्रदेश प्रवक्ता सूर्या सिंह जनसमूह की उपस्थिति में छठ पोखरा में प्रवाहित करेंगे। इसके बाद दीप प्रज्वलन का कार्यक्रम होगा।

### सनसनी : बहला-फुसला कर भगाने की दर्ज करायी थी प्राथमिकी

# लापता नाबालिग का बरामद हुआ कंकाल, आरोपित प्रेमी गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** मनातू थाना पुलिस ने शनिवार को तरहसी थाना क्षेत्र के एक नाबालिक को बहला फुसलाकर भगाने के आरोपित को गिरफ्तार किया है। वहीं पूछताछ के क्रम में आरोपित के स्वीकारोक्ति बयान के आधार पर वंशी खुर्द स्थित टोला भेलौआटांड जंगल से लड़की का बिखरा हुआ कंकाल बरामद किया है। जानकारी के अनुसार इस मामले में मनातू थाना में वादिनी गुलाबी कुंवर पति स्व विजय चौधरी वंशी खुर्द पो पदुमा थाना मनातू के लिखित आवेदन के आधार पर पलामू जिले के ही तरहसी थाना क्षेत्र स्थित परसाई मंझौली ग्राम निवासी सतबीर कुमार उर्फ सत्यबीर कुमार (19) पिता नागेन्द्र महतो उर्फ सुशील की विरुद्ध पुत्री टुनी कुमारी (17) को बहला




हत्या के आरोप में पकड़ा गया आरोपित प्रेमी।

फुसलाकर शादी करने के नियत से भगा ले जाने के आरोप में मामला दर्ज किया गया था। इसमें बताया गया कि उनकी पुत्री टुनी कुमारी व सतबीर कुमार के बीच आपस में प्रेम प्रसंग था। विगत 26 सितंबर 2023 से उनकी पुत्री टुनी कुमारी कही चली गई। जब उनके द्वारा सतबीर कुमार से फोन पर पूछताछ करने पर बताया कि लड़की उसके पास है। लेकिन उसने लड़की से उसकी मां की बात नहीं कराई। बाद में यह कांड दर्ज कराया गया। इधर, शनिवार को गुप्त सूचना प्राप्त हुई कि कांड का प्राथमिक अभियुक्त सतबीर कुमार उर्फ सत्यबीर कुमार परसाई मंझौली थाना तरहसी स्थित अपने घर आया हुआ है। वरीय पदाधिकारी के निर्देशानुसार छापामारी दल का गठन कर आरोपित को विधिवत छापामारी कर गिरफ्तार किया गया। पूछताछ करने पर स्वीकारोक्ति ब्यान में उसके द्वारा बताया गया कि 26 सितंबर को ही ग्राम वंशी खुर्द स्थित टोला भेलौआटांड के जंगल में उसके द्वारा टुनी कुमारी की गला दबाकर हत्या कर दी थी। आरोपित की निशानदेही पर ग्राम वंशी खुर्द टोला भेलौआटांड के जंगल स्थित घटनास्थल से बिखरा हुआ कंकाल बरामद हुआ। पुलिस ने आरोपित को गिरफ्तार कर रविवार को न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। कांड में बरामद कंकाल को अन्त्य परीक्षण व अग्रेतर कार्रवाई के लिए एमआरएमूसीएस भेजा जा रहा है। पुलिस ने मौके से कंकाल सहित एक सफेद रंग का सूट व अन्य सामान बरामद किए है।

छापामारी दल में एसडीपीओ आलोक कुमार टुटी, थाना प्रभारी कमलेश कुमार, पुअनि पंकज कुमार, जितेन्द्र मिश्र, श्रवण दास सहित सशस्त्र बल शामिल थे।

# भारत 2047 तक बन जायेगा पूर्ण विकसित और आत्मनिर्भर देश : रामचंद्र चंद्रवंशी

**विश्रामपुर नगर परिषद में विकसित भारत संकल्प यात्रा की हुई शुरुआत**

आजाद सिपाही संवाददाता

**विश्रामपुर/पलामू।** विश्रामपुर नगर परिषद में रविवार को भारत संकल्प यात्रा की शुरूआत की गई। इस अवसर पर विश्रामपुर थाना चौक और रेहला महावीर चौक पर कार्यक्रम भी आयोजित किया गया। जिसमें बतौर मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व मंत्री सह विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी शामिल हुए। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार की अगुआई में देश विकास की राह पर तेज गति से अग्रसर है। वर्ष 2047 तक भारत पूर्ण विकसित




और आत्मनिर्भर देश बन जायेगा। इस लक्ष्य को साकार करने में आम लोग भी मोदी सरकार का सहयोग करें। विधायक ने कार्यक्रम में शामिल लोगों को विकसित भारत संकल्प की शपथ दिलवायी। जिसमें भारत को विकसित और आत्मनिर्भर बनाने, गुलामी की मानसिकता को जड़ से उखाड़ फेंकने, भारत की एकता को सुदृढ़ करने, देश की रक्षा करने वाले का सम्मान करने और नागरिक होने का कर्तव्य निभाना शामिल था। इस दौरान संकल्प यात्रा का कैलेंडर भी लोगों के बीच वितरित किया गया। मौके पर कार्यपालक पदाधिकारी दानिश हुसैन, विधायक के जिला प्रतिनिधि रामचंद्र यादव, सांसद प्रतिनिधि अनुज पांडेय, विधायक प्रतिनिधि राजन पांडेय, नप अध्यक्ष प्रतिनिधि नईमुदीन अंसारी, सिटी मिशन मैनेजर जितेंद्र सिंह, नगर प्रबंधक सुभाष हेंब्रम, प्रभात कुमार, भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष बबन राम, समाजसेवी विजय कुमार रवि, निवर्तमान वार्ड पार्षद सुनील कुमार चौधरी, नजमुद्दीन नूरी, दिनेश शुक्ला, ज्योति देवी, अजय रवि, आशीष कुमार, विवेक कुमार शुक्ला, फूल देवी, रमेश कुमार आदि मौजूद थे।

# जब तक वैश्य समाज संगठित नहीं होता, तब तक राजनीति में नहीं मिलेगी उचित भागीदारी: ज्ञान शंकर

**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** अखिल भारतीय वैश्य महासम्मेलन झारखंड की पहली प्रदेश कार्य समिति की बैठक दिगंबर जैन धर्मशाला में संपन्न हुई। जिसमें राज्य भर के 24 जिलों के प्रतिनिधि शामिल हुए। बैठक में नवनिर्वाचित पदाधिकारी को परिचय के साथ बैठक की शुरूआत हुई। इसके बाद सभी जिलों के पदाधिकारी ने संगठन की मजबूती पर बल देते हुए अति शीघ्र सभी जिलों की कमेटी गठित कर प्रदेश को सौंपने की बात कही साथ ही सभी पदाधिकारी ने वैश्य समाज




को उचित प्रतिनिधित्व सहित कई समस्याओं से अवगत कराया। ओबीसी के 27 फीसदी आरक्षण, सहित राज्य में ओबीसी वर्ग पर हो रहे अत्याचार पर विस्तृत रूप से चर्चा हुई। बैठक को संबोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष ज्ञान शंकर ने कहा 52 फीसदी आबादी होने के बावजूद वैश्य समाज को राजनीति में उचित भागीदारी नहीं मिल पाई है जो दुर्भाग्यपूर्ण है। इसके लिए वैस वैश्य समाज को संगठित होना होगा। अब समय आ गया है सभी उपजाति को एक मंच पर आकर अपना अधिकार छीन कर लेना पड़ेगा। बैठक में आगामी 25 फरवरी को रांची में विशाल जनसभा करने की घोषणा की गई, जो रांची में अखिल भारतीय वैश्य महासम्मेलन के बैनर तले आयोजित की जाएगी। जिसमें राष्ट्रीय स्तर के वैश्य समाज के नेता शामिल होंगे। सभी नवनियुक्त पदाधिकारी को सर्टिफिकेट दिया गया। मंच संचालन प्रदेश महामंत्री संजय चौधरी व धन्यवाद ज्ञापन रांची जिला अध्यक्ष संजय पोद्दार ने किया।

## स्पोर्ट्स



सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की जोड़ी को कुआलालंपुर में आयोजित मलेशिया ओपन के फाइनल में हार का सामना करना पड़ा है। रविवार को खेले गए मुकाबले में चीन के वांग-लियांग की जोड़ी ने तीन घंटे चले मुकाबला में हरा दिया।

### फाइनल में चीन के वांग-लियांग की जोड़ी ने 9-21,21-18,21-17 के अंतर से हराया

# सात्विक-चिराग मलेशिया ओपन बैडमिंटन का फाइनल हारे, टूर्नामेंट का सिल्वर जीतने वाले बने पहले भारतीय

**कुआलालंपुर (एजेंसी)।** सात्विकसाईराज रेंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की जोड़ी को मलेशिया ओपन के फाइनल में हार का सामना करना पड़ गया। तीन गेम चले फाइनल में दोनों को चीन के वांग-लियांग की जोड़ी ने 9-21, 21-18, 21-17 के अंतर से हरा दिया। सात्विक-चिराग को सिल्वर मेडल से संतोष करना पड़ा लेकिन वे मलेशिया ओपन में सिल्वर मेडल जीतने वाली भी पहली ही भारतीय



जोड़ी बनी। उनसे पहले कोई भी भारतीय किसी कैटेगरी के फाइनल तक भी नहीं पहुंच सका था।

#### पहला गेम आसानी से जीता

सात्विक-चिराग ने मेंस डबल्स कैटेगरी के फाइनल मुकाबले का पहला गेम असानी से जीता। भारतीय जोड़ी ने चीन के वांग-लियांग को 21-9 से एकतरफा अंदाज में हराया। फिर दूसरे गेम में चाइनीज जोड़ी ने वापसी की। इस गेम को भारतीय जोड़ी को 18-21 से हार झेलनी पड़ी। अब मैच स्कोर 1-1 था। तीसरे गेम में सात्विक-चिराग ने एक समय 7-2 से बढ़त हासिल कर ली थी, लेकिन चाइनीज जोड़ी ने वापसी की और स्कोर 16-14 से अपने पक्ष में कर लिया। चाइनीज जोड़ी ने अपनी बढ़त बरकरार रखी और 21-17 के अंतर से तीसरा गेम जीतकर गोल्ड अपने नाम कर लिया। बतातें चलें कि सात्विक और चिराग का मैच पहली बार तीसरे गेम तक गया। इससे पहले 4 मैच दोनों ने सीधे गेम में जीत लिए थे। फाइनल में पहला गेम जीतने के बाद लगा कि दोनों आसानी से दूसरा गेम भी जीत लेंगे, लेकिन दूसरा गेम 3 पॉइंट के अंतर से गंवाने के बाद दोनों ने तीसरा गेम 4 पॉइंट के अंतर से गंवा दिया। गौरतलब हो कि मलेशिया ओपन बैडमिंटन टूर्नामेंट 1937 से खेला जा रहा है। टूर्नामेंट के रिजल्ट पेरिस ओलिंपिक 2024 के लिए शटलरों को क्वालिफाइंग रैंकिंग पॉइंट्स देंगे। बैडमिंटन के लिए क्वालिफिकेशन विंडो पिछले साल एक मई को शुरू हुई थी। मलेशिया ओपन में अब तक किसी भारतीय ने खिताब नहीं जीता है।

## न्यूजीलैंड ने पाकिस्तान को 21 रनों से हराया

**हेमिल्टन (एजेंसी)।** न्यूजीलैंड ने पाकिस्तान को दूसरे टी-20 में 21 रन से हरा दिया। हेमिल्टन के सेडन पार्क स्टेडियम में न्यूजीलैंड ने पहले बैटिंग की। टीम ने 8 विकेट पर 194 रन बनाए। पाकिस्तान की टीम 19.3 ओवर में 173 रन ही बना सकी। न्यूजीलैंड से ओपनर फिन एलन ने 41 बॉल पर 74 रन की विस्फोटक पारी खेली। वहीं पाकिस्तान से बाबर आजम और फखर जमान ने फिफ्टी लगाई लेकिन दोनों अपनी टीम को जिता नहीं सके। दूसरे टी-20 में जीत के साथ न्यूजीलैंड ने 5 मैचों की सीरीज में 2-0 की बढ़त बना ली है। तीसरा टी-20 मैच 17 को डुनेडिन में खेला जाएगा।

## महत्वपूर्ण न्यूज

### बसपा नेता अभिमन्यु सिंह ने जरूरतमंदों में बांटे कंबल



**उंटारी रोड/पलामू (आजाद सिपाही)।** मौसम का मिजाज बदलते ही सितलहरी चालू हो गयी है। कुहासा का भी जोरदार असर देखने को मिल रहा है। इसी ठंड को देखते हुए बसपा से विश्रामपुर विधानसभा के भावी उमीदवार अंजू सिंह पति अभिमन्यु सिंह उर्फ बबलू सिंह की ओर से उंटारी रोड प्रखंड के मुरमा कला पंचायत द्वारपार गांव में स्व. ठाकुर भोला सिंह की तस्वीर पर माल्यार्पण करने के बाद मुरमा कला पंचायत के द्वारपार, सेमरी, लकडही, मुरमा कला केवाल में हजारों लोगों के बीच कंबल वितरित किया गया। बबलू सिंह ने कहा कि आज गरीब दलित परिवार को देखने वाला कोई नहीं है। सब अपनी-अपनी रोटी सेंकने में व्यस्थ हैं। केवल गरीबों को बहलया फुसलाया जा रहा है। कहा कि इस क्षेत्र की जनता ने अगर सेवा करने का मौका दिया तो सबसे पहले घुसखोरी पर लगाम लगाउंगा। गरीब, असहाय, दलित लोगों के हर दुख सुख में साथ रहूंगा। कहा कि कंबल वितरण आगे भी जारी रहेगा। इस कड़ाके की ठंड में ठंड की वजह से किसी की जान नहीं जाएगी। मौके पर नरेंद्र कुमार सिंह, विकास सिंह, मंटू सिंह, मिथिलेश पासवान आदि मौजूद थे।

### भाजयुमो की विस स्तरीय बैठक में युवाओं से सीधा संवाद स्थापित करने पर हुई चर्चा



**विश्रामपुर/पलामू (आजाद सिपाही)।** भाजपा मोर्चा के विधानसभा स्तरीय बैठक विश्रामपुर नावाडीह कला स्थित आरसीआइटी के सभागार में हुई। जिसकी शुरूआत पंडित दीनदयाल उपाध्याय और श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर पुष्पांजलि करने के साथ हुई। बैठक की अध्यक्षता भाजयुमो के जिला महामंत्री विपुल गुप्ता व संचालन विश्रामपुर ग्रामीण मंडल अध्यक्ष अनुज कुमार चौधरी ने किया। बैठक में 25 जनवरी को प्रस्तावित विस स्तरीय नव मतदाता सम्मेलन की सफलता पर चर्चा की गई ।इसके अलावा युवाओं से सीधा संवाद स्थापित करने का भी निर्णय लिया गया। बैठक के मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित जिला प्रभारी मुन्ना तिवारी ने कहा कि भाजयुमो कार्यकर्ता विस क्षेत्र के युवाओं के बीच जाकर मोदी सरकार की उपलब्धियां बताएं। युवाओं और नव मतदाताओं को संगठन से जोड़ने का प्रयास करें। विपुल गुप्ता ने कहा कि युवा मोर्चा ही भाजपा का ब्रांड एंबेसडर है। कार्यकर्ता शिक्षण संस्थान संपर्क और डोर टू डोर संपर्क करते हुए नव मतदाता सूची बनाकर सम्मेलन को सफल बनाने में अपनी भूमिका निभाएं। अंत में जनक शर्मा ने धन्यवाद ज्ञापित किया। मौके पर संजय ठाकुर, महेंद्र प्रसाद, गोपाल सोनी, विकाश चंद्रवंशी, कृष्णा प्रसाद, अखिलेश रजवार, राजू शर्मा, शशिकांत सिंह, पंकज सिंह आदि शामिल हुए।

### मकर संक्रांति पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन



**नीलांबर पितांबरपुर/पलामू (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के महावीर मोड़ स्थित लुड़ीदह शिव धाम के समीप मकर संक्रांति के शुभ अवसर पर भोजपुरी सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसका शुभारंभ पूर्व विधायक देवेंद्र सिंह ने किया। बतातें चलें कि विगत कई वर्षों से लगातार आयोजित होने वाले इस मेले में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाता है। जिसमें मशहूर बाल कलाकार आर्यन बाबू एवं ज्योति माही द्वारा एक से बढ़कर एक गीत प्रस्तुत किया गया। पूर्व विधायक देवेंद्र सिंह ने कहा कि मेले में लोग एक दूसरे से मिलने दूर-दूर से आते हैं। साथ ही सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आनंद मिलता है। उन्होंने लोगो से आग्रह किया की सांस्कृतिक कार्यक्रम का आनंद शांति तरीके से लें। कार्यक्रम की अध्यक्षता आयोजन समिति के अध्यक्ष अनूप जायसवाल ने की। मौके पर कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष सुरेंद्र शुक्ला, अनुपम सिंह, हरतुआ मुखिया अरविंद शुक्ला, कृष्ण पासवान, प्रमोद सिंह, अजीत सिंह आदि थे।

### संत मरियम स्कूल के रोशन ने बढ़ाया झारखंड का मान



**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** संत मरियम के चेयरमैन अविनाश देव ने स्कूल के विद्यार्थियों के समक्ष रोशन कुमार को सम्मानित किया। राजस्थान के जयपुर में आयोजित 24वां स्काय चैंपियनशिप में झारखंड का प्रतिनिधित्व करते हुए रोशन कुमार ने अंडर-14 में भाग लिए। जहां गोवा और आसाम के खिलाड़ियों को पराजित करते हुए कांस्य पदक जीता। इसके बाद रोशन कुमार का चयन इंडियन ओलंपिक द्वारा आयोजित 38 वां नेशनल खेल में हुआ। मौके पर स्कूल के चेयरमैन अविनाश देव ने कहा कि संत मरियम स्कूल में शिक्षा,संस्कार और खेल में विशेष ध्यान दिया जाता है तभी तो यहां के विद्यार्थियों हर क्षेत्र में अवल आ रहे हैं। मौके पर स्कूल के शारीरिक शिक्षक सुमित बर्मन मौजूद थे।

### मौर्या फॉर्म हाउस में विधायक ने मनाया मकर संक्रांति



**लेस्लीगंज/पलामू (आजाद सिपाही)।** पांकी विधानसभा के नीलाम्बर पिताम्बरपुर में विधायक डॉ कुशवाहा शशिभूषण मेहता के मौर्या फॉर्म हाउस में मक्कर संक्रांति पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें भाजपा कार्यकर्ता एवं विधायक समर्थक पंचायत प्रतिनिधि सहित सैकड़ों लोग ने दही चूड़ा तिलकुट का लुत्फ उठाया। विधायक डॉ शशिभूषण मेहता ने कहा कि मक्कर संक्रांति भारत के प्रमुख पर्व में से एक है। मक्कर संक्रांति पूरे भारत और नेपाल में भिन्न रूपों में मनाया जाता है। पौष मास में जिस दिन सूर्य मक्कर राशि में प्रवेश करता है उस दिन इस पर्व को मनाया जाता है। वर्तमान शताब्दी में यह त्योहार जनवरी माह के चौदहवे या पंद्रहवें दिन ही पड़ता है। इस दिन सूर्य धनु राशि को छोड़ मक्कर राशि में प्रवेश करता है। मौके पर जिला प्रतिनिधि प्रकाश मेहता, प्रोफेसर बचन ठाकुर, भाजपा ओबीसी मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष संजय चंद्रवंशी,लाला प्रसाद यादव, दिलीप पांडे, भोलानाथ साव, जिला परिषद सदस्य सुधा कुमारी, रंजय ठाकुर, कमेश यादव, अजित प्रसाद गुप्ता, मंदीप मेहता आदि उपस्थित थे।

# सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों को धता बता भाटडीह ओपी क्षेत्र में खुलेआम बिक रही महुआ और विदेशी शराब, चल रही है मुर्गों की लड़ाई

आजाद सिपाही संवाददाता

**महुदा।** सुप्रीम कोर्ट के प्रतिबंध को धता बताते हुए मकर संक्रांति पर बाघमारा प्रखंड के महुदा स्थित भाटडीह ओपी थाना क्षेत्र से चंद कदमों की दूरी पर मुरलीडीह में शनिवार व रविवार को लगातार सुबह से शाम छह बजे तक बड़े पैमाने पर अवैध मुर्गों की लड़ाई का आयोजन किया गया। लोगों की मानें तो पुलिस व स्थानीय छूटभईया नेताओं के शह पर इतना बड़ा कार्यक्रम आयोजित हुआ था। अखाड़े में पारंपरिक मुर्गा लड़ाई के नाम पर खुलेआम जुआ, सट्टेबाजी और अवैध विदेशी-महुआ शराब की बिक्री की जा रही थी। इस आयोजन में सैकड़ों युवाओं की भीड़ शामिल हुई। जिसमें 90 फीसदी युवाओं ने मुर्गा लड़ाई में भाग लिया और अखाड़े में बिक रही अवैध शराबों का सेवन कर नशे में धुत होकर जहां-तहां पड़े दिखे। एक युवक तो नशे में ऐसा धूत था कि ठीक से खड़ा भी नहीं हो पा रहा था। बाद में वह पुल से नीचे जा गिरा और घायल हो गया। वहीं आयोजन में आये सभी लोगों से आयोजनकर्ताओं ने बाइक पार्किंग के नाम पर भी मोटी रकम की अवैध वसूली की। इस दौरान नाबालिक बच्चो द्वारा अखाड़े में महुआ शराब की बिक्री की जा रही थी। बावजूद इसके भाटडीह ओपी प्रभारी शनिवार से रविवार तक हुए इस अवैध आयोजन में तमाशीन बने देखते रहे। कोई कार्रवाई करने की जहमत नहीं उठाई। इससे उनकी कार्यशैली पर प्रश्न चिन्ह खड़े करते हैं। सूत्र बताते हैं कि ये सभी आयोजन की हरी झंडी उनके इशारे पर ही मिली हैं। तभी तो अवैध शराबो की बिक्री और मुर्गा अखाड़ा उनके क्षेत्र से चंद कदमों की दूरी पर संचालित हुआ है और पुलिस प्रशासन मुकदर्शक बनी सब कुछ देखती रही। इस आयोजन को लेकर कुछ बुद्धिजीवी व समाज सुधारकों का कहना हैं कि इस तरह के आयोजन से क्षेत्र के युवा पीढ़ियों में बुरा प्रभाव ही नहीं पड़ रहा, बल्कि उनका भविष्य भई अंधकार में जा रहा हैं।







## नाबालिग बच्चे बेच रहे महुआ शराब

**बताते चले कि मुर्गों को एक-दूसरे से लड़ने के लिए खड़ा करना न केवल क्रूर है, बल्कि गैरकानूनी और सार्वजनिक उपद्रव भी है। इसको लेकर भारत में, पशु क्रूरता निवारण अधिनियम, 1960 पीसीए अधिनियम के तहत सभी जानवरों को सुरक्षा प्रदान की जाती है। कानून में इस प्रावधान के अलावा, भारत के सर्वोच्च न्यायालय ने भारतीय पशु कल्याण बोर्ड एडब्ल्यूबीआई और राज्य सरकारों को पांच स्वतंत्रताओं को बनाए रखने के लिए जानवरों की सुरक्षा बढ़ाने का भी निर्देश दिया है। बावजूद भाटडीह पुलिस ओपी क्षेत्र में ये रुकने का नाम नहीं ले रहा।**

## इस तरह मुर्गों को लड़ने के लिए करते हैं तैयार

प्रत्येक पक्षी-प्रतियोगी के एक पैर पर तीन से चार इंच ब्लेड वाला एक धारदार चाकू बांधा जाता है। उन्हें अपने विरोधियों से लड़ने और उन्हें मारने के लिए प्रशिक्षित किया जाता है। द्वंद्व तब समाप्त होता है जब दूसरे पक्षी द्वारा घातक रूप से घायल होने के कारण एक का खून बहकर मर जाता है। तब तक दूसरा भी गंभीर रूप से घायल हो जाता है। पशु कार्यकर्ताओं को स्वाभाविक रूप से लगता है कि यह एक मध्ययुगीन खूनी खेल है जिसे रोका जाना चाहिए, लेकिन जुआरी ***परंपरा*** का लगातार इजाफा होना स्थानीय पुलिस प्रशासन की बड़ी लापरवाही बताई जा रही हैं।

### गिरिडीह सांसद और गोमिया विधायक ने केंद्रीय पर्यटन मंत्री को पत्र भेजकर की मांग

# तेनुघाट डैम को इको टूरिज्म के रूप में विकसित करने के प्रस्ताव को मंजूरी दें केंद्रीय पर्यटन मंत्री: चंद्र प्रकाश

आजाद सिपाही संवाददाता





**बेरमो।** गिरिडीह सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी एवं गोमिया विधायक डॉ लंबोदर महतो ने केंद्रीय पर्यटन मंत्री जी किशन रेड्डी से तेनुघाट डैम को इको-टूरिज्म के लिए करीब 10 करोड़ रुपये के भेजे गये प्रशासनिक प्रस्ताव को मंजूरी देने की मांग की है। सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी एवं विधायक डॉ लंबोदर महतो ने संयुक्त रूप से केंद्रीय पर्यटन मंत्री को इसको लेकर प्रेषित पत्र में कहा है कि स्वदेश दर्शन 2.0 योजना के अंतर्गत इको-टूरिज्म कैटगरी के लिए करीब 10 करोड़ का प्रस्ताव भारत सरकार के पर्यटन मंत्रालय को प्रशासनिक मंजूरी के लिए भेजा जा चुका है। यह प्रस्ताव राज्य के पर्यटन निदेशक ने विगत पांच जनवरी को भेजा है। केंद्रीय पर्यटन मंत्री इस प्रस्ताव पर शीघ्र स्वीकृति प्रदान करें। उल्लेखनीय है कि गोमिया विधायक डॉ लंबोदर महतो एशिया महादेश का सबसे बड़ा तेनुघाट डैम को पतरातू डैम की भांति पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने की आवाज को जहां सदन में जोरदार तरीके से उठाये वहीं सदन के बाहर भी मुखर बने रहें। यही नहीं राजभवन जाकर राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन से मिलकर भी तेनुघाट डैम में पर्यटन की असीम संभावनाओं से उन्हें अवगत कराते हुए उनसे भी तेनुघाट डैम को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने को लेकर राज्य सरकार को आवश्यक निर्देश देने का आग्रह किया था।

## गोल्फ ग्राउंड में 17 को सामूहिक विवाह, 101 जोड़े लेंगे सात फेरे



**सर्वधर्म सामूहिक विवाह समिति ने उठाया बीड़ा, तैयारी को अंतिम रूप देने को लेकर बैठक**

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** सर्व धर्म सामुहिक विवाह समिति के सदस्य एवं महिला विंग की सदस्यों ने 17 जनवरी को 101 जोड़े के सामूहिक विवाह की तैयारी को अंतिम रूप देने के लिए रविवार को बैठक की। जिसमें समिति के अध्यक्ष प्रदीप कुमार सिंह ने बताया कि सामूहिक विवाह में किसी भी प्रकार की कोई कमी न हो इसे लेकर सर्व धर्म सामूहिक विवाह समिति के सभी सदस्यों के साथ बैठक कर उनके दायित्व संभालने को लेकर चर्चा की गई। अध्यक्ष प्रदीप सिंह ने धनबाद के सभी संस्थाओं के सदस्यों से आग्रह किया है वह इस विवाह में सादर आमंत्रित हैं। उन्होंने कहा कि बारात एवं शरात के लिए लगभग दस हजार लोगों के खाने की व्यवस्था की तैयारी की जा रही है। जय माल के लिए लगभग 200/30 का मंच धनबाद के मशहूर टेंट श्याम डेकोरेटर्स द्वारा तैयार की जा रही है। लगभग 10 हजार कुर्सी लगाएं जा रहे हैं। विवाह से संबंधित कार्य गायत्री परिवार की ओर से किया जा रहा हैं। मुस्लिम निकाह की व्यवस्था जामा मस्जिद पुरानी बाजार द्वारा की जा रही है। मंच पर दुल्हन और दुल्हे को तैयार करने से लेकर उनके जयमाल की जिम्मेदारी महिला विंग के सदस्यों द्वारा किए जाएंगे। वहीं शादी के जोड़ों को विवाह के उपरांत घर बसाने की जरूरत की सामग्री दी जाएगी। बारात निकालने की जिम्मेदारी पुरानी बाजार के नव जवान समिति को दिया गया हैं। बैठक में सामूहिक विवाह समिति के सभी पदाधिकारी महोदय एवं सदस्यों के अलावा महिला विंग की सभी सदस्य उपस्थित थे।

## फरार आरोपी गिरफ्तार, भेजा गया जेल

**कतरास (आजाद सिपाही)।** जोगता पुलिस ने रविवार को कांड संख्या 30/23 में फरार चल रहे आरोपी मोहम्मद अमजद और विक्की सिंह को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की। दोनों आरोपितों को जेल भेज दिया। बतातें चलें कि जोगता थाना क्षेत्र अंतर्गत सिजुआ 10 नंबर मोड़ साइडिंग के नजदीक अवैध कोयला कारोबार में वर्चस्व को लेकर विगत 10 सितंबर को जमकर मारपीट हुई थी। इस दौरान अवैध कोयला कारोबार से जुड़े तस्करों ने अंधाधुंध फायरिंग की थी। जिसमें स्थानीय युवक साहिल खान की गोली लगने से मौत हो गई थी। वहीं अन्य दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए थे। घटना के बाद मृतक की मां ने जोगता पुलिस को लिखित शिकायत देकर मोहम्मद अमजद और बिक्की सिंह पर अपने बेटे को गोली मारकर हत्या करने का आरोप लगाया था।

## झरिया विधायक ने पटना साहिब यात्रियों के जत्थे को बस से किया रवाना

आजाद सिपाही संवाददाता




**धनबाद।** झरिया विधायक पूर्णिमा नीरज सिंह ने 14 जनवरी को अपने खर्चे पर पटना साहिब के लिए धनबाद से तीर्थ यात्रियों के जत्थे को बस से रवाना किया। जत्थे में 40 तीर्थ यात्री पटना साहिब प्रकाश पर्व में शामिल होने जा रहे है। इस बाबत पूर्णिमा नीरज सिंह ने बताया कि विगत दिनों सिख समुदाय के कुछ प्रतिनिधि ने मुलाकात कर तीर्थ यात्रियों को 17 जनवरी को गुरु गोबिंद सिंह के 357 वें प्रकाश पर्व के उपलक्ष्य में उनके जन्म स्थान और सिखों के पांच तख्तों में से तख्त श्री हरमंदिर साहिब पटना जाने व आने के लिए निजी अथवा सरकारी मदद पहुंचाने का आग्रह किया था। इस संदर्भ में आज हमने खुद के खर्चे पर तीर्थ यात्रियों के लिए बस की व्यवस्था प्रदान की और पटना साहिब के लिए सिख समुदाय के जत्थे को रवाना किया। उन्होंने कहा कि सरकारी व्यवस्था में काफी समय लग सकता था। समय के अभाव को देखते हुए हमने यह सुविधा प्रदान किया। कहा कि संगत की सेवा का अवसर पाना सौभाग्य की बात है। वहीं विधायक द्वारा किये गए इस कार्य की सिख संगत ने सराहना की और धनबाद उनके आवास पहुंच कर उनका आभार व्यक्त किया। इस मौके पर संगत में सुखविंदर सिंह, हरेंद्र सिंह, गुरुचरण सिंह, सत्ती सिंह, संतोख कौर, गुरप्रीत कौर, हरभजन कौर, हरजीत कौर, बेबी कौर, सेली कौर और सुखी कौर मौजूद थे।

### मकर संक्रांति पर जलेश्वर महतो ने दिया दही-चूड़ा खाने का न्योता

# धनबाद की जनता भारत जोड़ो न्याय यात्रा को बनायेगी ऐतिहासिक: जलेश्वर महतो

**दिया स्थानीय को उम्मीदवार बनाने पर पार्टी की ओर से विचार किए जाने का संकेत**

आजाद सिपाही संवाददाता



**महुदा।** पूर्व मंत्री सह प्रदेश कांग्रेस कार्यकारी अध्यक्ष जलेश्वर महतो ने मकर संक्रांति पर्व पर रविवार को स्थानीय पत्रकारों सहित अपने सभी कार्यकर्ताओं को कार्यक्रम आयोजित कर दही-चुड़ा खाने का निमंत्रण दिया। वहीं लोगों के साथ मिलकर दही चुड़ा, तिलकुट भी खाया। इस दौरान जलेश्वर महतो ने सभी को नव वर्ष और मकर संक्रांति की शुभकामना दी। अपने सभी कार्यकर्ताओं के वाहनों में भारत जोड़ो न्याय यात्रा का स्टीकर अपने हांथो से लगाया। इस क्रम में उन्होनें राहुल गंधी के नेतृत्व में आयोजित भारत जोड़ो न्याय यात्रा के आरंभ होने और राज्य में धनबाद-कपुरिया होते बोकारो जाने पर सभी लोगों से अपील करते हुए लाखों की संख्या में समर्थन देकर ऐतिहासिक बनाने की अपील की। उन्होंने कार्यकर्ताओं को रैली के स्टीकर देकर विदा किया। कहा कि कांग्रेस द्वारा आयोजित भारत जोड़ो न्याय यात्रा रूपी रैली न्याय का हक मिलने तक जारी रहेगा। मकर संक्रांति पर्व पर आयोजित कार्यक्रम में आगामी लोक सभा चुनाव के मद्देनजर राजनैतिक सुगबुगाहट देखी गयी। रवि महतो स्मारक उच्च विद्यालय में आयोजित मकर संक्रांति पर्व के अवसर पर चुड़ा-दही व तिलकूट भोज कार्यक्रम में जलेश्वर महतो ने भगवान सूर्य के उत्तरायण होने पर शुभकारी समय बताते हुए क्षेत्र के सभी लोगों की मंगल कामना की। इस बीच धनबाद लोकसभा सीट से लड़ने की अपनी नयी राजनैतिक यात्रा के भी खुले संकेत दे गये। कहा कि कांग्रेस इकाई इस बार धनबाद सीट के लिये स्थानीय उम्मीदवारी पर विचार कर रही है, उम्मीद है निर्णय अनुकूल होगा। धनबाद लोक सभा सीट पर वर्ष 1952 से लेकर आज तक कोई भी स्थानीय सांसद नहीं बना है। कहा कि पार्टी इस बार जन भावनाओं के अनुकूल गंभीरता से विचार कर रही है। वो धनबाद से चुनाव लड़ने को तैयार है।

## महत्वपूर्ण न्यूज

### कुमार अमित ने घर-घर जाकर किया अयोध्या से आये अक्षत का वितरण



**बोकारो (आजाद सिपाही)।** भाजपा के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य कुमार अमित ने बोकारो के सेक्टर-तीन में घर-घर जाकर लोगों के बीच अयोध्या से आए पूजित अक्षत और निमंत्रण का वितरण किया। इस अवसर पर कुमार अमित ने लोगों से आगामी 22 जनवरी को अयोध्या में भव्य श्री राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा के दिन हर घर में दीया जलाकर दीपावली मनाने और प्राण प्रतिष्ठा के बाद अयोध्या जाकर रामलला का दर्शन करने का भी आग्रह किया। कुमार अमित ने लोगों से कहा कि अयोध्या का भव्य राम मंदिर देश के धार्मिक और आध्यात्मिक केंद्र के साथ-साथ समाजिक सद्भाव और समरसता का भी केंद्र होगा। वहां प्राण प्रतिष्ठा होने से देश में सामाजिक समरसता और सद्भाव बढ़ेगा। यह देश के लिए ऐतिहासिक दिन है। देश वासियों के 500 वर्ष की तपस्या इस प्राण प्रतिष्ठा से पूर्ण होने जा रहा है। अक्षत वितरण में रतन महतो, अतुल सिंह, हरिओम, कुमार राहुल, अनील कुमार, राजीव सिंह, विशाल गौतम, कालीकांत तिवारी, मुकुंद मिश्रा अमन, रीशु, निमाई, रोहीत आदि थे।

### हर घर राममयी दिखे, घर-घर मने दीपावली: राजीव



**धनसार (आजाद सिपाही)।** अयोध्या स्थित मयार्दा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम के मंदिर से पूजित अक्षत व आमंत्रण पत्र का वितरण धनसार नगर के बस्ताकोला के विभिन्न क्षेत्रों में किया गया। जिसका नेतृत्व बस्ताकोला मंडल के उपाध्यक्ष रामदेव शर्मा ने किया। इस दौरान मंडल अध्यक्ष संतोष शर्मा, बप्पी बाउरी, प्रतिमा गिरी, सरिता सिंह, रंजीत दास, चिंटु शर्मा आदि उपस्थित थे। इधर, मांझी बस्ती एवं ऐना कोलियरी में भी अक्षत व निमंत्रण बांटा गया। मुख्य रूप से आरएसएस के सह प्रांत प्रचारक राजीव कांत उपस्थित थे। उन्होंने कहा कि राम मंदिर भारतीयों के लिए गौरव का क्षण है। 22 जनवरी को प्रत्येक घर में दिवाली की तरह सजनी चाहिए। हर गली की मंदिर दीप प्रज्ज्वलित करना है। घरों को राम-राम का चित्र लगाना है। इस दौरान संजय तिवारी, बप्पी बाउरी, मनोज आर्य, राहुल कुमार, मोनू कुमार थे।

### मकर संक्रांति पर दो दिवसीय तुलादान का आयोजन




**धनसार (आजाद सिपाही)।** मकर संक्रांति के शुभ अवसर पर बस्ताकोला गोशाला में दो दिवसीय तुलादान का आयोजन किया गया। मान्यता है कि शरीर के बराबर वजन के खाद्य सामग्री गौ माता को दान करने से सभी कष्टों का निवारण होता है। तुलादान में गोशाला परिसर में 40 भक्तों ने तुलादान किया। तुलादान में गुड़, चोकर,मूंग, कोटा हरा चारा दान करते हैं। दूसरे दिन सोमवार को भी तुला दान का कार्यक्रम किया जायगा। मौके पर बस्ताकोला गोशाला कमेटी के अध्यक्ष महेंद्र कुमार अग्रवाल, सचिव मुरलीधर पोद्दार, द्वारका प्रसाद गोयंका, रामप्रसाद कटेसरिया, सत्यनारायण भोजगढ़िया, अनिल खेमका, शारदानंद सिंह, अशोक सराफ, बृजमोहन अग्रवाल, जगदीश तुलस्यान, प्रकाश शर्मा, रमेश रिटोलीया, नवीन कटेसरिया और पवन मित्तल सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

### ठंड में राहत पहुंचाने को ग्रामीणों के बीच कंबल वितरित



**धनबाद (आजाद सिपाही)।** कड़कड़ाती ठंड में जरूरतमंदों को राहत पहुंचाने के लिए समाजसेवी रंजीत कुमार महतो के प्रयास और सरायढेला चेंबर आफ कॉमर्स धनबाद के सौजन्य से रविवार को गर्म कपड़े और कंबल का वितरण किया गया। धनबाद जिले के गोविंदपुर प्रखंड अंतर्गत मरिचो पंचायत के बेहराडीह, भोलमारा, डिग्री पंजनियां, घनुवाडीह, ताराजोरी आदि ग्रामीणों के बीच इस ठंड से बचाव के लिए जरूरतमंद, बुजुर्ग व दिव्यांगजनों के बीच लगभग 200 कंबल और गर्म कपड़ों का निःशुल्क वितरण किया गया। इस सराहनीय कार्य के लिए सभी मरिचो पंचायत के ग्रामीणों ने सरायढेला चेंबर आफ कॉमर्स धनबाद के जिला अध्यक्ष शिव आशिष पांडेय, सचिव आशुतोष कुमार ओझा, कोषाध्यक्ष कालीचरण प्रसाद, श्रवण सिन्हा, संजय विश्वकर्मा, संजय सोनी, चंद्रभूषण प्रसाद, विजेंद्र कुमार सिंह, बरवाअड्डा थाना क्षेत्र के डीएसपी अमर कुमार पांडेय, बरवाअड्डा थाना प्रभारी विक्रम कुमार सिंह का आभार व्यक्त किया। वहीं समाज सेवी रंजीत कुमार महतो और चेंबर के सदस्यों ने आगे भी ग्रामीणों के बीच ऐसी हर संभव मदद की हामी भरी। कहा कि यह कार्यक्रम जिले के अन्य ग्रामीण क्षेत्रों में भी किया जाएगा।

### आंगनबाड़ी में वृद्धा ने बांटे चूड़ा तिलकुट और कंबल



**कतरास (आजाद सिपाही)।** अंगार पथरा निवासी शकुंतला देवी (65) नामक वृद्धा की ओर से रविवार को मकर संक्रांति के अवसर पर अंगार पथरा लोडिंग धौड़ा स्थित आंगनबाड़ी केंद्र में जीवन ज्योति आश्रम के जरूरतमंदों के बीच चूड़ा गुड़, तिलकुट और गर्म कपड़ों आदि का वितरण किया गया। कहा कि इन दिनों ठंड का प्रकोप बहुत ज्यादा बढ़ गया है, जिसमें गरीब और पिछड़ी तबके के लोगों को ज्यादा परेशानी हो रही है। इसे देखते हुए कंबल व भोजन सामग्रियों का वितरण किया गया। मौके पर सेविका लवली देवी, दीपक पासवान, पीयूष राज, ध्रुव राज, अनामिका कुमारी पासवान आदि मौजूद थे।

# 'वाइब्रेंट गुजरात समिट' ने पूरे देश की अर्थव्यवस्था को मजबूत किया है : शाह

जब मोदी ने प्रधानमंत्री पद का भार संभाला तब दुनिया की तालिका में भारत की अर्थव्यवस्था 11वें नंबर पर थी और आज मात्र एक दशक के अंदर भारत पांचवें नंबर की अर्थव्यवस्था बन चुका है।



आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** केंद्रीय गृह और सहकारिता मंत्री अमित शाह ने गुजरात में वाइब्रेंट गुजरात समिट के समापन सत्र समारोह को संबोधित किया। इस मौके पर शाह ने स्पष्ट किया कि, आइडिया, इनोवेशन और इन्वेस्टमेंट के जरिए 'वाइब्रेंट गुजरात समिट' ने गुजरात के साथ-साथ पूरे देश की अर्थव्यवस्था को मजबूत किया है।

दो दशक पहले मोदी जी ने वाइब्रेंट गुजरात की परिकल्पना रखी थी और नतीजा आज देश के सामने है। ढेर सारी चीजों में गुणात्मक परिवर्तन आया है। आज का यह समापन सत्र अमृतकाल में संकल्प से सिद्धि के मार्ग को प्रशस्त करने वाला साबित हुआ। आत्मनिर्भर और पूर्ण विकसित भारत के निर्माण में वाइब्रेंट गुजरात समिट की भूमिका अहम साबित होने वाली है। दशकों तक मोदी-शाह की जोड़ी ने गुजरात में रहकर गुजरात मॉडल को विकसित करने का काम किया। गुजरात मॉडल को देखते हुए देश की जनता ने मोदी जी को पूरे देश का नेतृत्व सौंप दिया। वर्तमान में मोदी जी प्रधानमंत्री तो अमित शाह केंद्रीय गृह मंत्री के पदभार को बखूबी संभाल रहे हैं। आज पूरी दुनिया में उत्पादन और इंवेस्टमेंट के लिए सबसे चहेता डेस्टिनेशन भारत और भारत के अंदर सबसे चहेता डेस्टिनेशन गुजरात है। जब मोदी ने प्रधानमंत्री पद का भार संभाला तब दुनिया की तालिका में भारत की अर्थव्यवस्था 11वें नंबर पर थी और आज मात्र एक दशक के अंदर भारत पांचवें नंबर की अर्थव्यवस्था बन चुका है। आने वाले समय में यह दावा सही साबित होने वाला है कि भारत जल्द ही तीसरे नंबर की अर्थव्यवस्था बनकर दुनिया के सामने गौरव के साथ खड़ा होगा। मोदी जी के नेतृत्व और अमित शाह के कुशल मार्गदर्शन में ह्यवाइब्रेंट गुजरात समिट ने आइडिया और इनोवेशन को प्लेटफॉर्म देकर इंवेस्टमेंट को धरती पर उतारने का काम किया है, जिससे ना केवल गुजरात बल्कि पूरे देश के अर्थतंत्र को फायदा हुआ है। नतीजतन, इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट के लिए देश के कई राज्यों ने वाइब्रेंट गुजरात के मॉडल को अपनाया है। मांडल बेचराजी आज ऑटोमोबाइल का सबसे बड़ा हब बन चुका है। रसायन और पेट्रोकेमिकल के मैन्यूफैक्चरिंग के लिए दहेज भारत का पहला निवेश क्षेत्र बन चुका है। पीएम मित्र पार्क, सूरत और मैसाना में मेगा फूड पार्क, भरूच में बल्क ड्रग पार्क, राजकोट में मेडिकल डिवाइस पार्क, वडोदरा में बायो टेक्नोलॉजी पार्क, राजकोट और बनासकांठा में एग्रो पार्क और वलसाड में सी फूड पार्क ने गुजरात के अंदर निवेश की सारी संभावनाओं को उद्योग जगत के सामने रखा है। मोदी जी ने गुजरात को पॉलिसी ड्रिवन स्टेट बनाया, आज दुनिया भर के निवेशक मोदी जी की बनाई हुई नीतियों से आकर्षित होकर गुजरात में निवेश कर रहे हैं। ऐसा लगता है कि विकसित भारत का गेटवे गुजरात से ही होकर गुजर रहा है। गुजरात की राजनीति से केंद्र की सत्ता तक का सफर तय करने वाले मोदी और शाह की जोड़ी ने जिस तरह से देश के आर्थिक विकास को रफ्तार दी है और भारत को एक नयी पहचान दी है, यह कहना गलत नहीं होगा कि जहां 2024 में मोदी जी का प्रधानमंत्री बनना तय है, वहीं राजनीति के चाणक्य शाह का दबदबा भी बरकरार है।

# भाजपा के वरिष्ठ नेता लक्ष्मण सिंह ने किया पांडेयडीह पंचायत का दौरा

आजाद सिपाही संवाददाता



लोगों को भाजपा में शामिल कराते भाजपा नेता सह पूर्व आइजी लक्ष्मण प्रसाद सिंह।

**धनवार गिरिडीह।** भाजपा के वरिष्ठ नेता सह पूर्व आइजी लक्ष्मण प्रसाद सिंह ने रविवार को पांडेयडीह पंचायत के दरियाडीह गांव में बैठक की। इसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यों से संतुष्ट होकर दरियाडीह गांव के दर्जनों माले कार्यकर्ता भाजपा के क्रियाकलाप से संतुष्ट होकर श्री सिंह के नेतृत्व में भाजपा में शामिल हुए। भाजपा नेता सह पूर्व आइजी लक्ष्मण प्रसाद सिंह ने सभी को माला पहनाकर भाजपा में शामिल होने पर उनका स्वागत किया और हर सुख-दुख में साथ रहने की बात कही। इस कार्यक्रम में लक्ष्मण प्रसाद सिंह के साथ पूर्व भाजपा जिला अध्यक्ष सुनील अग्रवाल, जिला परिषद प्रतिनिधि उदय सिंह, सुबोध कुमार राय, श्रीकांत सिंह, पवन सिंह, अमर कुमार सिंह, उमेश सिंह, सहित सैकड़ो कार्यकर्ता उपस्थित थे। भाजपा में शामिल होने वाले प्रमुख लोगों में पूर्व पंचायत समिति सदस्य शकुनी देवी, तिलक रविदास, खूब लाल रविदास, राजू रविदास, राजकुमार पासवान, पुनीत रविदास, महेंद्र पासवान, डालो दास, पोखन दास, मुकेश दास, दामोदर दास, ठाकुर मणी रविदास, सीताराम दास, चंदन दास सहित दर्जनों लोग शामिल हैं। इसी क्रम में श्री सिंह मनसाडीह मंडल के झांझ गांव पहुंच कर भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ कार्यकर्ता भागीरथ विश्वकर्मा की आकस्मिक मौत पर दुख जताया और शोक संतप्त परिवार से मिल कर दुख में साथ रहने का वादा किया।

# रेल मंत्री ने गोपीनाथपुर नीलगिरि-बालेश्वर नयी मेमू ट्रेन सेवा को हरी झंडी दिखायी



आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** भारत सरकार के रेल, संचार, इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने शनिवार को गोपीनाथपुर नीलगिरी रेलवे स्टेशन पर आयोजित एक रंगारंग समारोह में गोपीनाथपुर नीलगिरी-बालेश्वर नयी मेमू ट्रेन सेवा को झंडी दिखाकर रवाना किया और नयी बालेश्वर-गोपीनाथपुर नीलगिरी यात्री लाइन को राष्ट्र को समर्पित किया। रेल मंत्री ने बालेश्वर तक पहली बार यात्री ट्रेन संपर्क प्राप्त करने के लिए गोपीनाथपुर नीलगिरी के स्थानीय लोगों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि ओड़िशा राज्य में रेलवे नेटवर्क का विस्तार करने के लिए भारतीय रेलवे ने क्षेत्र के लिए नये स्टेशन भवन, नयी यात्री लाइन और नयी मेमू सेवा की प्रतिबद्धता को पूरा किया है। गोपीनाथपुर नीलगिरी में आयोजित उद्घाटन समारोह में माननीय सांसद प्रताप चंद्र षड़ंगी और माननीय विधायक सुकांत कुमार नायक उपस्थित थे। इस रूट पर प्रतिदिन तीन जोड़ी मेमू ट्रेनें चलेंगी। मेमू ट्रेनों का नियमित परिचालन 14.01 से शुरू होगा और सभी मेमू ट्रेनें रास्ते में सुतेई बड़गांव स्टेशन पर रुकेंगी। बाद में, बेतनटी स्टेशन पर आयोजित एक समारोह में, माननीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बेतनटी स्टेशन पर सबवे की आधारशिला रखी। सबवे का निर्माण अधिक यात्री सुविधाएं प्रदान करने के एक हिस्से के रूप में किया जायेगा। यह यात्रियों के सुचारू प्रवेश और निकास और स्थानीय लोगों की मुक्त आवाजाही सुनिश्चित करेगा। उन्होंने बेटनोटी स्टेशन पर नये पीआरएस काउंटर का भी उद्घाटन किया। नया खोला गया पीआरएस काउंटर स्थानीय निवासियों के लिए सुविधाजनक और समय बचाने वाली टिकट बुकिंग सुविधा प्रदान करेगा।

बेतनटी में आयोजित समारोह के दौरान बिश्वेश्वर टुडू केंद्रीय जल शक्ति और जनजातीय मामलों के राज्य मंत्री, प्रताप चंद्र षड़ंगी सांसद और सनातन बिजुली विधायक उपस्थित थे। दक्षिण पूर्व रेलवे के महाप्रबंधक अनिल कुमार मिश्र ने गोपीनाथपुर नीलगिरी और बेतनटी में आयोजित दोनों कार्यक्रमों में रेल मंत्री और अन्य अतिथियों का स्वागत किया। इन कार्यक्रमों में खड़गपुर के मंडल रेल प्रबंधक के आर चौधरी और दक्षिण पूर्व रेलवे के अन्य प्रधान अधिकारी भी उपस्थित थे।




# ओड़िशा में भ्रष्ट जनता दल का शासन है : मनोज महापात्र

## लोकल फंड ऑडिट से स्पष्ट है कि राज्य में 50 प्रतिशत पीसी सरकार चल रही है

- कोविड के दौरान 40 हजार करोड़ का दुर्निती



आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने कहा था कि ओड़िशा में 50 प्रतिशत पीसी ट्रांजेक्शन हो रहा है, यह आज सरकार की ऑडिट रिपोर्ट से स्पष्ट हो गया है। ओड़िशा की सत्ता पर रह कर बीजू जनता दल लूटपाट के चरम पर पहुंच गया है। मुख्यमंत्री और उनकी टीम हमेशा साढ़े चार करोड़ उड़िया वासियों के आशीर्वाद से ओड़िशा की सेवा करने का ढिंढोरा पीटती रहती है, लेकिन हकीकत में साढ़े चार करोड़ लोगों को किस तरह से लूटा गया है, इसका खुलासा ऑडिट रिपोर्ट से हो गया है। मुख्यमंत्री ने ओड़िशा को परिवर्तन कर के एक नये युग में बदल दिया है। हकीकत बिल्कुल अलग है। राज्य प्रवक्ता मनोज महापात्र ने कहा, बिजेडी ने अपने 24 साल के शासन के दौरान जो भ्रष्टाचार किया है उसकी कल्पना करना असंभव है। प्रदेश कार्यालय में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में महापात्र ने कहा, "2020-22 में जब राज्य कोरोना से लड़ रहा था, तब बिजेडी राज्य का खजाना लूट रही थी।" बीजेपी ऐसा कुछ नहीं कह रही है बल्कि सरकार के 2020-21 और 2021-22 के लोकल फंड ऑडिट से ये जानकारी सामने आई है। राज्य सरकार 2020-21 और 2021-22 की ऑडिट रिपोर्ट छिपाती है और उसकी वेबसाइट पर सारी जानकारी नहीं है। ओड़िशा में 314 ब्लॉक, 6798 गांव, 5 नगर निगम, 47 नगर पालिका, एनएसी में खर्च किए गये 40 हजार करोड़ रुपये का कोई 'यूसी' नहीं है। भ्रष्टाचार व अनियमितता के कारण प्रखंड कर्मियों के खिलाफ 400 रुपये से अधिक की शिकायत हो चुकी है, लेकिन सरकार जुमार्ना नहीं भर रही है। बिजेडी सरकार भ्रष्टाचार के पहाड़ पर खड़ी है। हर ब्लॉक में 100 करोड़ से ज्यादा की लूट हुई है। बिजेडी सरकार में वीडियो से लेकर क्लर्क तक सभी घोटाले में शामिल हैं। 250 ब्लॉकों पर 16 हजार 483 करोड़ रुपये क्या खर्च किये गये, इसका कोई हिसाब नहीं है। इसी प्रकार 21 लाख 37 हजार विधवा एवं वृद्धावस्था भत्ता खा गये हैं। बीजू जनता दल सरकार ने ओडिशा में 40,000 करोड़ रुपये का घोटाला किया है। महापात्र ने मांग की कि बिजेडी को लोगों को जवाब देना चाहिए कि गरीबों को तुरंत 40,000 करोड़ रुपये कैसे मिलेंगे। बरी, जाजपुर, दशरथपुर, बिंझारपुर, बड़चना, बालेश्वर, तिरतोल, पिपिली, धामनगर, चांदबाली, पद्मपुर, बीजेपुर सभी ब्लॉकों में लूट हुई है। इसी तरह मुख्यमंत्री के निर्वाचन क्षेत्र हिंजिली ब्लॉक में 2 करोड़ 61 लाख रुपये की अनियमितता की गयी है। इसके अलावा, ऑडिट में यह भी पाया गया कि आवास योजना को ठीक से लागू नहीं किया गया था। नौकरी दिलाने के नाम पर बरी के एक शिक्षक ने शंख भवन में नेताओं के साथ फोटो दिखाकर 3 करोड़ रुपए ऐंठ लिए। ओड़िशा में भ्रष्ट जनता दल की सरकार चल रही है। महापात्र ने कहा कि भाजपा इस मुद्दे को लेकर हर पंचायत और ब्लॉक में जनता के बीच जायेगी। इस प्रेस वार्ता में प्रदेश मीडिया समन्वयक सुजीत कुमार दास, संजय रथ प्रमुख रूप से उपस्थित थे।










# बैंक ऑफ बड़ौदा, कटक क्षेत्र में कार्यक्रम का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता



**भुवनेश्वर।** विश्व हिंदी दिवस के अवसर पर, बैंक ऑफ बड़ौदा, कटक क्षेत्र द्वारा विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। क्षेत्रीय प्रमुख कटक क्षेत्र रणजीत कुमार की अध्यक्षता में, कटक क्षेत्र के शाखा प्रमुखों और, राजभाषा ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में 30 शाखा प्रमुख उपस्थित रहे। इस अवसर पर तिमाही के दौरान, श्रेष्ठ राजभाषा कार्यान्वयन हेतु, ढेंकनाल, पतराजपुर एवं इफको पारादीप शाखाओं के शाखा प्रमुखों को भी क्षेत्रीय प्रमुख और उपक्षेत्रीय प्रमुख द्वारा सम्मानित किया गया। गुरुवार को उपक्षेत्रीय प्रमुख, कटक क्षेत्र, संग्राम जीपी बेहेरा की अध्यक्षता एवं रेवेन्शा विश्वविद्यालय, कटक के हिन्दी विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ अंजुमन आरा के संयोजन में, बैंक ऑफ बड़ौदा, कटक क्षेत्र द्वारा, रेवेन्शा विश्वविद्यालय, कटक के विद्यार्थियों हेतु हिन्दी भाषा का महत्व और उपयोगिता विषय पर हिंदी व्याख्यान प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में 32 प्रतिभागी उपस्थित रहे। प्रतियोगिता हेतु पुरस्कार वितरण विश्वविद्यालय परिसर में यथा शीघ्र किया जायेगा। बैंक ऑफ बड़ोदा कटक क्षेत्र की राजभाषा अधिकारी द्वारा अवगत कराया गया कि विश्व हिंदी दिवस के अवसर पर, बैंक ऑफ बड़ौदा द्वारा अखिल भारतीय स्तर पर विभिन्न कार्यक्रमों किया जा रहा है, इसी क्रम में इन कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

इनके साथ ही कटक क्षेत्र के अंतर्गत, बैंक की विभिन्न शाखाओं द्वारा भी शैक्षणिक संस्थानों में कार्यक्रम आयोजित किया जा रहे हैं।







आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित।
**संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**